* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

09 दिसंबर, 2022
पौष, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 51

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

डिंपल यादव ने रचा नया कीर्तिमान, रिकॉर्ड 2.88 लाख वोटों से जीत कर मैनपुरी से बनीं पहली महिला सांसद



# गुजरात में मोदी की प्रचंड आंधी, हिमाचल से कांग्रेस में जगी उम्मीद

## आम आदमी पार्टी उपस्थिति दर्ज करा कर बनी राष्ट्रीय पार्टी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। गुजरात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुनामी रही। उनका जादू एक बार फिर सिर चढ़ कर बोला। भाजपा ने पिछले सारी रिकार्ड को ध्वस्त कर बहुमत हासिल कर ली है। वहीं, हिमाचल प्रदेश ने कांग्रेस को संजीवनी दे दी है। यहां भाजपा के साथ कांटे की टक्कर मानी जा रही थी। इसके बावजूद कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए बहुमत हासिल कर ली है। इन सबके बीच गुजरात में आम आदमी पार्टी (आप) ने पांच सीट लाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कर दी है। साथ ही वह वोट मानक को पूरा करते हुए राष्ट्रीय पार्टी बन गयी है।

**भाजपा ने बनाया नया रिकार्ड :** गुजरात में भाजपा ने 156 सीटों के साथ जीत का नया रिकॉर्ड बना दिया है। कांग्रेस ने 1985 में माधव सिंह सोलंकी की अगुआई में 149 विधानसभा सीटें जीती थीं। वहीं, नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री रहते भाजपा ने 2002 के चुनाव में 127 सीटें जीती थीं। इस जीत के साथ भाजपा ने दोनों रिकॉर्ड तोड़ दिये हैं। गुजरात की 182 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 156 सीटें जीती हैं। उसे 2017 के मुकाबले 58 सीटों का फायदा हुआ है। वहीं, कांग्रेस को सबसे ज्यादा 60 सीटों का नुकसान हुआ है। पार्टी ने पिछली बार 77 सीटें जीती थीं। इस बार उसे 17 सीटें ही मिली हैं। आप गुजरात में पांच सीटें जीत सकी है। वहीं निर्दलीयों ने चार सीटें जीती हैं। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल 12 दिसंबर को गांधीनगर में विधानसभा के पीछे हेलीपैड मैदान में शपथ लेंगे।

**हिमाचल में कांग्रेस को बहुमत :** हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में एक बार फिर जनता ने रिवाज कायम रखते हुए राज बदल दिया है। यानी, हर चुनाव की तरह इस बार भी सत्ता बदली है। कांग्रेस ने बहुमत के लिए जरूरी 35 सीटों का आंकड़ा पार करते हुए 40 सीटों पर कब्जा जमाया। भाजपा 25 सीटों पर सिमट गयी। उसे 2017 के मुकाबले 19 सीटों का नुकसान हुआ। तीन सीटों पर निर्दलीयों ने जीत दर्ज की है। यहां आप अपना खाता नहीं खोल पायी। कांग्रेस में मुख्यमंत्री चुनने के लिए मंथन जारी है। वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह रेस में आगे हैं।



**गुजरात : 182 बहुमत : 92**

| पार्टी | आगे | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 0 | 156 | 156 (+57) |
| कांग्रेस | 0 | 17 | 17 (-60) |
| आप | 0 | 5 | 5 (+5) |
| एनसीपी | 0 | 0 | 0 (0) |
| अन्य | 0 | 4 | 4 (-2) |



**हिमाचल : 68 बहुमत : 35**

| पार्टी | 2022 | वोट% | 2017 |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 25 (-19) | 42.9% | 44 |
| कांग्रेस | 40 (+19) | 43.9% | 21 |
| आप | 0 | (0) 1.1% | 0 |
| सीपीआइएम | 0 (0) | 0.6% | 0 |
| अन्य | 3 (0) | 10.3% | 3 |



'हिमाचल प्रदेश की जनता को इस निर्णायक जीत के लिए दिल से धन्यवाद। सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को हार्दिक बधाई। आपका परिश्रम और समर्पण इस विजय की शुभकामनाओं का असली हकदार है। फिर से आश्वस्त करता हूं, जनता को किया हर वादा जल्द से जल्द निभायेंगे।' - राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



'10 साल पहले आप एक छोटी सी पार्टी थी। अब दो राज्यों में इसकी सरकार है और यह एक राष्ट्रीय पार्टी बन गयी है। राष्ट्रीय पार्टी बनने पर आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और सभी देशवासियों को बधाई। राष्ट्रीय पार्टी बनाने में मदद करने के लिए गुजरात के लोगों का धन्यवाद।' - अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री दिल्ली

### आप बनी राष्ट्रीय पार्टी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल कर लिया है। राष्ट्रीय पार्टी के लिए आप को गुजरात या हिमाचल में 6% से ज्यादा वोट शेयर पाने की जरूरत थी। गुजरात में आप को करीब 13% वोट शेयर मिला है। किसी पार्टी को नेशनल पार्टी का दर्जा हासिल करने के लिए लोकसभा या विधानसभा चुनाव में चार राज्यों में 6% वोट हासिल करना जरूरी होता है। आप इससे पहले तीन राज्यों दिल्ली, पंजाब और गोवा में 6% से ज्यादा वोट शेयर हासिल कर चुकी है।

### उपचुनाव के नतीजे भी चौंकाने वाले

नयी दिल्ली। देश में छह विधानसभा और एक लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे भी चौंकाने वाले हैं। उत्तरप्रदेश की मैनपुरी लोकसभा सीट सपा उम्मीदवार डिंपल यादव ने जीत ली है। छत्तीसगढ़ भानुप्रतापपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार सावित्री मांडवी, उत्तरप्रदेश की रामपुर विधानसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार आकाश सक्सेना, बिहार की कुढ़नी सीट पर भाजपा उम्मीदवार केदार प्रसाद गुप्ता, यूपी की खतौली सीट पर रालोद उम्मीदवार मदन भैया और राजस्थान की सरदारशहर विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार अनिल के शर्मा ने जीत दर्ज की है। ओड़िशा की पदमपुर सीट पर बीजेडी उम्मीदवार बर्षा सिंह ने जीत दर्ज की है।

## प्रचंड जनादेश देकर गुजरात की जनता ने रचा नया इतिहास: मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** गुजरात में भाजपा लगातार 7वीं बार सरकार बना रही है। इस जीत के बाद जनता और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करने दिल्ली के भाजपा हेड ऑफिस में पीएम नरेंद्र मोदी भी पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनता जनार्दन के सामने नतमस्तक हूं, ये जनादेश अभिभूत करने वाला है। जहां भारतीय जनता पार्टी प्रत्यक्ष नहीं जीती, वहां भाजपा का वोट शेयर आपके स्नेह का साक्षी है। मैं गुजरात, हिमाचल और दिल्ली की जनता का आभार जताता हूं। आपका प्यार उपचुनावों में भी दिखा। यूपी के रामपुर में भाजपा जीती है। बिहार के चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन आने वाले दिनों का प्रदर्शन कर रहा है।

**गुजरात का प्यार अभूतपूर्व :** मोदी ने कहा कि चुनावों के दौरान मैंने गुजरात की जनता से कहा था, इस बार नरेंद्र का रिकॉर्ड टूटना चाहिए। मैंने वादा किया था कि भूपेंद्र नरेंद्र का रिकॉर्ड तोड़ें, इसके लिए मैं जी जान से कोशिश करूंगा। जनता ने गुजरात के इतिहास का सबसे प्रचंड जनादेश भाजपा को देकर नया इतिहास रच दिया है। ढाई दशक से लगातार सरकार में रहने के बावजूद ऐसा प्यार अभूतपूर्व है। लोगों ने जाति-वर्ग आदि विभाजन से ऊपर उठ कर भाजपा को वोट दिया।

**युवाओं ने हमारे काम पर भरोसा किया :** पीएम ने कहा कि इस चुनाव में वोट देने वाले एक करोड़ से भी ज्यादा ऐसे वोटर्स थे, जिन्होंने कांग्रेस का कुशासन नहीं देखा, सिर्फ भाजपा की ही सरकार देखी। युवा सवाल पूछना जानते हैं। युवा तभी वोट देते हैं, जब उन्हें भरोसा दिखता है, जब उन्हें काम दिखता है। युवाओं ने भाजपा को वोट देकर संदेश दिया है कि युवाओं ने हमारे काम को जांचा-परखा और उस पर भरोसा किया।

**युवा विकास वाली योजनाएं चाहते हैं :** पीएम मोदी बोले- युवा भाजपा की विकास वाली योजनाएं चाहते हैं। युवाओं को न जातिवाद चाहिए न परिवारवाद। युवाओं का दिल विजन और विकास से ही जीता जा सकता है। जब महामारी के घोर संकट के बीच बिहार में चुनाव हुए थे, तब जनता ने भाजपा को आशीर्वाद दिया।

**विकसित गुजरात से विकसित भारत का निर्माण :** उन्होंने कहा कि मैं बड़े-बड़े एक्सपर्ट को याद दिलाना चाहता हूं कि विकसित गुजरात से विकसित भारत का निर्माण। गुजरात के नतीजों ने सिद्ध कर दिया है कि देश के सामने जब कोई चुनौती होती है तो जनता का भरोसा भाजपा पर होता है। देश पर कोई संकट आता है तो जनता का भरोसा भाजपा पर होता है। देश बड़े लक्ष्य तय करता है तब जनता का भरोसा भाजपा पर होता है।

## मुख्यमंत्री की गढ़वा से खतियानी जोहार यात्रा शुरू

# 1932 खतियान और ओबीसी आरक्षण की कील का दर्द नहीं सह पा रहे विपक्षी: हेमंत

विजय प्रताप देव

**गढ़वा।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि 1932 का खतियान और ओबीसी आरक्षण की कील, जो हमारी सरकार ने विपक्षियों के सीने में ठोकी है, उसका दर्द उनसे नहीं सहा जा रहा है। यही कारण है कि विपक्षी हमारी सरकार को गिराने के लिए इडी और सीबीआइ का सहारा लेकर षड्यंत्र रच रहे हैं। हमारा गठबंधन कभी इनके षड्यंत्र को सफल नहीं होने देगा। मुख्यमंत्री गुरुवार को गढ़वा में खतियानी जोहार यात्रा को शुरू करने के मौके पर बोल रहे थे।





### दिल्ली और गुजरात से राज्य को लूटा

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 35-40 वर्षों के लंबे संघर्ष तथा आंदोलन में हजारों लोगों के द्वारा जान न्योछावर करने के बाद हमें झारखंड राज्य मिला। मगर झारखंड बनने के बाद 20 वर्षों से यहां की सत्ता झारखंड विरोधी ताकतों के हाथों में चली गयी। झारखंड की बागडोर वैसे लोगों के हाथ में चली गयी, जो झारखंड के विरोधी थे, जिन्होंने यहां के लोगों का शोषण किया। उन्होंने पिछले 20 साल तक इस राज्य को दिल्ली तथा गुजरात में बैठ कर लूटने का काम किया, जबकि यहां के मजदूर लाखों की संख्या में पलायन को विवश थे। क्योंकि जो सत्ता में थे, वह हाथी उड़ाने तथा सोने की थाली में बड़े-बड़े लोगों को खिलाने के काम में लगे थे।

### विषम परिस्थिति में बनी सरकार

हेमंत सोरेन ने कहा कि विषम परिस्थिति में 2019 में जब हमारी सरकार बनी, तो दो साल कोरोना के कारण परेशानी हुई। हमने हवाई जहाज से लेकर ट्रेनों तथा बसों से देश-विदेश से लाकर मजदूरों को सुरक्षित घर पहुंचाया। दीदी किचन के माध्यम से उन्हें भूखों मरने से बचाया। पिछले एक वर्ष से जब हम विकास करने लगे, तो विपक्षियों को पेट में दर्द होने लगा।

### मेरी छवि खराब करने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विरोधियों के हाथ में है। उसके माध्यम से मेरे ऊपर ऊल-जुलूल बयान देकर मेरी छवि को खराब किया जा रहा है। क्योंकि मेरे द्वारा जो आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों तथा कमजोर लोगों का विकास किया जा रहा है, वह इन्हें पच नहीं रहा है। मेरे ऊपर तरह-तरह के षड्यंत्र रच कर झूठा आरोप लगा कर दुष्प्रचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके ऊपर घोटाले का आरोप लगाया जाता है, जबकि विपक्षियों के शासन में झारखंड में बीज घोटाला, खेल घोटाला, खाद घोटाला जैसे कई घोटाले हुए हैं। हमारी सरकार की छवि खराब करने के लिए अनर्गल झूठा आरोप का सहारा लिया जा रहा है।

### उपलब्धियों को गिनाया

हेमंत सोरेन ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को भी गिनाया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के जरिये वृद्धों, विधवाओं तथा दिव्यांगों को पेंशन उपलब्ध कराने का काम किया। जेपीएससी के माध्यम से 250 अधिकारियों की नियुक्ति करायी। पारा शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, पुलिस के जवान अनुबंध कर्मी समेत पुरानी पेंशन की योजना लागू कर सभी लोगों के लिए जब बेहतर काम शुरू किया, तो विरोधियों की परेशानी और बढ़ गयी। लिहाजा वह तरह-तरह के षड्यंत्र रच रहे।

**सीएम के गढ़वा पहुंचने पर मंत्री, आयुक्त, डीआइजी, डीसी, एसपी ने किया स्वागत : देखें पेज 7**

# रामगढ़ विधायक ममता देवी दोषी करार, 12 को फैसला

**ममता देवी गयीं जेल, विधायकी भी जा सकती है**

**गोला में साल 2016 में गोलीकांड का मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** रामगढ़ विधायक ममता देवी को एमपी एमएलए कोर्ट ने गोला गोलीकांड में दोषी करार दिया है। उनकी सजा पर 12 दिसंबर को फैसला सुनाया जायेगा। मामले में फैसला आते ही ममता देवी समेत सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। उन्हें जेल भेज दिया गया है। ममता देवी को अगर तीन वर्ष से अधिक की सजा होती है, तो उनकी विधायकी चली जायेगी। जानकारी के अनुसार विधायक ममता देवी को गोला थाने में दर्ज कांड संख्या 65/2016 में दोषी करार दिया गया है। बता दें कि गोला गोलीकांड के एक मामले में बीते 30 अगस्त को ममता देवी समेत आठ को तीन-तीन माह की सजा सुनायी जा चुकी है। सरकार की तरफ से मुकदमे की पैरवी अधिवक्ता शंकर बनर्जी ने की।

**चार प्राथमिकी हुई थी दर्ज:** 20 अगस्त 2016 को रामगढ़ के गोला थाना क्षेत्र में स्थिति आइपीएल कंपनी को बंद कराने को लेकर ममता देवी के नेतृत्व में नागरिक चेतना मंच के बैनर तले 150-200 की संख्या में ग्रामीण धरना पर बैठे थे। धरना के दौरान अचानक ग्रामीण उग्र हो गये। आत्मरक्षार्थ और बचाव में पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी थी। इस घटना में कुछ लोगों की मौत और दो से तीन दर्जन लोग घायल हुए थे। सुरक्षा में बतौर मजिस्ट्रेट तैनात सीओ, बीडीओ और थानेदार सहित अन्य जवानों को भी चोटें आयी थीं। गोलीकांड को लेकर रजरप्पा और गोला थाना में चार अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

YBN UNIVERSITY
Established by the Jharkhand Act of 15, 2017 Gazette Notificaiton No. 505 dated 17th July 2017, Published by Govt. of Jharkhand as per Section 2(f) of UGC Act 1956
Rajaulatu, Namkum, Ranchi-834010
APPROVALS: Established under Jharkhand Govt. Act | Recognized under section 2 (f) of UGC Act. | NCTE App. by NCTE for Education Programme | App. by PCI New Delhi | App. by BCI for Law Programme | Indian Nursing Council | केन्द्रीय होम्योपैथी परिषद | Approved by Jharkhand Paramedical Council | Member of AIU
Cordially Invites the pleasure of Opening Ceremony of
NATIONAL CONFERENCE
On
Multidisciplinary Approaches December 2022
Emerging Trends in Research Innovations For Sustainable Growth (ETRISG 2022)
100 PLUS RENOUND SPEAKERS ACROSS INDIA
CONFERENCE TRACKS
Date : 9 Dec.- School of Science
Date : 10 Dec.- School of Pharmacy and Para Medicals
Date : 11 Dec.- School of Commerce & Management and School of Agriculture and Animal Husbandry
Date : 12 Dec.- School of Computer Science & IT and School of Engg. & Technology and School of Nursing
Date : 13 Dec. to 15 Dec.- School of Arts and Humanities
Date : 16 Dec.- School of Education and Maa Kalawati Homeopathic Medical College & Hospital
Organized By : YBN UNIVERSITY
Date : 09 Dec. to 16 Dec. 2022 | Time : 10:00 am to 04:30 pm
Venue : University Conference Hall YBN University Rajaulatu, Namkum, Ranchi, Jharkhand-10





Mob.: 9153882055, 9431104112, 7061261557, 8882451992
Helpline : ybnuniversity2017@gmail.com I Website : www.ybnu.ac.in

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 51,200 रु./10 ग्राम
चांदी 68,500 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# मोदी की सुनामी में बह गयी कांग्रेस

## हिमाचल प्रदेश की जीत ने कांग्रेस को दी संजीवनी : आप को मिला 35 लाख वोट, अब इग्नोर करना मुश्किल

**आजाद सिपाही विशेष**

गुजराती चेतना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्थायी प्रभाव ने भाजपा को राज्य विधानसभा चुनावों में किसी भी पार्टी के लिए संभवत: सबसे बड़ी जीत हासिल करने की राह पर ला खड़ा कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने महंगाई और स्थानीय नेतृत्व जैसे मुद्दों पर लोगों के कथित असंतोष को भी कम करने में सफलता हासिल की है। गुजरात में मोदी की सुनामी ऐसी आयी कि कांग्रेस वहां से लगभग साफ हो गयी। रही-सही कसर आम आदमी पार्टी ने पूरी कर दी। आप ने कांग्रेस की डूबती नैया में और छेद कर दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस 17 सीटों पर ही सिमट गयी। राज्य भर में अपने प्रचार अभियान के दौरान मोदी ने 31 जनसभाओं को संबोधित किया और तीन रोड शो का नेतृत्व किया। अपने गृह राज्य के विभिन्न क्षेत्रों का उन्होंने दौरा किया तथा मतदाताओं से आग्रह किया कि वे भूपेंद्र तोड़ो नरेंद्र के रिकॉर्ड में अपना योगदान दें। उनके यह कहने का आशय जनता को इस बात के लिए प्रोत्साहित करना था कि वे मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाली सरकार को, उनके नेतृत्व वाली 13 वर्षों तक की सरकार के दौरान मिली सीटों की तुलना में अधिक सीटों से जितायें। गुजरात के चुनाव परिणामों से स्पष्ट है कि मतदाताओं ने उनकी बात सुनी है। भाजपा ने 2002 में सर्वाधिक 127 सीटों पर जीत हासिल की थी। उस वक्त मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे। इसके बाद भाजपा कभी उस आंकड़े तक नहीं पहुंच सकी थी। इससे पहले 1985 में कांग्रेस ने राज्य में 149 सीटें जीत कर रिकॉर्ड बनाया था, जब माधव सिंह सोलंकी मुख्यमंत्री बने थे। लेकिन इस बार भाजपा ने सभी रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। गुजरात की 182 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 156 सीटें जीती हैं। उसे 2017 के मुकाबले 58 सीटों का फायदा हुआ है। वहीं, कांग्रेस को सबसे ज्यादा 60 सीटों का नुकसान हुआ है। पार्टी ने पिछली बार 77 सीटें जीती थीं। इस बार उसे 17 सीटें ही मिली हैं। आम आदमी पार्टी ने भी कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाते हुए पांच सीटों पर झंडा गाड़ दिया है। उसने गुजरात में लगभग 35 लाख वोट लाकर राजनीतिक पंडितों को चौंकाया है। गुजरात का चुनाव परिणाम साबित करता है कि भारत के राजनीतिक इतिहास में ब्रांड मोदी ने सबसे लंबे समय तक सबसे लोकप्रिय रहने का रिकॉर्ड भी कायम किया है। साबित तो यह भी हुआ कि कांग्रेस के नेताओं ने मोदी को जब-जब गाली दी है, मोदी उतनी ही मजबूती से आगे आये हैं। इसके अलावा गुजरात के जनादेश ने 2024 के संभावित परिणाम का परिदृश्य कुछ हद तक साफ कर दिया है। गुजरात में 1998 से सत्ता में रही भाजपा के साथ उसके स्थानीय नेतृत्व और इसके प्रशासन से जुड़े पहलुओं के बारे में कुछ मुद्दे हो सकते हैं, लेकिन अधिकांश के लिए यह मायने नहीं रखता था, क्योंकि उनके लिए पार्टी के बड़े शासन ढांचे, वैचारिक जोर और उनसे भी अधिक मोदी के प्रति उनका विश्वास मायने रखता है। गुजरात के चुनाव परिणाम का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह



**2024 के परिदृश्य की झलक दिखा रही गुजरात की जीत**

गुजरात की जनता ने भाजपा को लगातार सातवीं बार राज्य की बागडोर सौंप दी है। भाजपा एक नये रिकॉर्ड के साथ गुजरात विधानसभा में बहुमत हासिल कर चुकी है। भाजपा की इस जीत के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की करिश्माई छवि ने बड़ी भूमिका निभायी है। ऐसे में यह जानना दिलचस्प है कि आखिर गुजरात में भाजपा ने क्या किया है, जिससे वह और खास कर ब्रांड मोदी अपराजेय स्थिति में पहुंच गया है।

जहां तक भाजपा की बात है, तो उसने गुजरात को अपना सबसे मजबूत गढ़ बना लिया है। इसका श्रेय भी नरेंद्र मोदी को ही जाता है, जिन्होंने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में जो कुछ किया, उसने वहां के लोगों को भाजपा से जोड़ दिया। इतना ही नहीं, गुजरात के कच्छ क्षेत्र में 2001 के विनाशकारी भूकंप के बाद मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने अपने बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ अगले दशक के भीतर कच्छ को प्रगति के पथ पर लाने के लिए अथक प्रयास किया। उन्होंने गुजरात में वित्तीय और तकनीकी पार्कों की स्थापना की और निवेश आमंत्रित करने के लिए वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन शुरू किया। भाजपा की कामयाबी का दूसरा बड़ा कारण लोगों से इसका जुड़ाव है। आज गुजरात के हर मतदाता का भाजपा से सीधा संपर्क है। वहां भाजपा ने एक करोड़ कार्यकर्ता बनाये हैं और चुनाव में यह बहुत काम आता है। लेकिन असल कारण तो यही है कि गुजरात के लोगों के साथ भाजपा का जुड़ाव हर दिन गुजरने के साथ मजबूत होता जा रहा है। प्रधानमंत्री बनने से पहले मोदी लगातार तीन बार प्रदेश की कमान संभाल चुके थे। आज भी कहा जाता है कि गुजरात के लोग पीएम मोदी से सीधे बात कर सकते हैं। आर्थिक मोर्चे पर भी मोदी ने बहुत काम किये। साथ ही मजबूत संगठन मोदी की लोकप्रियता को वोट में तब्दील कर देता है। दो दशकों से ज्यादा समय तक पार्टी ने अपना वोट शेयर बरकरार रखा है। वहीं मौजूदा चुनाव में भी पीएम मोदी से लेकर देश के कई दिग्गज नेता मौजूदगी दर्ज करा चुके हैं। इतना ही नहीं, गुजरात में भाजपा का संगठन लगभग उसी अंदाज में काम करता है, जिस अंदाज में कभी पश्चिम बंगाल में वामपंथी दलों का और तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक के कार्यकर्ता काम करते थे। राज्य के हर घर में पार्टी का कम से कम एक सदस्य मौजूद है, जो हरदम पार्टी के लिए कुछ भी करने को तत्पर रहता है। राज्य का कोई भी व्यक्ति बिना झिझक पार्टी के किसी भी कार्यालय में जाकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है और उस पर कार्रवाई भी होती है। यहां तक कि जिस इलाके में विपक्षी प्रत्याशी जीतते हैं, वहां भी भाजपा के खिलाफ नकारात्मक माहौल नहीं बन पाता है। ये लोगों से भाजपा के गहरे जुड़ाव के प्रत्यक्ष उदाहरण हैं।

हाल ही में हुए एक सर्वे में भाजपा को वोट देने वाले 41 फीसदी मतदाताओं ने माना था कि वे भाजपा को इसलिए वोट देते हैं, क्योंकि वह विकास का कार्य करती है। यह थोड़े आश्चर्य की बात हो सकती है कि इसी सर्वे में भाजपा को वोट देने के लिए केवल 11 फीसदी लोगों ने एक नेता के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कारण बताया था। चूंकि 2002 से गुजरात में भाजपा का पर्याय प्रधानमंत्री मोदी ही बन गये हैं। माना जाता है कि विकास के इस पैमाने में उनके द्वारा राज्य के लिए किये गये कार्य ही सर्वप्रमुख हैं। यानी यदि नरेंद्र मोदी गुजरात के लोगों की पहली पसंद बने हैं, तो इसके पीछे चुनावी तिकड़म नहीं, बल्कि उनके द्वारा किये गये विकास कार्यों को श्रेय दिया जा सकता है। वहां के लोग नरेंद्र मोदी से भावनात्मक रूप से जुड़ चुके हैं।

इन सबके अलावा भाजपा के गुजरात में बड़ी ताकत बनने के पीछे विपक्ष की कमजोरी को भी अहम कारण माना जाता है। गुजरात में राजनीति हमेशा दो राजनीतिक दलों के बीच आमने-सामने की लड़ाई बनी रही। पिछले तीन दशकों से भाजपा और कांग्रेस के बीच गुजरात में सीधी टक्कर देखने को मिली है। कांग्रेस ने लंबे समय तक गुजरात के मतदाताओं को अपने से जोड़ कर रखा, लेकिन पिछले दो दशकों से वह लगातार कमजोर होती गयी है। अब उसके पास अहमद पटेल जैसे लोगों से जुड़े नेता भी नहीं रह गये हैं। कुछ नेता हैं भी, तो उन्हें हाशिये पर धकेल दिया गया। कांग्रेस की इस कमजोरी का लाभ भाजपा को हुआ और वह राज्य में अपराजेय ताकत बन गयी है। गुजरात में भाजपा की जीत ने यह भी साबित कर दिया है कि जब-जब कांग्रेस के नेताओं ने मोदी को आपत्तिजनक शब्द कहे, उसका जवाब जनता ने खुद ही दे दिया। मोदी को और मजबूत बना कर। यह मोदी के काम करने की शैली ही है, जिसने कभी विरोधी रहे पाटीदारों को भाजपा के साथ जोड़ दिया। यहां तक कि पसमांदा मुसलमानों ने भी मोदी पर विश्वास जताया। एक बड़ा कारण वहां के आदिवासी भी रहे। पिछले चुनाव में वे बिखरे हुए थे। इस बार उन्होंने खुल कर मोदी का साथ दिया। इसका कारण केंद्र की योजनाएं तो उनके हित में थी हीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी एक बड़ा कारण बनीं।

### 2024 की ओर इशारा

गुजरात के चुनाव परिणाम ने 2024 के राजनीतिक परिदृश्य पर भी रोशनी डाली है। गुजरात का संदेश यही है कि भारत के राजनीतिक इतिहास में ब्रांड मोदी हर दिन अपनी चमक बिखेर रहा है। मोदी के कद का कोई नेता दूसरे दलों के पास नहीं है। उनके काम करने के तरीके और हर गतिविधि पर उनकी पैनी नजर ने ही सबको पीछे छोड़ दिया है। यही कारण है कि जब पहले चरण में गुजरात के मतदाता कम संख्या में वोट डालने निकले, तो मोदी खुद सड़क पर उतर गये और देखते ही देखते दस लाख लोगों का हुजूम उनकी यात्रा से जुड़ गया। उसके बाद तो वोटों की सुनामी ही आ गयी।

### हिमाचल ने दी है कांग्रेस को संजीवनी

गुजरात में करारी पराजय के बाद हिमाचल प्रदेश के चुनाव परिणाम ने कांग्रेस को कुछ हद तक संजीवनी दी है। वहां की जनता ने सत्ता पक्ष की बजाय कांग्रेस पर विश्वास जताया है। वहीं हिमाचल प्रदेश में लगे झटके को भी भाजपा ने गंभीरता से लिया है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने भाजपा के हाथों से सत्ता छीन ली। यह भाजपा के लिए बड़ा झटका है, लेकिन सवाल यह है कि क्या वहां भाजपा के लिए कोई रास्ता अब भी बचा है। लोगों को समझ में नहीं आ रहा है कि कैसे भाजपा के हाथों से हिमाचल प्रदेश निकल गया। इसके क्या मायने हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो हिमाचल प्रदेश में भाजपा की हार के तीन बड़े कारण रहे। पहला कारण यह था कि हिमाचल प्रदेश में प्रत्याशियों के एलान के बाद सबसे ज्यादा बगावत भारतीय जनता पार्टी में दिखी। भाजपा के 21 बागियों ने निर्दलीय के रूप में चुनावी मैदान में ताल ठोक दी थी। कुछ कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में भी चले गये। इसके चलते भाजपा के वोटों में बड़ी सेंधमारी हुई। इसका फायदा कांग्रेस को हुआ। हार की दूसरी वजह स्थानीय नेताओं और मंत्रियों को लेकर लोगों के बीच काफी नाराजगी थी। बड़ी संख्या में लोगों का कहना था कि नेता उनकी बातें नहीं सुनते हैं। क्षेत्र में भी नहीं रहते। इसके बावजूद पार्टी ने टिकट दिया। कुछ प्रत्याशियों पर परिवारवाद का भी आरोप लगा। हिमाचल प्रदेश में महंगाई-बेरोजगारी का मुद्दा भी अहम रहा। कोरोना के बाद पूरे देश की आर्थिक स्थिति में काफी बदलाव आया। हिमाचल प्रदेश की आय का स्त्रोत पर्यटन है। कोरोना काल में यह पूरी तरह ठप पड़ गया था। इसके बावजूद यहां के लोगों को कुछ राहत नहीं मिली। इस बीच, महंगाई और बेरोजगारी भी काफी बढ़ गयी। इसके चलते भी लोगों में सरकार के खिलाफ काफी नाराजगी दिखी। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी के पास हिमाचल प्रदेश में नेतृत्व की कमी दिखी। 2020 में हुए उपचुनाव के दौरान भी यह साफ हो गया था। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर लोगों के बीच ज्यादा लोकप्रिय नहीं हो पाये। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने काफी हद तक उस नाराजगी को पाटने की कोशिश की, लेकिन अंततः वह दूर नहीं हुई। वहीं कांग्रेस के चुनावी वादों ने जनता को आकर्षित किया। जैसे पुरानी पेंशन योजना, महिलाओं को 1500 रुपये प्रति माह, किसानो को बागवानी में मदद ओर फायदा दिलाने की बात औ रोजगार से जुड़े एलानों ने लोगों को आकर्षित किया।

गुजरात, हिमाचल प्रदेश और कई राज्यों में उपचुनाव के नतीजों ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तसवीर भी कुछ हद तक साफ कर दी है। तसवीर यह कह रही है कि नरेंद्र मोदी देश की पहली पसंद हैं। मोदी बिना थके, बिना हारे हर दिन अपनी राह तय कर रहे हैं। लोगों में यह भावना घर कर गयी है कि मोदी के हाथों देश सुरक्षित है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को सम्मान दिलाया है। चीन और अमेरिका भी अब आंखें नहीं तरेरते। सीमा पर भारतीय सैनिक दुश्मन देश के सैनिकों की आंखों में आंख डाल कर देखते हैं। यही नहीं, कोरोना काल में जहां पूरा विश्व मंदी की मार से कराह रहा था, भारत ने अपने संसाधनों का इस्तेमाल कर उसे भी अवसर के रूप में परिवर्तित कर दिया।

## उपचुनाव : अखिलेश ने बचायी विरासत, पर आजम का किला ढहा, नीतीश भी रहे फ्लॉप

देश के पांच राज्यों की छह विधानसभा और एक लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव के परिणाम भी आ गये हैं। यूपी की मैनपुरी लोकसभा सीट से सपा की डिंपल यादव ने भारी जीत दर्ज कर अपने ससुर मुलायम सिंह यादव की विरासत को बचा लिया है, लेकिन रामपुर में आजम खान का गढ़ ढह गया है। वहां भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना ने आजम के करीबी आसिम रजा को भारी अंतर से हरा दिया है। उधर बिहार की कुढ़नी विधानसभा सीट पर भी भाजपा का कब्जा बरकरार रहा। चुनाव से पहले नीतीश कुमार ताल ठोक रहे थे कि इस बार भाजपा को पता चल जायेगा कि बिहार में उसके पैर कहां हैं। लेकिन चुनाव परिणाम ने यह जता दिया कि नीतीश पर बिहार के लोग अब कितना विश्वास करते हैं। उनके हर दांव कुढ़नी विधानसभा में फ्लॉप रहे।

झारखंड खनन घोटाला

## पंकज मिश्रा ने साहिबगंज डीएसपी से इडी के गवाहों को फंसाने को कहा!

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) को संदेह है कि साहिबगंज के डीएसपी राजेंद्र दुबे पंकज मिश्रा के निर्देश पर जिला पुलिस के माध्यम से कथित तौर पर अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ बदला लेने की नीयत से काम कर रहे थे। पंकज मिश्रा न्यायिक हिरासत में रिम्स से डीएसपी को फोन करता था। यह विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि उन्होंने डीएसपी को ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये, जिन लोगों ने अवैध पत्थर खनन घोटाले में इडी के समक्ष उनके खिलाफ बयान दर्ज कराये थे।

**फोन पर पंकज मिश्रा से डीएसपी को मिलिता था निर्देश :** राजेंद्र दुबे साहिबगंज पुलिस प्रशासन के उन अधिकारियों में शामिल हैं, जो फोन पर पंकज मिश्रा से निर्देश प्राप्त करते थे। पंकज मिश्रा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि हैं और इडी ने उन्हें 1000 करोड़ के अवैध पत्थर खनन घोटाला मामले में मुख्य आरोपी के रूप में गिरफ्तार कर चार्जशीट दाखिल किया है।



**पंकज मिश्रा के निर्देश पर डीएसपी ने सीसीए लगाने की पहल की :** बीते दिनों साहिबगंज पुलिस ने प्रकाश चंद्र यादव उर्फ मुंगेरी यादव और अशोक यादव को अपराध नियंत्रण कानून (सीसीए) के प्रावधानों के तहत जेल भेजा था। पंकज मिश्रा के खिलाफ मुंगेरी यादव के बेटे अंकुश यादव इडी के गवाह हैं। इसी तरह अशोक यादव भी इडी के गवाह हैं। बताया जाता है कि साहिबगंज के डीएसपी राजेंद्र दुबे ने सीसीए के प्रावधानों के तहत उन्हें बुक करने के लिए डीइडी प्रस्ताव को आगे बढ़ाया था। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी के पास पुख्ता जानकारी है कि पंकज मिश्रा के निर्देश पर डीएसपी ने इस तरह की कार्रवाई की है। इडी को संदेह है कि राजेंद्र दुबे विजय हांसदा मामले के खिलाफ जांच में शामिल हो सकते हैं।

**इडी के समक्ष नहीं हुए पेश :** इडी ने पंकज मिश्रा से संबंध जानने के लिए डीएसपी राजेंद्र दुबे को पूछताछ के लिए बुलाया था। हालांकि वह रांची में इडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। विशेष रूप से, इडी ने पहले विशेष पीएमएलए अदालत को बताया था कि पंकज मिश्रा ने 27 जुलाई से रिम्स में रहने के दौरान कुछ उच्च पदस्थ और प्रभावशाली लोगों सहित विभिन्न व्यक्तियों को कुल 300 फोन कॉल किये थे। 20 अक्टूबर को इडी ने उनके दो सहयोगियों चंदन यादव और सूरज पंडित को कथित तौर पर पंकज मिश्रा को अपने मोबाइल फोन उपलब्ध कराने के आरोप में पकड़ा था।

## केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए सरकार ने आइपीएस विनीत कुमार को किया विरमित

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए झारखंड सरकार ने एसपी वायरलेस के पद पर पदस्थापित 2017 बैच के आइपीएस अधिकारी विनीत कुमार को विरमित कर दिया है। विनीत कुमार इंटेलिजेंस ब्यूरो में एसपी स्तर के पद पर योगदान देंगे। बता दें कि 2017 बैच के आइपीएस अधिकारी विनीत कुमार 15 अक्टूबर 2019 एएसपी हटिया बनाये गये थे। प्रोन्नति के बाद उनको वायरलेस एसपी बनाया गया था।

## तीन बच्चों के माता-पिता के निगम और निकाय चुनाव लड़ने पर रोक के आदेश को हाइकोर्ट में चुनौती

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार की उस नियमावली को चुनौती दी गयी है, जिसके तहत जिन उम्मीदवारों के तीन बच्चे होंगे, उन्हें नगर निकाय और नगर निगम चुनाव लड़ने नहीं दिया जायेगा। रांची के रहने वाले कृष्णा कुमार ने अपने अधिवक्ता आकाशदीप के जरिए हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अपनी याचिका में कृष्णा कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार की नियमावली संविधान के अनुरूप नहीं है। इस नियमावली के कारण चुनाव में बराबरी का अधिकार खत्म हो जाता है। कई लोग चुनाव लड़ने से वंचित हो जाते हैं। बता दें कि इससे पहले नगर निगम चुनाव में कई सीटों को एसटी और एससी के लिए आरक्षित किये जाने के खिलाफ भी हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की जा चुकी है। वहीं अब तीन बच्चों के माता-पिता के चुनाव लड़ने पर रोक की नियमावली को चुनौती देकर, इस नियम को खत्म करने की मांग अदालत से की गयी है।

## सरिया मेन रोड में रेल ओवरब्रिज की मांग को लेकर हाइकोर्ट में पीआइएल

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। गिरिडीह जिले के सरिया स्थित मेन रोड में रेल ओवरब्रिज बनाने की मांग को लेकर झारखंड हाइकोर्ट में पीआइएल दायर की गयी है। पैडवूमेन ऑफ झारखंड की ओर से किरण कुमारी ने जनहित याचिका दाखिल की है। इसमें कहा गया है कि व्यस्ततम रेललाइन होने के कारण सरिया मेन रोड में अकसर महा जाम लगा रहता है, जिसके कारण स्कूली बच्चे, आम जनता और व्यावसायिक आवाजाही समेत कई चीजें प्रभावित होती हैं। इतना ही नहीं, कई बार जल्दबाजी के कारण अप्रिय घटनाएं भी हो चुकी हैं।

## साहिबगंज में तीन सालों में घटित सभी आपराधिक मामलों की सीबीआइ जांच कराये हेमंत सरकार : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से साहिबगंज में पिछले तीन सालों में घटित सभी आपराधिक मामलों की सीबीआइ जांच कराने को कहा है। बाबूलाल मरांडी के मुताबिक पिछले तीन सालों से इस जिले में लूट का खेल चल रहा है। सत्ताधारी दल के नेता, प्रतिनिधि एवं जिले में सभी स्तर के पदाधिकारी भी इसमें भागीदार हैं। सभी बेशुमार धन जमा करने में व्यस्त हैं। राज्य में जंगल राज चल रहा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि उन्होंने कई बार राज्य सरकार को इस बारे में पत्र भी लिखा था, पर जब सीएम के प्रतिनिधि और जिले में पदस्थ पदाधिकारी ही लूट के सर्वेसर्वा हैं और लूट का हिस्सा रांची तक आ रहा है तो कार्रवाई कौन करेगा।



### विफल पुलिस

बाबूलाल मरांडी के मुताबिक साहिबगंज में सरकार द्वारा पोषित चोर-लुटेरों को बचाने के लिए साहिबगंज पुलिस जल्दी में अनुसंधान पूरा कर आरोपी को क्लीन चिट देती रही है। इसके कई उदाहरण हैं। साहिबगंज के बरहरवा टोल-टेंडर विवाद में धमकाने एवं मारपीट का मामला 22 जून 2020 को शंभुनंदन कुमार द्वारा दर्ज कराया गया। इसमें आलमगीर आलम (मंत्री, झारखंड सरकार), पंकज मिश्रा (बरहेट विधायक प्रतिनिधि), तपन सिंह, दिलीप साह, इश्तखार आलम, तेजस भगत, कुंदन गुप्ता को आरोपी बनाया गया था। लेकिन आश्चर्य की बात है कि 24 घंटों के अंदर ही अनुसंधानकर्ता पदाधिकारी डीएसपी द्वारा जांच पूरी कर एवं डीसपी ने सुपरविजन कर सरकार द्वारा पोषित एवं संरक्षित लुटेरों का नाम इस केस से निकाल दिया। इसे प्रवर्तन निदेशालय ने भी गंभीर माना है। दूसरी महत्वपूर्ण घटना विजय हांसदा मामले में है। उन्होंने साहिबगंज में नींबू पहाड़ी पर अवैध खनन के मामले में पंकज मिश्रा के खिलाफ जिरवाबाड़ी थाने में शिकायत की थी, लेकिन थाना में इनकी शिकायत पर एफआइआर दर्ज नहीं की गयी। कोर्ट के आदेश के छह महीने बाद भी केस दर्ज नहीं हुआ। इसके बाद साहिबगंज पुलिस द्वारा तरह-तरह के हथकंडे अपना कर शिकायतकर्ता पर केस वापस करने का दबाव दिया जाने लगा, जिसकी पुष्टि शिकायतकर्ता विजय ने इडी के समक्ष दिये गये बयान में की है। ऐसे गंभीर मामलों की जांच सीबीआइ जैसी केंद्रीय एजेसियां नहीं करेंगी तो पीड़ितों को न्याय कैसे मिलेगा। वह इन दोनों मामले की सीबीआइ से जांच कराने के लिए मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक को पत्र लिख कर अनुरोध कर रहे हैं।

बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत से अनुरोध करते हुए कहा है कि अब बिना देर किये इन दोनों गंभीर मामले समेत साहिबगंज में पिछले तीन सालों में घटित सभी आपराधिक मामले की जांच सीबीआइ से कराने की अनुशंसा करें। इससे न्याय व्यवस्था पर सबका भरोसा बना रहेगा।

# गूंज महोत्सव 18 दिसंबर से राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गूंज महोत्सव-2022 का उद्घाटन 18 दिसंबर को सिल्ली में होगा। समारोह में राज्यपाल रमेश बैस मुख्य अतिथि होंगे। इसे लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने गुरुवार को राजभवन जाकर राज्यपाल से मुलाकात की। उन्हें गूंज महोत्सव का आमंत्रण दिया। जिसे राज्यपाल ने सहर्ष स्वीकार किया। यह जानकारी आजसू के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने दी। वहीं, गूंज महोत्सव-2022 को लेकर सुदेश कुमार महतो ने कहा कि तीन दिनों के महोत्सव में कई योजना और सेवा की शुरुआत की जा रही है। सभी को मिल कर सृजन के प्रयासों को मूर्त रूप देना है, ताकि वर्तमान के साथ भविष्य की पीढ़ियां अवसरों को अपने पक्ष में कर सके।

**तीन दिवसीय महोत्सव की तैयारी जोरों पर :** गूंज महोत्सव का आयोजन सिल्ली स्टेडियम परिसर में होगा। परंपरा को संजोने, लोक कलाकारों को मंच देने, युवा प्रतिभा निखारने, महिला सशक्तिकरण, कृषि विकास, हेल्थ कैंप, कौशल विकास जैसे विविध आयाम से जुड़ा यह महोत्सव तीन दिनों तक चलेगा। 18 दिसंबर से लेकर 20 दिसंबर तक चलने वाले महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर है।

## हाइकोर्ट की फटकार के बाद खुली रिम्स प्रबंधन की नींद

# मरीजों के लिए बनाया हेल्प डेस्क

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सबसे बड़े सरकारी हॉस्पिटल रिम्स में व्यवस्था सुधारने को लेकर हाइकोर्ट प्रबंधन को लगातार फटकार लगा रहा है। वहीं अधिकारियों से यहां तक कह दिया गया है कि काम नहीं करना चाहते है, तो इस्तीफा दे दें। इतनी फटकार के बाद रिम्स के अधिकारियों की अब नींद खुली है। वहां मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हेल्प डेस्क की शुरूआत की गयी है। इतना ही नहीं, एक वाट्सएप नंबर भी जारी किया गया है, जिससे इनडोर में मरीजों को दवा नहीं मिलने पर उनकी मदद की जायेगी।

**जगह-जगह पर नोटिस बोर्ड :** हॉस्पिटल के इनडोर में जगह-जगह नोटिस बोर्ड लगाये गये हैं, जिसमें लिखा है कि हॉस्पिटल में यथासंभव भर्ती मरीजों को सभी दवाएं मुफ्त में उपलब्ध करायी जा रही हैं। फिर भी ऐसा संभव हो कि खास समय पर कुछ खास दवाएं उपलब्ध न हों। जो दवाएं बाहर से लाने या डॉक्टरों द्वारा प्रेस्क्राइब की गयी हों, उस पर डॉक्टर का सिग्नेचर अवश्य लें। वहीं उसकी कॉपी फार्मेसी के काउंटर नंबर-3 इंफार्मेशन डेस्क पर उपलब्ध करा दें। इसके अलावा 89868-80888 पर वाट्सएप भी कर सकते हैं।

**पर्ची पर डॉक्टर का साइन जरूरी :** प्रबंधन की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि अगर कोई डॉक्टर बाहर से दवा लाने के लिए पर्ची देता है, तो उसका साइन भी पर्ची पर कराने को कहा गया है। इससे प्रबंधन के पास रिकार्ड रहेगा कि किस डॉक्टर ने कौन सी दवा बाहर से मंगायी है। साथ ही यह भी चेक किया जायेगा कि उस दिन दवा रिम्स के स्टॉक में थी या नहीं। ऐसे में जरूरी दवाएं मंगा कर प्रबंधन स्टॉक में रखेगा, जिससे कि आने वाले अन्य मरीजों को दवा के लिए परेशानी नहीं झेलनी होगी।

# दुमका एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने पूर्व सीएम बाबूलाल समेत सात आरोपियों को किया बरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** 2014 के विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन मामले में झारखंड के पहले मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी सहित सात आरोपियों को दुमका में एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने बरी कर दिया है। इस मामले में बाबूलाल मरांडी समेत देवघर के डॉ संजय, मणिशंकर समेत कुल सात लोगों को आरोपी बनाया गया था।

**दुमका के एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने किया बरी :** दुमका में एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी जितेंद्र राम की अदालत ने साक्ष्य के अभाव में पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी समेत सात आरोपियों को बरी कर दिया। उनके साथ छह अन्य आरोपी भी इस न्यायालय में पेश हुए, जिनके खिलाफ जरमुंडी विधानसभा चुनाव में थाना कांड संख्या 213/14 में आचार संहिता उल्लंघन मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

**एक यात्री शेड में पार्टी का झंडा लगाने का था आरोप :** इन सभी पर जरमुंडी थाना क्षेत्र में एक यात्री शेड में पार्टी का झंडा लगाने का आरोप था। तब श्री मरांडी जेवीएम के केंद्रीय अध्यक्ष थे। मामले में श्री मरांडी, डॉ संजय कुमार, मणिशंकर, निरंजन कुमार मंडल, संजय कुमार गुप्ता, जुली यादव, शेखर सुमन समेत सात लोग आरोपी बनाये गये थे। अधिवक्ता राघवेंद्र पांडेय और मनोज कुमार साह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2014 में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में जरमुंडी के सीओ ने यह प्राथमिकी दर्ज करायी थी। अदालत ने इन सभी को बरी कर दिया।

# फोर्ब्स सेल्फ मेड वुमन की सूची में झारखंड की जंसिता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की युवा कवि और स्वतंत्र पत्रकार जंसिता केरकेट्टा ने फोर्ब्स इंडिया की सेल्फ मेड वुमन की सूची में अपनी जगह बनायी है। साल 2022 की लिस्ट में जंसिता केरकेट्टा को जगह मिली है। भारत में अलग-अलग क्षेत्र की कुल 22 महिलाओं को इसमें शामिल किया गया है। फोर्ब्स इंडिया ने दिसंबर के अंक में पूरे भारत से महिलाओं को शामिल किया है। फोर्ब्स इंडिया की सूची में शामिल जंसिता केरकेट्टा आदिवासी पृष्ठभूमि से आने वाली हिंदी की पहली युवा कवि एवं लेखिका हैं।

**पहले भी कई सम्मान जंसिता के हिस्से में :** यह पहली बार नहीं है, जब इस तरह के सम्मान को जंसिता ने अपने नाम किया है। इंडिया टुडे की नयी नस्ल नये नुमाइंदे- 2022 की सूची में भी उन्होंने जगह बनायी, मैगजीन आउटलुक ने भी उन्हें जगह दी। जंसिता केरकेट्टा की कविता मैगजीन में छप चुकी है। इसका संपादन ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की शोधार्थी मालविका गुप्ता और नृविज्ञानशास्त्री फेलिक्स पडेल ने किया। साहित्य के सबसे बड़े महाकुंभ 'साहित्य आजतक में भी वह शामिल रहीं। इस तरह के कई कार्यक्रम में वह राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच की शोभा बढ़ाती रही हैं।

**मुखर आवाज जंसिता :** आदिवासी हितों के लिए जंसिता मुखर आवाज हैं। बहुत कम समय में उन्होंने अपनी पहचान स्थापित की। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनकी लेखनी की अलग पहचान है। जसिंता केरकेट्टा का जन्म 3 अगस्त 1983 में झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में सारंडा जंगल से सटे मनोहरपुर प्रखंड के खुदपोस गांव में हुआ। 2016 में पहला काव्य-संग्रह अंगोर हिंदी-अंग्रेजी में आदिवाणी कोलकाता से प्रकाशित हुआ।

**कई जगहों पर प्रकाशित हुई हैं कविताएं :** अंगोर का जर्मन संस्करण हिंदी-जर्मन में प्रकाशित. कविता-संग्रहों में भी इनकी कविताएं शामिल। इनमें शतदल, रेतपथ, समंदर में सूरज, कलम को तीर बनने दो माटी आदि स्मरणीय हैं। 2014 में आदिवासियों के स्थानीय संघर्ष पर उनकी एक रिपोर्ट पर बतौर आदिवासी महिला पत्रकार उन्हें इंडिजिनस वॉयस ऑफ एशिया का रिक्गनिशन अवॉर्ड, एशिया इंडिजिनस पीपुल्स पैक्ट, थाइलैंड की ओर से दिया गया। संप्रति गांव में सामाजिक कार्य के साथ कविता सृजन कर रही हैं।

पूर्व तट रेलवे
ई-नीलामी सूचना

1) परिसम्पत्ति का विवरण : 05 (पांच) वर्षों के लिए बागबाहरा 'D' वर्ग (BGBR) / प्लेटफॉर्म - 01 रेलवे स्टेशन में चाय की दुकान (Tea Stall) (जनरल माइनर यूनिट-महिला) का प्रावधान। स्टेशन : बागबाहरा/प्लेटफॉर्म-01 (BGBR)।
नीलामी प्रारंभ होने की तिथि व समय : दिनांक: 19.12.2022, 1200 बजे, नीलामी बंद होने की तिथि व समय : दिनांक : 19.12.2022, 1230 बजे।

2) परिसम्पत्ति का विवरण : 05 (पांच) वर्षों के लिए महासमुन्द 'D' वर्ग (MSMD) / प्लेटफॉर्म-02 रेलवे स्टेशन में चाय की दुकान (Tea Stall) (जनरल माइनर यूनिट-महिला) का प्रावधान। स्टेशन : महासमुन्द/प्लेटफॉर्म-02 (MSMD)।
नीलामी प्रारंभ होने की तिथि व समय : दिनांक: 20.12.2022, 1200 बजे, नीलामी बंद होने की तिथि व समय : दिनांक : 20.12.2022, 1230 बजे।

3) परिसम्पत्ति का विवरण : 05 (पांच) वर्षों के लिए हरिशंकर रोड 'E' वर्ग (HSK)/प्लेटफॉर्म-01 रेलवे स्टेशन में चाय की दुकान (Tea Stall) (स्पेशल माइनर यूनिट-अनुसूचित जनजाति) का प्रावधान। स्टेशन : हरिशंकर रोड / प्लेटफॉर्म-01 (HSK)।
नीलामी प्रारंभ होने की तिथि व समय : दिनांक: 21.12.2022, 1200 बजे, नीलामी बंद होने की तिथि व समय : दिनांक : 21.12.2022, 1230 बजे।

4) परिसम्पत्ति का विवरण : 05 (पांच) वर्षों के लिए टिटिलागढ़ 'B' वर्ग (TIG) / प्लेटफॉर्म - 04/05 (सीकीर छोर) रेलवे स्टेशन में चाय की दुकान (Tea Stall) (स्पेशल माइनर यूनिट-अनुसूचित जाति) का प्रावधान। स्टेशन : टिटिलागढ़ / प्लेटफॉर्म-04/05 (TIG)।
नीलामी प्रारंभ होने की तिथि व समय : दिनांक: 23.12.2022, 1200 बजे, नीलामी बंद होने की तिथि व समय : दिनांक : 23.12.2022, 1230 बजे।

उपरोक्त ई-नीलामी सूचना का संपूर्ण विवरण वेबसाइट : https://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / संबलपुर
PR-790/N/22-23



आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com
04

## महिला ने आत्महत्या की कोशिश की

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में जहर खाकर आत्महत्या का मामला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत रामडीह मे एक महिला ने सल्फास खाकर आत्महत्या की कोशिश की। उसकी पहचान रिंकी कुमारी (उम्र 22 वर्ष पति देव नारायण मेहता, ग्राम रामडीह डोमचांच) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार घरेलू विवाद को लेकर बाजार से जहर लाकर खा लेने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। इसकी जानकारी परिजनों को मिलने के बाद सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज करके मरीज को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

## जनरल बिपिन सिंह रावत को श्रद्धांजलि दी



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** वाणी कंप्यूटर सेंटर, कोडरमा में जनरल बिपिन सिंह रावत को श्रद्धांजलि दी गयी। गत वर्ष 8 दिसंबर 2021 को हेलीकॉप्टर क्रैश में भारत के पहले रक्षा प्रमुख का हेलीकॉप्टर क्रैश में निधन हो गया था। संस्थान के निदेशक सतीश कुमार यादव ने जनरल विपिन सिंह रावत के फोटो पर माला अर्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए उनकी कुछ महतपूर्ण विशेषताओं की चर्चा की। कहा कि जनरल बिपिन रावत ने 1 जनवरी 2020 को रक्षा प्रमुख के पद का भार ग्रहण किया। इससे पूर्व वो भारतीय थल सेनाध्यक्ष के पद पर 31 दिसंबर 2016 से 31 दिसंबर 2019 तक रह चुके थे। मौके पर शिक्षिका मीना कुमारी, छात्र-छात्राओं में दीप्ती कुमारी, मनीष कुमार, मो वारिश, अमित कुमार, प्रियंका कुमारी, सीताराम कुमारी, ज्योति, अरशद, साहिल इत्यादि मौजूद थे।

## कार्यकर्ताओं के दक्षतावर्धन के लिए कार्यशाला का आयोजन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समर्पण, सवेरा एवं टीडीएच के द्वारा चाइल्ड सेफगार्डिंग पोलिसी पर कार्यकर्ताओं के दक्षतावर्धन के लिए वसुंधरा गार्डन कोडरमा में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्यरूप से टीडीएच के राज्य समन्वयक रोहित रक्षित, सिनी रांची से शिल्पा जैसवाल, अनिता सिन्हा, समर्पण सचिव इन्द्रमणि साहू, सवेरा फाउंडेशन सचिव अशोक सिंह, लीड्स से संतोष कुमार एवं अभिव्यक्ती फाउंडेशन गिरिडीह से संजय उपाध्याय उपस्थित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रोहित रक्षित ने कहा कि बच्चों के ऊपर काम करने वाले सभी संस्थानों में चाइल्ड सेफगार्डिंग पोलिसी का होना एवं इसका अनुपालन करना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने कहा कि चाइल्ड सेफगार्डिंग को लेकर सभी लोगों को जागरूक करने की जरुरत है। अशोक कुमार सिंह एवं इन्द्रमणि साहू ने कहा कि क्षेत्रीय कार्यकर्ता साथियों के दक्षतावर्धन के लिए यह कार्यशाला का आयोजन कराया गया है, जिससे बच्चों को उनका सम्मान, सुरक्षा एवं उनका अधिकार सुनिश्चित हो सके। कार्यशाला में उपस्थित प्रशिक्षक शिल्पा जैसवाल एवं अनीता सिन्हा ने चाइल्ड सेफगार्डिंग पोलिसी के उपर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान शंकर लाल राणा, श्रीतमा पाल, प्रभाकर कु. दास, सुखमती मरांडी, उमेश कुमार, मांती कुमारी, कोमल देवी, शंकर दास, मंगलदेव रजक, बिमला देवी, रामू यादव, पुष्प हेम्ब्रम, बेबी देवी, क्रान्ति देवी, संतोषी देवी आदि उपस्थित थे।

## मंदिर निर्माण को लेकर ग्राम पड़रिया में हुआ भूमि पूजन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड मुख्यालय मरकच्चो स्थित तेलोडीह पंचायत के ग्राम पडरिया में देवी मण्डप के समीप धूमधाम से बुधवार को भूमि पूजन किया गया। मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष पूर्णिमा के सुअवसर पर माता सीता, भगवान श्री राम, भगवान लक्ष्मण और रामभक्त हनुमान के मंदिर निर्माण को लेकर गुरुवार को पूरे बिधि बिधान के साथ पंडित रामचन्द पांडेय के द्वारा भूमि पूजन करवाया गया। मुख्य पुजारी के रूप में जागेश्वर सिंह के पुत्र राजेश सिंह थे। इस दौरान भूमि पूजन के पूर्व सम्पूर्ण ग्राम पड़रिया के ग्रामीणों ने मन्दिर निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान राजेश सिंह ने बताया कि हमारे पिता जागेस्वर सिंह ने मेरे बड़ेभाई राम कृपाल सिंह की सरकारी नौकरी होने की कामना को लेकर ऐसा सोच बनाये थे कि जब राम कृपाल सिंह की सरकारी नौकरी होगी तो मैं भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और राम भक्त हनुमान का मंदिर निर्माण कर उनकी प्रतिमा को स्थापित कराऊंगा।

## डीटीओ ने बारातियों से भरे बस को किया जब्त, बाराती हुए परेशान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिला परिवहन पदाधिकारी भगीरथ प्रसाद के द्वारा गुरुवार को बारातियों से भरे एक बस को जब्त किया गया है। बरातियों से भरे जीवन ज्योति बस बोकारो से बाढ़ बिहार लौट रही थी। इसी दौरान कोडरमा कोर्ट के पास डीटीओ के द्वारा गुरुवार को चैकिंग कर चालक से टैक्स वन्य कागजात मांगे गए। कागजात उपलब्ध नहीं होने पर डीटीओ ने बस को जब्त कर लिया। बस पर महिलाएं, बच्चे बुजुर्ग सहित 70 बाराती बैठे थे, जिनकी परेशानी बढ़ गई। इस दौरान अनुमंडल कार्यालय के समीप सभी बाराती जमा होकर डीटीओ से आग्रह करते दिखे, पर डीटीओ के द्वारा बस नहीं छोड़ा गया। एक बाराती ने बताया कि बस पर टैक्स बकाया है, पर परेशानी हमलोगों की बढ़ी है। वहीं एक बाराती सुनीता देवी ने बताया कि बारातियों की क्या गलती है। हमलोगों की परेशानी बढ़ गई अब हम सब अपने घर बाढ़ कैसे लौटेंगे। बहरहाल बस को जब्त कर पीसीआर परिसर में रखा गया है।

## दो मचानों में लगी आग, जल कर राख

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के ग्राम पकरी बरवाडीह में धनु प्रसाद निराला एवं नरेश साहू के मचान के पुआल में आग लगने से लगभग 10,000 का पुवाल जलकर राख हो गया। यह घटना 7 दिसंबर के देर रात्रि की है। इसी क्रम में मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साव ने दमकल विभाग को फोन किया तत्पश्चात दमकल द्वारा आग पर काबू पाया गई। हालांकि इसके पहले डूबन साव, मनोज साहू ,धनेश्वर साव,तिलकेश्वर साहू, मिथिलेश साव समेत दर्जनों लोग कुवे से पानी खींच कर आग बुझाने का काम कर रहे थे।आग कैसे लगी इसकी खोज -खबर की जा रही है।

## महेश प्रसाद साव ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को दी बधाई



**केरेडारी(आजाद सिपाही)** प्रखण्ड के पचड़ा पंचायत के मुखिया व केरेडारी मुखिया संघ के अध्यक्ष महेश प्रसाद साव ने हजारीबाग जिला के भारतीय कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त ऊजार्वान जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव को पार्टी का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर मिठाई खिलाकर बधाई दिया है। बधाई देने के बाद कहा की नए जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी और भी मजबूत होगी। मौके पर मुखिया महेश प्रसाद साव,केरेडारी बिस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन राम प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता,विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव,संतोष कुमार साहू,रामकिशन साव,संतोष कुमार, मीडिया प्रभारी मनोज सिंह,चंदन गुप्ता,दिलदार अंसारी,जागेश्वर साव, ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार साव सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# यह प्रचंड जीत सत्ता का नहीं बल्की विश्वास और संबंधों की जीत है : मनीष जायसवाल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** गुजरात में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह सत्ता का नहीं बल्की विश्वास और संबंधों का जीत है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने गुजरात और गुजरात के लोगों को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ा बावजूद इसके 27 साल तक सत्ता में रहने के बाद भी इतनी बड़ी रिकॉर्ड तोड़ जीत गुजरात की जनता कि भाजपा के प्रति आस्था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व के प्रति पूरे विश्वास का परिचायक है। निश्चित रूप से गुजरात की जनता ने संपूर्ण देश की जनता को इस प्रचंड जीत के साथ भाजपा के प्रति आस्था और विश्वास को बढ़ाने का काम किया है ।

# पुलिस ने सर्च अभियान चला लाजीदाग जंगल से 0.303 राइफल किया बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सीसीआर डीएसपी आरिफ एकराम गुरुवार को मीडिया से मुखातिब हुए। उन्होंने प्रेस वार्ता कर बताया की केरेडारी थाना कांड संख्या 140/ 22 में पुलिस रिमांड में लिए गए प्राथमिकी अभियुक्त विनोद मुंडा उर्फ चंदन जी पिता स्वर्गीय महादेव मुंडा साकिन बुचाडीह थाना केरेडारी को रिमांड पर लिया गया था। उसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे के निर्देश पर एक छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा विनोद मुंडा के निशानदेही पर केरेडारी थाना अंतर्गत लाजीदाग जंगल पहुंचे। लाजीदाग जंगल में सर्च अभियान चलाया गया, जहां जंगल में एक सखूवा के पेड़ से सटे मिट्टी से दबा हुआ एक .303 राइफल खाली मैगजीन लोड किया हुआ बरामद किया गया। विनोद मुंडा उर्फ चंदन जी से आग्नेयास्त्र के संबंध में पूछताछ करने पर बताया गया कि यह एक भाकपा माओवादी संगठन के एसएसी सदस्य चंचल उर्फ वीरसेन उर्फ रघुनाथ हेंब्रम एवं 10 सक्रियता सदस्यों के द्वारा उक्त अवैध हथियार का उपयोग दस्ता के भ्रमण, फौरी कार्रवाई एवं जंगल कैंप के दौरान पुलिस टीम को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से छिपाकर रखा गया था। उक्त आग्नेयास्त्र को विधिवत जप्त किया गया एवं भाकपा माओवादी उग्रवादी संगठन के एसएसी सदस्य चंचल उर्फ वीरसेन उर्फ रघुनाथ हेंब्रम एवं इनके 10 सक्रिय सदस्य के विरुद्ध कांड संख्या 183/ 22 अंकित किया गया। छापेमारी दल में केरेडारी थाना प्रभारी साधन चंद्र गोराई, एसआई गरनद मुर्मू, एसआई मिर्जा उरांव के अलावे सेट के सशस्त्र बल लालजी बेदिया, कृष्णा पांडे, विपिन कुमार, अशोक कुमार महतो, अशोक कुमार यादव, हजारीबाग के क्यूआरटी टीम तथा सहायक समादेष्टा निरंजन कुमार सिंह, 22 बटालियन सीआरपीएफ की एक टीम शामिल थी।

# बंधु तिर्की के गुर्गों ने मचाया उधम स्काउट एंड गाइड केंद्र में की तोड़फोड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री और मांडर के पूर्व विधायक बंधु तिर्की के गुर्गों ने हजारीबाग के पीडब्ल्यूडी चौक स्थित भारत स्काउट एंड गाइड कार्यालय में बुधवार को खूब उधम मचाया. पहले गुर्गों ने भारत स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण केंद्र का ताला तोड़ा फिर कुर्सियां तोड़ीं. इसके बाद शराब पीकर बाहर बोतल फेंकी. यह जानकारी देते हुए गुरुवार को प्रेसवार्ता में भारत स्काउट एंड गाइड के संचालक विपिन कुमार ने बताया कि इस बीच बंधु तिर्की एक वरीय पदाधिकारी के पास बैठे रहे. इधर सदर थाना पुलिस भी आवेदन बदलवा-बदलवा कर टाइम पास कराती रही, ताकि गुर्गे अपना काम कर चले जाएं. उन्होंने बताया कि बंधु तिर्की ने पांच जिलों चतरा, धनबाद, रांची, साहेबगंज और पलामू से गुंडे बुलाकर यह सब काम कराया. उनके गुर्गों ने कार्यालय में रखे डेढ़ लाख रुपए लेकर चले गए.

### बंधु तिर्की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं : विपिन कुमार

भारत स्काउट एंड गाइड के संचालक विपिन कुमार ने प्रेसवार्ता में बताया कि पूर्व विधायक बंधु तिर्की यहां ढाई एकड़ जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं. उन्होंने पांच साल पहले भी मारपीट की थी. रांची के कार्यालय पर भी उन्हीं का कब्जा है. वह बुधवार की सुबह 10 बजे ही 30-35 की संख्या में स्काउट एंड गाइड के कार्यालय पर अपने गुर्गों को छोड़ खुद वरीय पदाधिकारी के पास चले गए. उनके इशारे पर उनके गुर्गे चार घंटे वहां उधम मचाते रहे.

### पुलिस पर लापरवाही का आरोप

इसकी सूचना उन्होंने सदर थाने को तुरंत दी, तो आकर आवेदन देने को कहा गया. फिर वहां विलंब कराया गया. पुलिस मौके पर पहुंची ही नहीं. उन्होंने बंधु तिर्की समेत करीब तीन दर्जन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया है. लेकिन 24 घंटे के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई है. विपिन कुमार ने बताया कि यह थाने की मिलीभगत से घटना घटी है. यह जमीन 22 साल पहले लीज पर ली गई थी, जिसका दो साल से लीज फेल था. नए सिरे से नवीकरण करवाने की तैयारी की जा रही थी. लेकिन पूर्व विधायक बंधु तिर्की का कहना था कि पहले संगठन का चुनाव करवाया जाए, फिर लीज होगा.

## संत कोलंबस कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य से बिएड के शिक्षको ने की शिष्टाचार मुलाकात



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** संत कोलंबा महाविद्यालय में पूर्व प्रभारी प्राचार्य जेआर दास की अध्यक्षता में डॉ विमल रेवेन प्रभारी प्राचार्य संत कोलंबा महाविद्यालय हजारीबाग बनने के अवसर पर एक गेट टू गेदर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कॉलेज के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों संयुक्त रूप से शामिल थे। बीएड के सभी शिक्षको ने बुके देकर शिष्टाचार भेंट की। बीएड परिवार के सभी शिक्षक उपस्थित थे। विभागाध्यक्ष डॉ सीआर जॉन, डॉ भागवत राव अम्बेडकर, डॉ अनिमा लकड़ा, प्रो मंजुला भगत, प्रो अतुल्य हेरेंज, प्रो धीरज गुप्ता, डॉ अर्चना सिंह, डॉ प्रेमलता सिंह, डॉ राबिया खातून, मुन्ना भाई, विल्सन टूटी आदि शामिल थे।

# केरेडारी मुखिया संघ की बैठक आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी ।** प्रखंड के केरेडारी पंचायत भवन में मुखिया संघ की एक बैठक गुरुवार को संघ के अध्यक्ष महेश प्रसाद साव की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस बैठक में केरेडारी मुखिया संघ के सभी सदस्यों ने भाग लियो बैठक से पूर्व कराली पंचायत के मुखिया अशोक राम के दिवंगत पिता दिनेश्वर राम की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि दी गई साथ ही पेटो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गुरदयाल साव पर दर्ज झूठा मुकदमा वापस लेने की मांग की गई व वापस नहीं लेने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई बैठक में यह इस बात पर भी व्यापक चर्चा हुई की क्षेत्र में कई कोल कंपनियां अपना पाँव पसार रही है लेकिन ग्रामीण जनता को उनका हक व अधिकार नहीं मिल पा रहा है यहाँ कोल कंपनियों को स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना ही होगो मौके पर गर्री कला पंचायत के मुखिया हितनारायन साव, गुरुदयाल साव, अजय एक्का, मो रब्बानी, सोनिया देवी, नीतू कुमारी, तुलसी तुरी, भारती देवि व अशोक राम सहित अन्य मौजूद थे।

# आइसेक्ट विश्वविद्यालय में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मटवारी स्थित सिटी कैंपस सभागार में हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल, डेमोटांड़ की ओर से गुरुवार को निः शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें शिविर में आए डॉक्टरों के 12 सदस्यीय टीम ने 200 से अधिक विद्यार्थियों के दांतों की जांच कर दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया। विद्यार्थियों के साथ साथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव सहित कई प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों ने भी अपने दांतों की जांच कराई और दंत चिकित्सक से उचित परामर्श लिया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि विद्यार्थियों में दांतों की साफ-सफाई और देखभाल को लेकर जागरूकता लाने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया था। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के साथ साथ लोगों को यह संदेश दिया कि दांत शरीर के आवश्यक अंगों में शामिल है। इसलिए इसके सुरक्षा के लिए किसी भी प्रकार के तंबाकू का सेवन नहीं करना चाहिए। वहीं डॉ कुलश्रेष्ठ मिश्रा ने कहा कि कई बार हम दांत की समस्या को मामूली मानकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन बाद में यही पायरिया, कैविटी, मसूड़ों का दर्द जैसे बड़े रोग के रूप में सामने आते हैं। इसलिए दांतों के प्रति जागरूकता आवश्यक है। शिविर के दौरान डॉ कुलश्रेष्ठ मिश्रा के अलावा डॉ साहिल, डॉ शोविक चंद्रा, डॉ निकुंज नलिनी, डॉ प्रियंका भारती, डॉ अल्पना कुमारी, डॉ अंबिका सिन्हा, डॉ मारिया, डॉ पल्लवी सिन्हा, डॉ अनुष्का, डॉ स्वाति सिन्हा व पीआरओ राजकुमार दास मौजूद थे, जिन्होंने दांतों की जांच कर निः शुल्क दवाइयां वितरित की और उचित परामर्श भी दिए। इस आयोजन के लिए आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल, डेमोटांड़ के सचिव प्रवीण श्रीनिवास के साथ साथ शिविर में शामिल डॉक्टरों की टीम को धन्यवाद दिया है।

## विधायक ने किया खाद्यान्न भंडारण गोदाम का शिलान्यास



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय बरकट्ठा में विधायक अमित कुमार यादव ने खाद्यान्न गोदाम निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. प्रखंड मुख्यालय में बनने वाली 1000 एम टी खाद्यान्न भंडारण गोदाम निर्माण कार्य का शुभारंभ पुजारी देवेन्द्र पांडेय ने विधिवत पुजा अर्चना करायी। वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने नारियल फोड़कर इसकी आधारशिला रखीं। हजारीबाग भवन निर्माण विभाग से मिस्टर इंजीनियर कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा एक करोड़ 21 लाख रुपए की लागत से गोदाम का निर्माण किया जाएगा। मौके पर बरकट्ठा जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रखंड प्रमुख रेनू देवी, बीडीओ कीर्ति बाला लकड़ा, सीओ श्रीकांत लाल मांझी,एमओ मिंटु रजक,कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर मौजूद थे। विधायक ने कहा कि बरकट्ठा में खाद्यान्न भंडारण के लिए गोदाम का निर्माण हो जाने से अनाज के रखरखाव में सहूलियत होगी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, डीलर संघ अध्यक्ष जागेश्वर यादव, महेंद्र प्रसाद मंडल, उमेश यादव, उमेश कुमार, संजय गुप्ता, दुगार्नंद झा, उमेश यादव, त्रिवेणी यादव, मिथिलेश भारती, श्रीकांत पांडे, संजय गुप्ता, बालकी यादव, दीपक राणा, विजय यादव, बलदेव यादव, सराज अंसारी, राहुल कुमार गुप्ता, वीरेंद्र रजक, छोटेलाल प्रसाद, राजकुमार यादव, सुरज मोदी, अशोक रविदास, गुडन साव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण शुरू



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आदर्श मध्य विद्यालय के प्रांगण में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।इसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने किया। प्रशिक्षण सीआरपी अजय कुमार द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में विद्यालय के रखरखाव एवं समिति का उन्मुखीकरण आदि विषयों पर चर्चा किया गया एवं वीडियो के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष संतोष राम, उपाध्यक्ष अनीता देवी, संयोजिका सावित्री देवी, सदस्य गोवर्धन कुमार महतो, रोहित साव, रामवृक्ष राम, बाल संसद के उप प्रधानमंत्री, रंजन कुमार, कपूर देवी, नसीमा खातून आदि शामिल थे।

## 11 दिसंबर को कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव का होगा स्वागत



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस ऑफिस कृष्ण बल्लभ आश्रम में युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव, ओबीसी जिला अध्यक्ष सुरजीत नागवाला, सेवादल जिला अध्यक्ष बबलू कुशवाहा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बेबी देवी, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉक्टर पीएम सिन्हा, सहकारिता विभाग जिला अध्यक्ष मोहम्मद जाबीर, सेवादल कार्यकारी जिलाध्यक्ष विश्वास पासवान, राजीव गांधी पंचायती राज जिला अध्यक्ष उदय साव ने बैठक कर 11 दिसंबर दिन रविवार को हजारीबाग में नव नियुक्त जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव का भव्य स्वागत करने का फैसला लिया गया। स्वागत सभी मंच मोर्चा और हजारीबाग के कांग्रेस जनों के द्वारा किया जाएगा। 11 तारीख बड़ी संख्या में लोग कंचन ग्राउंड में जमा होंगे और वहां से जुलूस की शक्ल में बस स्टैंड से होते हुए ग्वालटोली चौक से बंशीलाल चौक होते हुए झंडा चौक होते हुए कांग्रेस ऑफिस में सभा करेंगे। वही पर नव मनोनीत जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव का भव्य स्वागत किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के भी कई बड़े नेता करेंगे शिरकत। सभी मंच मोर्चा के लोगों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा पहली बार युवाओं के हाथ में कमान सौंपी गई है जिसका आने वाले दिनों में निश्चित बदलाव दिखेगा और हजारीबाग पूर्ण रूप से कांग्रेसमय होगा।

## बरकट्ठा में खड़ी बोलेरो में आग लगी



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरकट्ठा डाकडीह में बीते रात घर में खड़ी बोलेरो गाड़ी में अचानक आग लग गयी। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का भरसक प्रयास किया गया लेकिन तब तक बोलेरो जलकर खाक हो गया। इस बाबत पीड़ित राजेंद्र कुमार पिता जगदीश महतो डाकडीह निवासी ने बताया कि सभी दिनों के भांति बोलेरो गाड़ी जेएच 12 डी 5531 घर के अंदर में खड़ी थी बाहर से दरवाजा बंद था। रात्रि दो बजे के लगभग घर में धुआं भरने लगा देखा तो बोलेरो में आग लगी हुई है। हो हल्ला करने पर आसपास के लोग जुटे और आग पर काबू पाने का भरसक प्रयास किया साथ ही दमकल गाडी पहुंची लेकिन तब तक बोलेरो जलकर खाक हो गया। आग इतना भयानक था कि घर का छत में दरार हो गया। खबर पाते ही विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव पीड़ित के घर पहुंचकर ढांढस बंधाते हुए आपदा प्रबंधन से सहायता राशि देने की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया था।

## राशन डीलर पर हुई कार्रवाई

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि ईचाक प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम उरूका के वितरण प्रणाली विक्रेता गन्दौरी महतो द्वारा अपने पुत्र एवं नजदीकी सगे संबंधियों के नाम से तीन अन्त्योदय राशन कार्ड बनाकर गरीबों का निवाला छीन रहे थे। जिसपर कारवाई की गई है जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है। उमेश महतो पिता गन्दौरी महतो अंत्योदय कार्ड संख्या 202004891599, कपूरी देवी पति भुनेश्वर प्रसाद मेहता अंत्योदय कार्ड संख्या 202004892130, शशिकांत पिता महेन्द्र प्रसाद मेहता उक्त तीनों पर अंत्योदय कार्ड से राशन उठाव वर्षों से विक्रेता गन्दौरी महतो द्वारा की जा रही थी। प्रशासन द्वारा चलाए गए जांच अभियान में इन तीनों की संलिप्तता पाई गई जिसपर जाँचोंपरांत अबतक उठाव किये गये राशन का सूद सहित 250000 (दो लाख पचास हजार) रू० जमा करने का निदेश दिया गया। वसूली की गई राशि को ई-चालान के माध्यम से सरकारी खजाने में दिनांक 29 नवंबर को जमा किया गया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा की वैसे सभी डीलर एवं लाभुकों से अपील है कि अपर्वजन मानक श्रेणी में आते है तो संबंधित प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी अथवा जिला आपूर्ति पदाधिकारी के समक्ष समर्पित करें, अन्यथा जाँच में पाये जाने पर सूद सहित राशि वसूली करते हुए प्राथमिकी दर्ज की जायेगी।

## हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत पर हजारीबाग के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत पर जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया। इस अवसर मुख्य रूप से उपस्थित बड़कगांव की विधायक अम्बा प्रसाद ने शीर्ष नेतृत्व के आभार प्रकट करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत इस बात का संकेत है कि भाजपा की मोदी सरकार पर से जनता का मोह भंग हो गया और अब देश की जनता कांग्रेस की ओर देख रहें हैं। जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार कुमार यादव नें कहा की हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में कन्या कुमारी से काश्मीर तक 3,750 किलोमीटर यात्रा की दुरी तय कर रहें। इस भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम हजारीबाग जिले के प्रखंड, पंचायत, बुथ स्तर तक कर संगठन मजबूत बनाना है। मौके पर अशोक देव, नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, प्रकाश कुमार यादव, बेबी देवी, सुरजीत नागवाला , साजिद अली खान, उदय साव, बब्लू कुशवाहा, विश्वास पासवान, ज्ञानी प्रसाद मेहता, डॉ. पी एम सिन्हा, मो. जाबीर, गुड्डू सिंह, डॉ. दीपक बंधू, दिगम्बर प्रसाद मेहता, ओम प्रकाश, कोमल कमारी, राजेन्द्र सिंह, सुनिल कुमार अग्रवाल, गोविंद राम, लाल बिहारी सिंह, अजय कुमार गुप्ता समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com
05

## शहर में अपराधियों ने दी दस्तक, रामगढ़ पुलिस को ललकारा

# बीच शहर में दिनदहाड़े ठेकेदार देवांशु साहा को मारी गोली

**घटना की सूचना पाकर हॉस्पिटल पहुंचे परिजन, रो रो कर बुरा हालदुमका सीट की सूची में चार प्रत्याशी और बेरमो में 11 के**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** पतरातू और सौंदा बी में 2 दिनों से जारी गोलीबारी के बाद अपराधियों ने शहर में दस्तक दे दी है। अपराधी शहर के बीचो बीच ठेकेदार को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है ।ठेकेदार को हॉस्पिटल में प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर कर दिया गया है। शहर में हुई गोलीबारी के बाद पूरे शहर में दहशत व्याप्त है। वहीं, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मामले को लेकर रामगढ़ पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। साथ ही अपराधियों के धरपकड़ के लिए छापेमारी तेज कर दी है।



### गोलियों के तड़तड़ाहट से गूंज उठा शहर

शहर में गुरुवार की सुबह गोलियों के तड़तड़ाहट से गूंज उठा। अपराधियों ने 12 बजे के आसपास ठेकेदार देवांशु साहा की कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। शहर के विकास नगर मोड़ पर हुई इस वारदात के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने चार खोखे बरामद किए हैं। घायल सिविल ठेकेदार देवांशु साहा को प्राथमिक इलाज के लिए रांची रोड स्थित होप हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है।

### विभिन्न सामाजिक संगठनों में काफी सक्रिय रहे हैं देवांशु

ठेकेदार देवांशु साहा विभिन्न सामाजिक संगठनों में भी काफी सक्रिय रहे हैं। रोटरी क्लब और दामोदर वैली जैसे संस्थानों में शामिल होकर इन्होंने कई कार्य किए हैं। उन पर हुए आपराधिक हमले ने शहर के सभी नामचीन लोगों को चौंका दिया है। उन पर हमला करने वाले अपराधी कौन थे, और किस वजह से उन पर गोली चली है, इसका पता पुलिस लगा रही है।

### रंगदारी वसूलने के लिए देवांशु पर हुआ जानलेवा हमला

रेलवे के अच्छे ठेकेदारों में शामिल देवांशु साहा पर रंगदारी वसूलने के लिए जानलेवा हमला किया गया है। देवांशु की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। पुलिस अभी तक उनसे बयान देने की स्थिति में नहीं है। जिसकी वजह से पुलिस अभी तक स्पष्ट नहीं कर पाई है कि आपसी रंजिश की वजह से उन पर गोली चली है या फिर अपराधी गिरोह के लोगों ने उन्हें निशाना बनाया है। हालांकि चर्चा का विषय तो यह भी है कि एक गैंग के लोगों ने उनसे बतौर रंगदारी की मांग की थी। रंगदारी देने के लिए उन्हें कॉल भी किया गया था। पुलिस देवांशु के मोबाइल को खंगाल कर इस बात को स्पष्ट करने में लगी है।

### रेलवे में मिला था बड़ा कॉन्ट्रैक्ट

देवांशु साहा पिछले कई वर्षों से रेलवे में ही बतौर ठेकेदार काम करते आ रहे हैं। उन्हें पहले भी दो बार अपराधियों के द्वारा निशाना बनाया गया था। यह तिसरी बार है जब उन पर हमला हुआ है। इस बार भी उन पर हमला तब हुआ जब उन्हें रेलवे में एक बड़ा कॉन्ट्रैक्ट हाथ लगा है। इस नए कॉन्ट्रैक्ट में काम को शुरू हुए कुछ ही महीने हुए हैं।

### एसडीपीओ के नेतृत्व में बनी है एसआइटी : एसपी

इस पूरे प्रकरण में रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि एसडीपीओ किशोर कुमार रजक के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। हालांकि अभी तक किसी आपराधिक गिरोह की ओर से इसकी जिम्मेदारी ना तो ली गई है और ना ही अपराधियों की पहचान हो पाई है। पुलिस देवांशु के होश में आने का इंतजार कर रही है। उनके बयान से काफी कुछ स्पष्ट हो पाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पहले भी उनपर हमला हो चुका है, इसलिए आपसी रंजिश को लेकर भी पुलिस तफ्तीश कर रही है।

## विधायक ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने गुरुवार को कुजू में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पथ निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस दौरान पंडित द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ जेपी पटेल ने विधिवत पूजार्चना करते हुए नारियल फोड़ कर शिलान्यास की। बताते चले कि मुख्यमंत्री योजना के तहत डटमामोड़ चौक से रेलवे लाइन तक निर्माण कार्य किया जाना है। जिसकी प्राक्कलित राशि 77 लाख 33 हजार 267 रुपया है। इससे पूर्व, भाजपाइयों ने विधायक जेपी पटेल का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, अशोक कुमार, बालेश्वर महतो, मुखिया जय कुमार ओझा, जय कुमार महतो, पंचित महतो, डिंपल प्रजापति, सुधान सिंह समेत कई भाजपाई शामिल रहे।

## जुबिली कॉलेज में सेमिनार का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रिभर साईड स्थित जुबिली कॉलेज में आईक्यूएसी व राजनीति विभाग के तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय धारा 370 व 35 ए था। इसमें मुख्य वक्ता रामगढ़ कॉलेज की सहायक प्रध्यापिका डॉ. बलवंती मिंज ने विद्यार्थियों को धारा 370 व 35 ए की विस्तृत व्याख्या करते हुए इसपर प्रकाश डाला। मौके पर कई विद्यार्थियों व शिक्षको ने भी सेमिनार में अपना व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आरके दास, विभागध्यक्ष प्रो. आलोक कुमार, डॉ. एसपी पांडेय, डॉ. विभा राय, डॉ. एसएस पांडेय, प्रो. मनोज कुमार दास, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. नर्मदेश्वर पांडेय, डॉ. एसपी दांगी, प्रो. बालमुकुंद सिंह, डॉ. अरूण कुमार सिंह सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थे।

## एसवीएम पब्लिक स्कूल में मनी सीडीएस जनरल बिपिन रावत की पुण्यतिथि




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा सुंदरनगर पंचायत स्थित एसवीएम पब्लिक स्कूल में गुरुवार को सीडीएस जनरल बिपिन रावत की पुण्यतिथि मनयी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह निदेशक आरके शर्मा ने सीडीएस जनरल बिपिन रावत के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की। इसके बाद विद्यालय के प्रबंधक सलाहकार गुरेंद्र सिंह व सचिव इंदु शर्मा सहित उपस्थित लोगों ने भारत के रक्षा में सीडीएस बिपिन रावत के महत्वपूर्ण कदम और भूमिका बताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि समर्पित की। इस दौरान दिवंगत जनरल बिपिन रावत के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। मौके पर अविनाश कुमार पांडेय, हेमंत वर्मा, नंदिनी वर्मा, सुनील वर्मा, मधुसागर, अंजली सिंह, कलावती देवी, लीलावती, कुसुम सहित दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी मौजूद थें।

## समाजसेवी संजय ने मंदिर में किया पौधरोपण



**कुजू (आजाद सिपाही)।** आरा सारुबेड़ा बजरंगबली मंदिर परिसर में गुरुवार को समाजसेवी संजय कुमार के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान संजय कुमार के अगुवाई में कई फलदार पौधों का रोपण करते हुए लोगों से अपने घर के आस-पास एक पौधा लगाने का अनुरोध किया। मौके पर राज शर्मा, विजय कालिंदी समेत कई लोग शामिल रहे।

## तेज रफ्तार का कहर, दो बाइकों में टक्कर, तीन युवक गंभीर



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के बिजुलिया स्थित सिंह मार्केट के निकट गुरुवार को दो बाइकों में भीषण टक्कर हो गई। इस घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पल्सर संख्या जेएच 24ई 7123 और हौंडा साइन संख्या जेएच 02एपी 4371 की सीधी टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार आदित्य कुमार, राहुल कुमार व अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से केजीटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां तीनों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर, घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में कर थाना ले आई।

## मामलों पर लापरवाही न बरतें अधिकारी : डीसी

**चतरा (आजाद सिपाही)।** उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए उपायुक्त अबु इमरान ने विभिन्न विभागों अधिकारियों के साथ बैठक किया। गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में बैठक की गई। विभागवार लंबित वादों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निदेश दिया कि वे इन मामलों का समाधान जल्द से जल्द करते हुए न्यायालय में काउंटर शपथपत्र दायर करें। साथ ही उन्होंने कहा कि लंबित मामलों से विभागीय छवि धूमिल होती है। डीसी ने साफ शब्दों में निदेश दिया कि एक सप्ताह के अंदर हर हाल में कंटेम्प्ट वादों का निबटारा हो। न्यायालय के लंबित मामलों छोड़ लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब उनके संज्ञान में देने की भी बात कही ताकि ससमय उसका हल निकाला जा सके।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत डीसी ने की जिला टास्क फोर्स की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम 2022 के अंतर्गत द्वितीय जिला स्तरीय टास्क फोर्स कि बैठक की गयी। बैठक में स्टेट से आये नोडल कीट विज्ञानवेत्ता डॉ संज्ञा सिंह के द्वारा जिले में चल रहे फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम कि उपलब्धि के बारें में बताया गया कि जिला के चार प्रखण्ड मुख्यतः हंटरगंज, चतरा, इटखोरी एवं टण्डवा में 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चलने वाले कार्यक्रम के विरूद्ध गुरुवार 08 दिसंबर तक 50 प्रतिशत लक्ष्य कि प्राप्ति की गई है। जिसे लेकर उपायुक्त अबु इमरान द्वारा निदेश दिया गया कि दवा प्रशासकों को फाइलेरिया से संबंधित दवा सामने ही खिलाना है। अगर कोई दवा प्रशासक बाटते हुए पकड़ा गया तो उपसर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही उन्होने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि फाईलेरिया उन्मुलन कार्यक्रम का अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मॉनिटरिंग करेंगे। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि ड्रग सुपरवाइजर को टीए का ससमय भुगतान सुनिश्चित करें एवं सुनिश्चत करें कि क्षेत्र भ्रमण की समीक्षा प्रतिदिन हो। किसी भी प्रकार की लापरवाही करने वाले कर्मी को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करें। वहीं उन्होने कहा कि नियमानुसार बच्चों को विशेष निगरानी में दवा का सेवन कराया जाय। साथ ही उन्होने अपिल किया कि खाली पेट दवा का सेवन न करें। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, सिविल सर्जन डा0 श्याम नंदन सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद चतरा अभय कुमार झा, सभी अंचल अधिकारी, राज्य स्तर से जिले के नोडल कीट विज्ञानवेत्ता डॉ संज्ञा सिंह, जिला भीबीडी सलाहकार अभिमन्यु कुमार, जिला समन्वयक केयर इंडिया आबिद सरदार समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## करमा मुखिया खगेश्वर मिले डीएफओ से, की क्षतिपूर्ति की मांग



**कुजू (आजाद सिपाही)।** करमा दक्षिणी पंचायत में गत दिनों विचरण किये हाथियों के झुंड द्वारा भारी उत्पात मचाते हुए किसानों की फसलों को नष्ट व नुकसान किए जाने के मामले में मुखिया खगेश्वर महतो ने डीएफओ से संपर्क साधा है। उन्होंने डीएफओ से पंचायत के उखरबेड़वा टोला, सतढेकिया, पूरनाडीह के किसानों को हुए नुकसान के बदले क्षतिपूर्ति राशि भुगतान कराने की मांग की है। श्री महतो ने कहा कि हाथियों द्वारा किसानों की धान, अरहर, आलू की फसल को नष्ट करते हुए कई एक स्थानों पर चारदीवारी गिरा दी गई है। जिससे दर्जनों भुक्तभोगी किसान काफी चिंतित हैं। उन्होंने कहा है कि इन्ही फसलों के सहारे किसान पूरे साल अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं। श्री महतो ने किसानों को क्षतिपूर्ति राशि भुगतान की मांग की है।

## अनाज घोटाले पर लोगों में आक्रोश



**सिमरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में हुए अनाज घोटाले पर लोगों में भारी आक्रोश है। अब यह आक्रोश जन आंदोलन की ओर अपना रूख बदल रहा है। लोग सड़क पर उतरने के लिए तैयार हैं। प्रखंड प्रमुख रोहन साव ने गरीबों के अनाज गबन पर जैसे ही जांच करना प्रारंभ किया घैटाले और अनाज कटौती के खिलाफ जनता खुलकर उनके समक्ष अपनी पिडा व्यक्त करना प्रारंभ करने लगे। अनाज घोटाला रोकने और कार्यवाही को लेकर प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख जनता के साथ खड़े हैं। सभी कार्डधारीयों की समस्या सुनकर वे उपायुक्त को आवेदन दिये है और जिले के समस्त प्रखंड के प्रमुखों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। वहीं दूसरी ओर घोटाले को लेकर एटक नेता विनोद बिहारी पासवान ने अमरन अनशन करने की घोषणा की है। आजसू नेता सह व्यवसायिक संघ के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार चंद्रा ने 10 दिसंबर को सिमरिया बंद रखने का ऐलान किया है। इनके अलावा मुखिया संघ ने भी अनाज घोटाले पर आक्रोश पूर्ण प्रतिक्रिया दी है। मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष विनोद महतो ने सभी पंचायत के मुखिया के साथ सड़क पर उतर कर आंदोलन करने की सूचना दी है। इधर मानवाधिकार संगठन ने भी अनाज घोटाले की निंदा की है। संगठन की जिला अध्यक्ष ललिता देवी ने धरना प्रदर्शन और आमरण अनशन में समर्थन देने कि घोषणा की है। सभी आंदोलनकारी नेताओं का कहना है कि सुखाड़ की परिस्थिति में भी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में भारी घोटाला हुआ है। जो गंभीर मामला है। लगातार आंदोलन के चेतावनी के बावजूद प्रशासन की ओर से दोषियों पर कार्रवाई करने की कोई पहल नहीं हुई है। ऐसे में जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन एक साथ सड़क पर उतरेंगे और जबरदस्त विरोध प्रदर्शन करेंगे। गौरतलब है कि डीलरों ने अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर नवंबर माह का प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का राशन गबन कर लिया है। जिसके विरोध में जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आपूर्ति पदाधिकारी को पद मुक्त करने और दोषियों के विरुद्ध साइबर क्राइम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की मांग कर रहे हैं।

## नो टू वायलेंस अगेंस्ट वूमेन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** फेडरेशन ऑफ ऑब्सटेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज ऑफ इंडिया (एफओजीसीआई) अंतर्गत नो टू वायलेंस अगेंस्ट वूमेन कमेटी रामगढ़ के तत्वधान में शुक्रवार को जिला समाहरणालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसपी पीयूष पांडे, विशिष्ट अतिथि डीडीसी नागेंद्र कुमार सिन्हा व अपर समाहर्ता नेलसम एयोन बागे ने गुब्बारों को हवा में छोड़ किया।




**नो टू वायलेंस अगेंस्ट वूमेन कमेटी की सदस्य डॉ सांत्वना शरण ने दी जानकारी**

कार्यक्रम के दौरान फेडरेशन ऑफ ऑब्सटेट्रिक एंड गयनेकोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के नो टू वायलेंस अगेंस्ट वूमेन कमेटी की सदस्य डॉ सांत्वना शरण ने सभी को जानकारी दी कि महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा को रोकना फेडरेशन ऑफ ऑब्सटेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया की एक महत्वकांक्षी परियोजना है। जिसके तहत महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा की पहचान करने, उनका उपचार करने व इसके रोकथाम के लिए बहुत पहले से ही कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला समाहरणालय परिसर में इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## स्कील असिस्टेंस के तहत प्रशिक्षुओं का किया गया मुल्यांकन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू स्थित एसएस प्लस टू हाई स्कुल में गुरवार को स्कील हब योजना के तहत इनिसिएटिव फुड एण्ड ब्रेवरीज सर्विस असिस्टेंस के तहत 180 दिनों तक चले प्रशिक्षण के बाद 40 छात्राओं का असेसमेंट किया गया। ऑनलाईन किए गए असेसमेंट को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। प्रशिक्षक छोटेलाल मिश्रा व असेसर मनोज पासवान ने बताया कि इससे बच्चों को होटल मैनेजमेंट के कोर्स में सहायता मिलेगी। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र रविदास, प्रमोद प्रकाश सिंह सहित अन्य शिक्षक शामिल थे।

## गुजरात की जीत पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** गुजरात मे भाजपा को मिली जीत पर भाजपाइयों ने कुजू चौक मे जमकर आतिशबाजी करते हुए और एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए जश्न मनाया। जश्न कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, अध्यक्ष तोकेश सिंह, अशोक कुमार, रतन साहू, रवि साहू, राजेश साहू, आशीष कुमार, डिम्पल प्रजापति, अंशु गुप्ता, गणेश सोनी, सुधान सिंह, पंचीत महतो, सूरज कुमार, नरेश गुप्ता, छोटन प्रजापति शामिल रहे।

## 20 सूत्री क्रियान्वयन मासिक बैठक हुई

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार हॉल में गुरुवार को बीस सूत्री क्रियान्वयन मासिक बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष सह मध्य जिप सदस्य सुभाष यादव,संचालन बीडीओ रंथू महतो ने किया। बैठक में प्रखण्ड के विभिन्न विभागों के अधिकारी जनप्रतिनिधि शामिल हुये। इस अवसर पर प्रखण्ड अंतर्गत विभागवार चर्चा किया गया ।जिससे मिली शिकायत एव अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर किया गया। बीस सुत्री अध्यक्ष सुभाष यादव ने सभी विभागों को सुव्यस्था कायम करने की निर्देश दिया ।इसमें ऑनलाइन म्यूटेशन शुद्धिकरण प्रमाण पत्रों का शीघ्र निष्पादन करने, ठंड में बढ़ोतरी को देखते हुये सभी पंचायतों में अलाव की व्यवस्था करने, गाड़ीलौंग पंचायत भवन के पास विवादित भूमि का निष्पादन करने, प्रखंड कार्यालय परिसर में पेयजल की व्यवस्था, विधालयो में पानी की व्यवस्था,सभी बंद पड़े जल मीनार को चालू करने ठंड को देखते हुये कंबल उपलब्ध कराने एवं कंपनी के विस्थापित एरिया के व्यक्तियों को रोजगार हेतु प्राथमिकता देने ।बिजैन स्कूल में पेयजल की व्यवस्था करने सीएसआर के तहत क्षेत्र में विकास कार्य करने, कल्याणपुर हाई स्कूल में शीघ्र चापाकल मरम्मत करने, सभी सेविका सहायिका की सूची मोबाइल नंबर सहित उपलब्ध कराने एवं फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में अपेक्षित सहयोग करने, सभी स्वास्थ्य केंद्रों में प्राथमिक उपचार दवाई की उपलब्धि सुनिश्चित करने, रोगियों को अस्पताल में दवा उपलब्ध कराने,एंबुलेंस की व्यवस्था दुरुस्त करने, वन समिति की सूची उपलब्ध कराने, कार्य की सूची उपलब्ध कराने हाथी से क्षति संबंधित वितरित मुआवजा की सूची उपलब्ध कराने सभी वनरक्षक को अपने बिट में निर्मित भवन में रहने। सभी बैंक को अधिक से अधिक केसीसी स्वीकृत करने जनता के कार्यों को तुरंत निष्पादन तथा अब तक स्वीकृति केसीसी एवं ऋण माफी की सूची उपलब्ध कराने, डीलर द्वारा कम अनाज वितरण की शिकायत पर संबंधित डीलर पर कड़ी कार्रवाई करने, पशु टीकाकरण कार्य सत समय कृषकों को बीज वितरण अच्छादित करने का निर्देश शामिल है। इस मौके पर बीस सुत्री उपाध्यक्ष नीरज तिवारी,जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष मो.आशिक,सीओ विजय कुमार दास,प्रखण्ड मुखिया संघ अध्यक्ष सुवेश राम,चिकित्सा प्रभारी डॉ कृष्ण कुमार,वन पदाधिकारी मुक्ति प्रकाश पन्ना,शिक्षा पदाधिकारी मंजू देवी,एनटीपीसी पदाधिकारी अभिषेक आनंद,विधायक प्रतिनिधि शशि चौरासिया,दक्षिणी जिप सदस्य नेहा तिर्की,कॉग्रेस नेता रवीन्द्र सिंह समेत कई उपस्तिथ थे।

## फरवरी माहीने से पहले बिजली का 660 मेगावाट निर्बाध रूप से होगा व्यवसायिक उत्पादन शुरू : सीजीएम तजिंद्र गुप्ता

**2030 तक टंडवा की बदल जायेगी तस्वीर**

**संयंत्रो की प्रयोग युद्ध स्तर पर जारी**

राजेश कुमार ठाकुर



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** नॉर्थ कर्णपुरा एनटीपीसी की पहली यूनिट 660 मेगावाट क्षमता वाले पावर प्लांट टंडवा चतरा में बनकर तैयार हो गया है, परीक्षण प्रक्रिया जारी है, दीपावली में जब सिंक्रोनाइज परीक्षण प्रक्रिया में 241 मेगावाट बिजली उत्पादन तेल से शुभारंभ किया गया था। अब पानी और कोयला से 500 मेगावाट बिजली उत्पादन कर चंदवा पावर ग्रिड को भेजा गया, जिसका प्रयोग सफल एवं सुखद रहा। पहली इकाई की संयंत्रो को 72 घण्टे चालू के बाद फरवरी माह 2023 से पहले यूनिट 660 मेगावाट ताप विधुत निर्बाध रूप से व्यवसायिक उत्पादन शुरू हो जायेगा। झारखण्ड के लिये नॉर्थ कर्णपुरा टंडवा पॉवर प्लांट तैयार होने से खुशी का सौगात,व्यवसाय के आपार संभावना लेकर आया है ।जिसे झारखण्ड सरकार को एमओयू के तहत 2024 तक 500 मेघावाट विधुत आपूर्ति नॉर्थ कर्णपुरा टंडवा एनटीपीसी से मिलेगी ।झारखण्ड सरकार बिजली कटौती की मार अब नही झेलना परेगा ।इसलिये की झारखण्ड सरकार अन्य कंपनियो से 5.80 प्रति यूनिट खरीद कर रही है। जिसके मुकाबले में अब एनटीपीसी को कोयला आपूर्ति की संसाधन सामने होने से 3.70 पैसे प्रति यूनिट झारखंड सरकार को सस्ती बिजली मिलेगी ।जो मिल के पत्थर टंडवा प्लांट साबित होगा।

### पावर प्लांट में कोयले की मांग क्या रहेगी

660 मेघवाट क्षमता की पहली इकाई के उत्पादन में प्रतिदिन 10000 टन कोयला खपत होगी। एयर कूलिंग संयंत्र के होने से पानी की खपत 60% कम होगा।एशिया महादेश की पहली पावर प्लांट है जहाँ पानी जुरूरत मात्र 40% होगा।दूसरी यूनिट नवंबर 2023 एव तीसरी यूनिट जून 2024 में बनकर तैयार होगा तब कुल 30000 टन कोयला की जरूरत पडेगा। नॉर्थ कर्णपुरा पावर प्लांट को सीसीएल की मगध-आम्रपाली परियोजना से कोयला आपूर्ति की जायेगी।

### टंडवा में प्रदूषण पर कितना प्रभाव पड़ेगा

दीपेंदु मंडल ओएंडएम जीएम ने बताया कि प्लांट क्षेत्र से किसी प्रकार की प्रदूषण बाहर नही जायेगी।चिमनी से उत्सर्जित राख (आइस) दो स्तर का होगा।जिसमे एक बालू जैसा होगा एक पतला होगा।जिसका उपयोग सीमेंट फैक्ट्री एव इट निर्माण में योग्य होगा।प्लांट से निकलने वाली पानी को शून्य तरल निर्वहन किया जायेगा।

### रोजगार के अवसर होंगे प्रशस्त

एनटीपीसी में तीनो इकाइयो से 1980 मेघवाट विधुत की उत्पादन शुरू 2024 में शुरू होगी।तब उससे उत्सर्जित राख (आइस) 9600 टन का व्यापार का मार्ग खुल जायेगा।जिसका एनटीपीसी ने निविदा खोलकर रोजगार का मार्ग खोलेगी।इसका कोई भी निविदा में भाग लेकर अच्छी आय कर सकते है।

### किन-किन राज्यों को कितना बिजली मिलेगी

नॉर्थ करणपुरा एनटीपीसी पॉवर प्लांट पूर्ण रूप से जून 2024 तक तैयार होकर निर्बाध विधुत उत्पादन प्रतिदिन 1980 मेघावाट आपूर्ति करने लगेगी।जिसका एनटीपीसी ने झारखंड सरकार को 500 मेघावाट,ओडिसा को 396 मेघावाट,बिहार को 688 मेघावाट,पश्चिम बंगाल को 99 मेगा वाट बिजली आपूर्ति पावर ग्रिड से भेजी जायेगी।

## आटा चक्की से चोरी का असफल प्रयास

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल तोपा शोपिंग सेंटर स्थित सहकारी आटा चक्की की पीछे की खिड़की तोड़कर बुधवार की रात चोरों ने चोरी का असफल प्रयास किया। लेकिन जाते-जाते चोर खिड़की के राड ले गए। घटना की जानकारी चक्की संचालक ओरला निवासी प्रेम प्रसाद को गुरुवार की सुबह दुकान खोलने पर मिली।

## इस जीत के मायने

दिल्ली में एमसीडी चुनावों के नतीजे तब आये हैं, जब पूरा देश गुजरात और हिमाचल विधानसभा चुनाव नतीजों का दम साधे इंतजार कर रहा था। ऐसे में एमसीडी चुनाव नतीजों की जिस बात ने दोनों राज्यों में हो रही काउंटिंग को ज्यादा दिलचस्प बना दिया है, वह यह कि यहां एग्जिट पोल गलत साबित हो गये। एग्जिट पोल के मुताबिक, आम आदमी पार्टी बीजेपी का सूपड़ा साफ करने वाली थी। पार्टी ने बहुमत हासिल कर एमसीडी की सत्ता पर कब्जा जरूर कर लिया, लेकिन सूपड़ा साफ नहीं कर सकी। बीजेपी मजबूत विपक्ष बन कर आने में सफल रही। यह बात इसलिए भी मायने रखती है, क्योंकि 15 साल से बीजेपी का एमसीडी पर कब्जा था। बहरहाल, ये चुनाव कई और वजहों से भी अहम माने जा रहे थे। बीजेपी ने अगर अपने तमाम केंद्रीय मंत्रियों और बड़े-बड़े नेताओं को इसमें झोंक रखा था, तो वह कोई विशेष बात नहीं थी। विशेष बात यह थी कि 2014 के बाद से ही जहां लगभग पूरे देश में पीएम मोदी के नेतृत्व में बीजेपी का डंका बज रहा है, वहीं दिल्ली में केंद्रीय सत्ता की नाक के नीचे आम आदमी पार्टी अपनी बीन बजाये जा रही है। यहीं से केजरीवाल का दिल्ली मॉडल चर्चा में आ रहा है। इसी मॉडल की वजह से कुछ समय पहले पार्टी ने पंजाब में कांग्रेस को हरा कर जीत दर्ज की थी, जहां बीजेपी की राजनीतिक ताकत बहुत कम है। दिल्ली मॉडल को ही लेकर आम आदमी पार्टी हिमाचल और गुजरात में उतरी है। ज्यादातर एग्जिट पोल में दोनों राज्यों में बीजेपी की फिर से वापसी का दावा किया गया है, लेकिन जिस तरह से एमसीडी चुनावों में ये पोल गलत साबित हुए, उससे गुजरात और हिमाचल के नतीजों में दिलचस्पी बढ़ा दी। बहरहाल, दिल्ली में बीजेपी के पास एक मौका था, जब एमसीडी चुनावों के बहाने वह दिखा सकती थी कि दिल्लीवासियों पर कथित दिल्ली मॉडल का वैसा जादू नहीं है, जैसा आम आदमी पार्टी दावा करती है। मगर वह चूक गयी। चाहे कथित शराब घोटाले की बात हो या सत्येंद्र जैन को जेल में मिली सुविधाओं का सवाल या फिर यमुना की सफाई का मसला, ऐसा लगता है कि दिल्ली के मतदाताओं ने इन सबके बजाय आम आदमी पार्टी को एमसीडी में गुड गवर्नेंस का कमाल दिखाने का मौका देना ज्यादा महत्वपूर्ण माना। यह वोटिंग बिहेवियर के उसी पैटर्न की पुष्टि है, जिसके तहत दिल्ली में लोकसभा चुनावों में मोदी और विधानसभा में केजरीवाल के नाम पर वोट पड़ते देखे गये हैं। यह दोनों नेताओं की छवि की अलग-अलग तरह से मतदाताओं द्वारा पुष्टि भी है। इसका मतलब यह है कि गवर्नेंस लेवल पर दोनों नेताओं की अपनी साख है और एक ही वोटर इन दोनों को पसंद कर रहा है।

**दिल्ली में बीजेपी के पास एक मौका था, जब एमसीडी चुनावों के बहाने वह दिखा सकती थी कि दिल्लीवासियों पर कथित दिल्ली मॉडल का वैसा जादू नहीं है, जैसा आम आदमी पार्टी दावा करती है। मगर वह चूक गयी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**इस चुनाव में आप पार्टी की जीत से यह प्रतीत होता है कि दिल्ली की जनता ने इसको अपना पूर्ण समर्थन दिया है, लेकिन इसका बारीकी से विश्लेषण करते हैं, तो नजारा कुछ और ही देखने को मिलता है। पिछले 2017 के तीनों म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चुनाव में भाजपा के पास औसत 35 फीसदी का वोट शेयर था। वहीं, आम आदमी पार्टी के पास औसत 25 फीसदी वोट शेयर था। कांग्रेस के पास 20 फीसदी वोट शेयर था। बसपा के पास 6 फीसदी वोट शेयर था। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी का मत प्रतिशत 42.35 फीसदी के आसपास है।**

## दिल्ली एमसीडी चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा, लेकिन सीटें घट गयीं



सूरज नाथ शाहदेव

दिल्ली नगर निगम चुनाव केका नतीजा आ चुका है। सबसे पहले आम आदमी पार्टी को जीत की बहुत बहुत बधाई। 250 वार्डों में से आम आदमी पार्टी को 134 सीटों पर जीत हासिल हुई, तो वहीं भाजपा को 104 सीटों पर संतोष करना पड़ा। कांग्रेस को मात्र 9 सीटें ही मिली तथा निर्दलीयों को 3 सीटें मिली। इस बार के एमसीडी चुनाव में 1.45 करोड़ वोटरों में से लगभग 50.47 प्रतिशत से ज्यादा लोगों ने वोट डाला। दिल्ली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन का चुनाव पांच साल के लिए होता है। जिसमें पार्षद पांच साल के लिए चुने जाते है, तो वहीं मेयर एक साल के लिए चुना जाता है। पहले साल मेयर की सीट महिला के लिए आरक्षित होती है, तो अगले साल अनुसूचित जाति के आरक्षित होती है, फिर अगले तीन साल के लिए अनारक्षित होती है। 2012 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने दिल्ली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन को तीन भागों में विभाजित कर दी थी। उतर, दक्षिण और पश्चिम दिल्ली म्युनिसिपल कार्पोरेशन में, लेकिन भाजपा ने 2022 में तीनों म्युनिसिपल कॉपरेशन को एकिकृत कर मिला दिया। 2017 में एमसीडी के चुनाव में 271 वार्ड थे, लेकिन परिसीमन होने के बाद इसमे कमी आयी और कुल वार्ड 250 शेष रह गये। इस एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी और बीजेपी ने 250-250 उम्मीदवार खड़े किये थे, जबकि कांग्रेस ने 247 और 382 निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थे। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) ने 132 वार्ड, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने 26, जनता दल (यूनाइटेड) ने 22 और एआइएमआइएम ने 15 वार्ड पर चुनाव लड़ा था।

**250 वार्डों में से आम आदमी पार्टी को 134 सीटों पर जीत हासिल हुई, तो वही भाजपा को 104 सीटों पर संतोष करना पड़ा।**



दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार एमसीडी चुनाव में 50.48 प्रतिशत वोटिंग हुई। वहीं पिछली बार साल 2017 के एमसीडी चुनाव में 53 प्रतिशत मतदान हुआ था। साल 2017 में दिल्ली नगर निगम चुनाव में बीजेपी ने 270 वार्ड में से 181 पर जीत हासिल की थी। इसके अलावा आप ने 48 वार्ड और कांग्रेस ने 27 वार्ड में जीत हासिल की थी।

**भाजपा को पिछले चुनाव से ज्यादा वोट मिला पर सीट घट गयी :** इस चुनाव में आप पार्टी की जीत से यह प्रतीत होता है कि दिल्ली की जनता ने इसको अपना पूर्ण समर्थन दिया है, लेकिन इसका बारीकी से विश्लेषण करते हैं, तो नजारा कुछ और ही देखने को मिलता है। पिछले 2017 के तीनों म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन चुनाव में भाजपा के पास औसत 35 फीसदी का वोट शेयर था। वहीं, आम आदमी पार्टी के पास औसत 25 फीसदी वोट शेयर था। कांग्रेस के पास 20 फीसदी वोट शेयर था। बसपा के पास 6 फीसदी वोट शेयर था। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी का मत प्रतिशत 42.35 फीसदी के आसपास है। भाजपा के पास 39.23 फीसदी का वोट शेयर है। कांग्रेस को सिर्फ 12 फीसदी वोट शेयर रह गया। इससे साफ पता चलता है कि भाजपा की वोट प्रतिशत 35 प्रतिशत से बढ़ कर 39 प्रतिशत हो गया है, परंतु सीटें 181 से घट कर 104 हो गयी। कुल 77 सीटों का नुकसान हुआ भाजपा को। वहीं आम आदमी पार्टी को वोट 25 प्रतिशत के मुकाबले 42 प्रतिशत मिला, वो कही न कही कांग्रेस, बसपा और निर्दलीयों का वोट मिलता हुआ नजर आ रहा है। इस चुनाव में कांग्रेस बुरी तरह से पराजित हो गयी।

इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को फायदा और भाजपा को नुकसान हुआ है। भाजपा यहां 2007 से लगातार जीत रही थी। यानी 15 साल से एमसीडी पर उसका राज था। 2002 में यहां कांग्रेस जीती थी, लेकिन उससे पहले 1997 में भी यहां भाजपा को जीत मिली थी। इस चुनाव में भाजपा बहुमत के आंकड़े को छूने से पीछे रह गयी। आम आदमी पार्टी के लिए यह अच्छी खबर इसलिए है, क्योंकि अब तक वह सिर्फ विधानसभा के चुनाव में ही मजबूत थी। आम आदमी पार्टी को दिल्ली विधानसभा चुनाव में 53.57 फीसदी वोट मिले थे, जो इस चुनाव में मात्र 42 फीसदी रह गया। 11.22 प्रतिशत वोट आखिर कहां गये। भाजपा को विधानसभा चुनाव में 38.51 फीसदी वोट मिले थे, जो इस चुनाव में बढ़कर 39.26 प्रतिशत हो गया। यानी की भाजपा को पहले के मुकाबले ज्यादा वोट मिला, जबकि इस बार वोटिंग प्रतिशत में 3 फीसदी की गिरावट देखने को मिली।

**मुस्लिम इलाकों और झुग्गी झोपडियों में आप को झटका :** आम आदमी पार्टी ने भले ही सीटों के मामले में बीजेपी को पछाड़ दिया हो, लेकिन मतदाताओं के समर्थन के मामले में उसे अच्छा-खासा झटका लगा है। दिल्ली के मुस्लिम बहुल इलाके में आप को झटका लगा है। मुस्लिम बहुल इलाकों और झुग्गी बस्तियों में भी आम आदमी पार्टी के कई उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मुस्लिम और गरीब, दोनों तबकों में से कुछ वोट आप से छिटक गए हैं। मुस्लिम बाहुल्य 6 विधानसभाओं के 23 वार्डों में से आप को महज 8 वार्ड पर जीत मिली है। बल्लीमारान के 3 वार्डों में से 2 पर आम आदमी पार्टी और एक पर बीजेपी जीती है। मुस्तफाबाद विधानसभा के सभी पांच वार्ड आम आदमी पार्टी हारी है। सीलमपुर विधानसभा के सभी 4 वार्ड में आम आदमी पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ा है। ओखला विधानसभा के 5 वार्ड में से 4 वार्ड पर हार मिली और सिर्फ 1 पर जीत मिली। मटिया महल विधानसभा की सभी 3 वार्ड आप ने जीते। चांदनी चौक विधानसभा के भी सभी 3 वार्ड से आप ने जीते। कांग्रेस की 9 सीटों में से 7 सीटें मुस्लिम उम्मीदवारों ने जीत हासिल की।

कांग्रेस के 188 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गयी। वही बीजेपी के 10 और आम आदमी पार्टी के 3 उम्मीदवारों सहित कुल 784 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई है. आवैसी की पार्टी AIMIM के 13, बीएसपी के 128, जेडीयू के 22 और एनसीपी के 25 उम्मीदवारों की भी जमानत जब्त हुई है।

**दिल्ली की जनता ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर वोट की है :** अगर हम एमसीडी की चुनाव का अध्ययन करें तो हम पाते हैं कि दिल्ली की जनता ने भ्रष्टाचार के मुद्दे को तबज्जो दी है। जहां आम आदमी पार्टी के नेता सह उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, जिनका नाम शराब घोटाले में आया उनके विधानसभा क्षेत्र में 4 वार्ड आते है, उनमें से 3 वार्ड में भाजपा को जीत मिली। वहीं अगर हम सत्येंद्र जैन की विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले वार्डों की बातों करे तो वहां तीन वार्ड में भाजपा को जीत मिली। आम आदमी पार्टी के नेता अमानतुल्ला खान के वार्ड में कांग्रेस को जीत मिली। अरविंद केजरीवाल जिस वार्ड में रहते है, उस वार्ड में भी आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को मुश्किल से जीत हासिल हुई।

**वोट प्रतिशत में कमी भाजपा की हार का कारण :** इस बार के एमसीडी के चुनाव में 50.47 फीसदी ही वोट डाले गये, जबकि पिछले बार यह 53.55 प्रतिशत थी। दिल्ली के पॉश इलाके में कम वोटिंग हुई। ऐसा कहा जाता है कि पॉश इलाके के मतदाता भाजपा माइंडेड होते हैं, जो वोट करने इस बार गये ही नहीं। मुस्लिम और गरीब तबके के मतदाताओं ने खूब वोट किये। भाजपा पिछले 15 सालों से एमसीडी पर राज कर रही थी। भाजपा के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी भी देखने को मिली। दिल्ली में कूड़े के पहाड़ के लिए भाजपा को दोषी माना गया। भाजपा के कोर वोटर्स में इसके खिलाफ नाराजगी देखने को मिली थी। चूंकि वे आम आदमी पार्टी को वोट नहीं दे सकते, अतः वोटिंग करने ही नही गये।

**(लेखक : राजनीतिक विश्लेषक एवं स्वतंत्र स्तंभकार हैं।)**

# जमशेदपुर की खबरें

### तिरंगे का अपमान, फाड़ कर बनाया डस्टर

## स्कूल को ग्रामीणों ने घेरा, कहा पहले भी कर चुके हैं इस तरह की हरकत, नहीं होने देते सरस्वती पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** स्कूल शिक्षक पर तिरंगा फाड़ कर डस्टर बनाने का आरोप लगा है। पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला बोर्ड मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सफक इकबाल पर यह गंभीर आरोप लगा। स्कूल को ग्रामीणों ने घेर लिया, जिसके बाद तुरंत पुलिस पहुंची और सुरक्षा के लिहाज से शिक्षक को स्कूल के बाहर निकाला गया है। ग्रामीण आक्रोशित हैं और शिक्षक पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### कैंची से काट कर बना दिया तिरंगे को डस्टर

शिक्षक पर आरोप है कि क्लास चल रही थी। इस बीच शिक्षक ने ब्लैक बोर्ड साफ करने के लिए तिरंगे को फाड़ दिया। स्कूल के प्रधानाध्यापक द्वारा राष्ट्रीय तिरंगा को कैंची से काट कर डस्टर बनाया गया। पहले अपनी कुर्सी पोंछी, फिर ब्लैक बोर्ड को साफ किया। बच्चे क्लास में मौजूद थे। छात्र जब घर लौटे, तो ग्रामीणों को यह जानकारी मिली। नाराज ग्रामीणों ने पूरे स्कूल को घेर लिया और शिक्षक से सवाल जवाब किये।

### फटा झंडा शिक्षक की अलमारी से हुआ बरामद

**ग्रामीणों ने शिक्षक से इस हरकत पर सवाल किया तो उन्होंने कहा, मुझे इस संबंध में जानकारी नहीं थी। पहले शिक्षक ने आनाकानी की, लेकिन जब आधा फटा हुआ तिरंगा स्कूल के हेड मास्टर की अलमारी से बरामद हो गया, तो ग्रामीण भड़क गये और विरोध करने लगे। इसके बाद शिक्षक ने अपनी गलती मानी और कहा, झंडा पुराना था, चूहे ने काट दिया था। मुझे लगा कि इसका इस तरह इस्तेमाल कर सकते हैं तो हमने कर लिया। मुझसे गलती हुई है। मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं थी।**

### शिक्षक पर सख्त कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं ग्रामीण

**ग्रामीण अब हेड मास्टर को हटाने की मांग पर अड़े हैं। छात्रों का आरोप है कि ना सिर्फ तिरंगा फाड़ा गया, बल्कि उससे कुर्सी भी पोछी गयी। ग्रामीणों ने अधिकारियों से इस मामले पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह पहली बार नहीं है। इस शिक्षक के खिलाफ इस तरह के कई मामले पहले भी आये हैं। स्कूल में पहले छात्र मिल कर सरस्वती पूजा करते थे। इन्होंने आने के बाद इस पर भी रोक लगा दी है।**

### लिखित शिकायत दर्ज करने का आदेश

इस मामले पर कार्रवाई के लिए बीईओ सुबोध राय, मेजिस्ट्रेट केशव भारती, थाना के एएसआइ असगर अली, अजित कुमार, जिप कर्ण सिंह, मुखिया प्रफुल हांसदा की उपस्थिति में जांच हुई। बीईओ ने स्कूल के शिक्षक को लिखित शिकायत दर्ज करने का आदेश दिया है।

### विधायक मंगल कालिंदी छोटा गोविंदपुर क्षेत्र की समस्याओं से हुए अवगत

## विधायक के पहुंचते ही कई समस्याओं का निकला समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को लेकर काफी गंभीर है। विधायक ने लगातार ग्रामीण क्षेत्र का दौरा कर समस्याओं से अवगत होकर समाधान निकालने का प्रयास करने में लगे रहते है। गुरुवार को विधायक मंगल कालिंदी ने जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के दक्षिणी छोटा गोविंदपुर का दौरा किया। विधायक ने क्षेत्र का निरीक्षण कर दक्षिणी छोटा गोविंदपुर के पंचायत भवन पहुंचें। जहा ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओ की जानकारी ली। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। मौके पर उन्होंने कहा क्षेत्र में पेयजल, सड़क, बिजली एवं अन्य समस्या से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जानकारी मिलते ही विधायक ने मौके पर ही टेलीफोन के माध्यम से पदाधिकारियों से बात कर ग्रामीणों की समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से भी वार्ता की। उन्होंने अधिकारियों को मंगलवार को उनके साथ क्षेत्र का दौरा करने व सभी समस्याओं का निदान निकालने की बात कही। वही विधायक ने मार्च माह में विधायक निधि से प्राथमिकता के आधार पर सड़क निर्माण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा दक्षिणी छोटा गोविंदपुर क्षेत्र की कुछ समस्याओं को लेकर लगातार क्षेत्र के लोग संपर्क में थे। गुरुवार को क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय ग्रामीणों की सभी समस्याओं से अवगत हुए। कई समस्याओं को मौके पर ही समाधान के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। विधायक ने कहा क्षेत्र में जनता की समस्याओं का समाधान करना जनप्रतिनिधि का दायित्व है। उसको लेकर हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मौके पर मुखिया आलोक सांडी, नवमी सिंह, उत्तम गोप, नंदूपाजी, सागर महतो, उमाकांत कुमार, राम चौधरी, मोतीलाल कालिंदी, उप मुखिया संगीता चौधरी, देवचरण कर्मकार, कौशल कुमार भगत, बालिका गोप, पिंकी गोप, प्रमिला गोप, संध्या गोप, मंजू बारदा, अर्जुन ठाकुर, पूनम हो, रानी कर्मकार, रेणुका महतो, मालती महतो, पदमा महतो के आलावे सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हिमाचल में कांग्रेस की जीत पर लौहनगरी में बांटा लड्डू, जश्न का माहौल

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के नव नियुक्त कार्यकरणी जिला अध्यक्ष नगर धर्मेंद्र सोनकर का सिदगोड़ा में कांग्रेसियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वही हिमाचल में कांग्रेस पार्टी की जीत होने पर उत्साहित कांग्रेस के कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी करते हुए लड्डू का वितरण किया। वहीं कांग्रेसियों ने ढोल नगड़े के साथ कार्यकारिणी नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर को माला पहनाते हुए शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत पर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान हिमाचल की चट्टानी एकता का इजहार करते हुए बम्पर जीत पर जनता के बीच लड्डू वितरण किया गया। मौके पर बबलू झा ने कहा हिमाचल में कांग्रेस पार्टी की जीत इतिहासिक है। उन्होंने पूर्वी सिंहभूम जिले के कार्यकताओं को लगातार सक्रिय रह कर आम जनता की समस्या का हल निकालते हुए कांग्रेस के विचारधारा से जोड़ने का आग्रह किया। मौके पर राजा सिंह, अजितेश सिंह, लक्की शर्मा, संध्या दास, एमनाग, कृष्ण, अमित, गोलू सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

### जमशेदपुर की डीसी ने कई विभागों की लगायी क्लास, 6 घंटे तक लगातार की बैठक

## स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों के अधिकारियों को फटकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के डीसी ऑफिस में जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर उपायुक्त ने पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये। सभी पंचायत सचिवों को प्रत्येक मंगलवार पंचायत सचिवालय में मनरेगा की जनसुनवाई का निर्देश दिया गया। जिले में 519 वीएलइ हैं जो झारसेवा पोर्टल पर रजिस्टर्ड हैं। सरकारी कार्यों को प्राथमिकता नहीं देते हुए दूसरे कार्यो में उनके लगे होने का मामला संज्ञान में आने पर उपायुक्त द्वारा सख्त निर्देश दिया गया कि सभी वीएलइ को सरकारी कार्यों में लगायें, उनका रजिस्ट्रेशन सरकारी कार्यों में सहयोग के लिए मिला है, सरकारी कार्य में अनिच्छा जाहिर करते हैं तो जिला को उनका रजिस्ट्रेशन रद्ध करने के लिए प्रस्ताव भेजें। मनरेगा की समीक्षा के क्रम में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत प्राप्त 2306 नये आवेदन, तथा दीदी बाड़ी योजना के 4012 आवेदनों को जांचोपरांत स्वीकृति प्रदान करते हुए सभी बीडीओ को मानव दिवस सृजन में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। प्रति गांव 5 योजना लेने में जिला का औसत 2.95 है। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक पंचायत में 5 योजना संचालित हो रहे हों इसे सुनिश्चित करें, जो जॉब कार्ड एक्टिव नहीं हैं उन्हे चिन्हित करते हुए रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिया गया। वहीं आधार सीडिंग को कैंप मोड में 15 दिनों में पूरा करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा निदेशित किया गया कि वित्तीय वर्ष 2019-20 से पहले की ट्रेंच कम बंड, फिल्ड बंड, डोभा, तालाब जैसी योजनाओं को अगले 10 दिनों में क्लोज करें। बैठक में बिरसा हरित ग्राम योजना, नाडेप-सोक पीट के योजनाओं की भी समीक्षा की गई। पीएम आवास योजना- ग्रामीण की समीक्षा के क्रम में 1970 आवास ऐसे पाये जिसमें पहला किश्त जारी हुए 12 महीना हो चुका लेकिन निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। वहीं वित्तीय वर्ष 2019-20 के 307 एवं 2020-21 के 508 आवास अब तक लंबित हैं. उपायुक्त द्वारा ऐसे लाभुकों को 15 दिनों का नोटिस देते हुए आवास निर्माण कार्य पूरा कराने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं से सहयोग लेने, इसके बावजूद आवास का निर्माण नहीं कराते हैं तो लाभुक से आवास की राशि वसूलने का सख्त निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि विकास योजनाओं की राशि सही तरीके से लाभुक खर्च करें, उनके निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए यह राशि नहीं उपलब्ध कराई जाती है। 15वां वित्त की राशि से सभी आंगनबाड़ी केन्द्र एवं सरकारी विद्यालयों में चापाकल मरम्मति का निर्देश दिया गया।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# सीएम के गढ़वा पहुंचने पर मंत्री, आयुक्त, डीआइजी, डीसी, एसपी ने किया स्वागत





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गढ़वा पहुंचने पर स्थानीय हेलीपैड पर पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश कुमार ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी, प्रमंडलीय आयुक्त जटा शंकर चौधरी, डीआइजी राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त रमेश घोलप, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा सहित कई पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा बुके एवं गढ़वा की प्रसिद्ध देवी मां गढ़देवी की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया। मौके पर जिला प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

गोविंद उवि के मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की खतियानी जोहार यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ी। जिले के विभिन्न गावों से काफी संख्या में लोग शामिल हुए। सुबह से ही शहर में कार्यक्रम में शामिल होने वालों की भीड़ उमड़ रही थी। पूरे शहर में जाम की स्थिति बनी हुई थी। जगह-जगह पर बैरेकेडिंग लगा हुआ था। शहर में सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर रोक थी। कार्यक्रम में भी काफी संख्या में लोग शामिल हुए। भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## जनता की समस्याओं से रू ब रू हुए मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के विभिन्न जिलों के भ्रमण कार्यक्रम का शुभारंभ गढ़वा जिला से किया। मुख्यमंत्री जिला परिभ्रमण के दौरान आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना तथा राज्य सरकार की ओर से हरसंभव उनकी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री का गढ़वा जिला की जनता ने भव्य स्वागत किया एवं जिले में लोक कल्याणकारी योजनाओं के संचालन हेतु मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासंघ के झारखंड प्रदेश आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन गढ़वा की सेविका तथा सहायिकाओं ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। वहीं झारखंड खेल नीति के लिए गढ़वा के खिलाड़ियों ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने टावर चौक स्थित पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एवं अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री ने टाउन हॉल गढ़वा परिसर में शहीद नीलाम्बर पीताम्बर की भव्य प्रतिमा का अधिष्ठापन के लिए भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम में मंत्री, श्रम रोजगार प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, सत्यानंद भोक्ता, मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मिथिलेश कुमार ठाकुर, मंत्री, कृषि विभाग बादल, गढ़वा जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, आयुक्त पलामू प्रमंडल जटाशंकर चौधरी, डीआइजी पलामू प्रमंडल राजकुमार लकड़ा, गढ़वा जिला के उपायुक्त रमेश घोलप, गढ़वा के पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सरकार राज्य की जनता के प्रति संवेदनशील: मंत्री

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक सह पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि उनकी सरकार राज्य की जनता के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि विकास का जो हमने वादा किया था वह पूरा हो रहा है। बिजली, पानी, सड़क, टाउन हॉल, घंटाघर, समाहरणालय का भवन निर्माण जैसे कई उपलब्धियों को गिनाते हुए मिथिलेश ठाकुर ने विरोधियों पर प्रहार करते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल के लोग नाहक विलाप कर रहे हैं। उनके चश्मा में विकास नहीं दिखता है। वह खतियानी जोहार यात्रा का शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे।

कार्यक्रम को कैबिनेट मंत्री बादल पत्रलेख, सत्यानंद भोक्ता तथा झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजाद अनवर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन झामुमो के गढ़वा जिला प्रवक्ता धीरज कुमार दुबे ने किया। मंच पर विभिन्न दलों के कई लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इसके पूर्व सीएम ने शहर के रंका मोड़ पर स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर मल्यार्पण किया। साहिजना मोड़ पर स्थापित बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। हेमंत सोरेन ने दीप प्रज्वलित कर, गुब्बारा तथा कबूतर उड़कर किया खतियानी जोहार यात्रा का शुभारंभ किया।

## मुख्यमंत्री का किया भव्य स्वागत, हेलीकॉप्टर से की गयी पुष्पवर्षा

खतियान जोहार यात्रा का शुभारंभ करने गढ़वा पहुंचे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का यहां भव्य स्वागत किया गया। हेलीपैट पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। रंका मोड़ से कार्यक्रम स्थल तक हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। साथ ही हेलीपैड से रंका मोड़ एवं कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने तक कई जगहों पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। दानरो नदी पुल पर जिले के खिलाड़ियों ने उन्हें सम्मानित किया। जबकि नहर चौक पर भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। जगह-जगह तोरण द्वार बनाए गए थे। कार्यक्रम मंच पर कार्यकताओं ने बड़ा माला पहना कर मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। साथ ही मां गढ़देवी में तस्वीर भेंट की गयी। जगह-जगह तोरण द्वार लगाये गये थे। मुख्य मुख्यमंत्री के गढ़वा गमन पर जिला एवं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा की चाक-चौबंद प्रबंध की थी।

## बंशीधर महोत्सव का आयोजन जल्द होगा : मुख्यमंत्री

श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन जल्द किया जायेगा, इसकी घोषणा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा गुरुवार को गढ़वा में आयोजित अपने जोहार यात्रा कार्यक्रम के मंच से की गई। उन्होंने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि अगर पहले इसका स्मरण दिलाया जाता तो मंच से ही तिथि की घोषणा कर देते। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि बहुत जल्द महोत्सव के तिथि की घोषणा कर दी जायेगी। बता दें कि हेमंत सोरेन सरकार द्वारा बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित किया गया है। वर्ष 2017 और 2018 में यहां पर बंशीधर महोत्सव का आयोजन किया गया था। कोरोना के कारण बंशीधर महोत्सव बंद था।

## खतियानी जोहार यात्रा के मंच से भोजपुरी कलाकारों ने विखेरा जलवा

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा में खतियानी जोहार यात्रा के मंच से टाऊन हॉल के मैदान में निशा उपाध्याय भोजपुरी कलाकार ने जलवा विखेरा। जिसमें कई स्थानीय कलाकार कुणाल तिवारी, ममता राउत तथा अमृता दीक्षित आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। लोगों ने कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

## करंट की चपेट में आने से पुआल जलकर राख

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र परसाडीह गांव में गुरुवार के सुबह पुआल लदा हुआ ट्रैक्टर विद्युत प्रवाहित एलटी तार के संपर्क में आने से ट्रैक्टर पर लोड पुआल धूं-धूं कर जलने लगा। ट्रैक्टर पर लोड पुआल जलता देख आस पास के ग्रामीण पहुंचे तथा पास के खेतो में पटवन के लगायी गई मोटर पंप से पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। इस घटना में ट्रैक्टर मालिक कोण मंडरा निवासी सुभाष यादव को पांच हजार की आर्थिक क्षति हुई है। ग्रामीणों के अनुसार कोण मंडरा निवासी सुभाष यादव द्वारा खरीदा हुआ धान का पुआल गुरुवार के सुबह अपने ट्रैक्टर पर लोड कर घर ले जाया जा रहा था, तभी परसाडीह गांव के पास मुख्य सड़क पर नीचे झुका हुआ विद्युत प्रवाहित एलटी तार के संपर्क में पुआल आने से जलने लगा। जिसे देख ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया।

## जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं नवाचार के तहत गढ़वा में कक्षा 6 से 8 एवं 9 से 12 तक के छात्र छात्राओं के लिये जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन दिसंबर माह के तीसरे सप्ताह में होगी। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा ने पत्र जारी कर जिले के सभी बीईईओ को निर्देश दिया है कि दोनो कोटि के विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय स्तर पर 10 दिसंबर तक जबकि प्रखंड स्तर पर 15 दिसंबर तक कराना सुनिश्चित करें।पत्र में प्रखण्ड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी का नाम जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए विहित प्रपत्र में भेजने का निर्देश दिया गया है।

## कंप्यूटर ऑपरेटर संघ तीन दिवसीय अवकाश पर

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य आजीविका कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के द्वारा जेएसएलपीएस के अन्तर्गत कार्यरत राज्य के सभी डाटा इंट्री ऑपरेटर के अपनी मूलभूत सुविधाओं के मांगो को लेकर कोई भी सकारात्मक पहल नहीं होने के विरोध में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश 8 दिसंबर से 10 दिसंबर तक पर चले गये है। गुरुवार से राज्य के सभी डाटा इंट्री ऑपरेटर सामूहिक अवकाश में है। इस विषय मै जिला अध्यक्ष नीरज मिश्रा ने बताया कि हम सभी डाटा इंट्री ऑपरेटर 2014 से जेएसएलपीएस में कार्य कर रहे है, जिसके तहत हर तरह के योजना जैसे कि सबकी योजना सबका काम विकास, जीसेलपीएस का एमआईएस काम, एनआरएलएम एवं विभिन्न योजनाओं का ऑनलाइन एंट्री काम कराया जाता है, लेकिन कम्प्यूटर ऑपरेटरों को इससे जुडी कोई भी मूलभूत सुविधाएं जैसे पीएफ, इंसुयोरेंस, मेडिकल सुविधा सहित कोई भी उचित मानदेय इत्यादि नही दिया जाता है। कहा कि अगर हमारी मांगों पर सकारात्मक पहल विभाग के द्वारा नहीं होती है, तो हम सभी डाटा इंट्री ऑपरेटर आंदोलन की ओर धराधर तरीके से करने के लिए अग्रसर होंगे। राज्य कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के अध्यक्ष कर्ण कुमार ने कहा कि हमारी मांगो पर जल्द से जल्द विभाग सकारात्मक पहल करें और हम सभी डाटा इंट्री ऑपरेटर को जेएसएलपीएस के मानव संसाधन नियमावली में जोड़ने की पहल करे।

## भंडरिया प्रखंड की फुटबॉल टीम बनी विजेता

**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया प्रखंड के फुटबॉल टीम ने खेलो झारखंड के तहत आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजय प्राप्त कर लिया है। इन्हें अब राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन कर लिया गया है। इसकी जानकारी दे बीबीते हुए भंडरिया बीआरसी कार्यालय के बीपीएम रवि कुमार ने कहा कि खेलो झारखंड प्रतियोगिता के तहत भंडरिया प्रखंड की फुटबॉल टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया था। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भंडरिया की टीम विजय हुई है।अब राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है ।आने वाले दिनों में राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में भंडरिया की टीम पूरी तैयारी के साथ उतरेगी। इस मौके पर भंडरिया प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विद्यासागर मेहता,सीआरपी सत्यनारायण यादव, विजयकृष्णन, बीआरपी शमशेर अंसारी, अकाउंटेंट धनंजय गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

### बरडीहा प्रखंड की जनता को स्वास्थ्य में थोड़ी राहत मिली

## हल्की-फुल्की बीमारी का बरडीहा में ही होगा इलाज



सुशील कुमार यादव

**बरडीहा।** गुरुवार से बरडीहा में सरकारी अस्पताल चालू होने से दूसरे दिन 39 लोगों को सर्दी ,बुखार से ग्रसित मरीज को इलाज किया गया। इस संबंध में एमपीडब्ल्यू दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया कि सिविल सर्जन और गढ़वा उपायुक्त के निदेर्शानुसार सरकारी अस्पताल को खोला गया है जो कि आज दूसरे दिन सर्दी और बुखार से ग्रसित 39मरीज को सलाह देते हुए सही समय पर दावा का सेवन करने के लिए जानकारी दिया गया। उन्होंने कहा कि सुबह 10 बजे से लेकर फिलहाल अभी 4 बजे तक अस्पताल खुला रहेगा। बताते चलें कि बरडीहा सरकारी अस्पताल नहीं रहने के कारण प्रखंड वासियों को इलाज करवाने के लिए बरडीहा से 15 किलोमीटर दूर मझिआंव जाना पड़ता था जिससे काफी परेशानी हो रही थी इसी को देखते हुए बरडीहा में सरकारी अस्पताल करोड़ों रुपए की लागत से 1 वर्ष पहले ही बनकर तैयार हो गया था जो कि चालू नहीं होने कारण विरान पड़ा हुआ था जो कि अस्पताल चालू होने से प्रखंड वासियों को खुशी देखी जा रही है। आज अस्पताल में उपस्थित एमपीडब्ल्यू दिलीप कुमार गुप्ता, एएनएम-देवंती देवी, गार्ड-अवधेश यादव उपस्थित थे।

## तालाब के पास फेंका गया आवेदन फर्जी: जांच टीम

### दुर्भावना से ग्रसित होकर फर्जी आवेदन फेंका गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** बीते दिनों अरसली उतरी पंचायत में तालाब के समीप देवी धाम के पास सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आये आवेदन फेंके जाने संबंधी खबर अन्य अखबार में प्रकाशित होने के बाद बीडीओ जयपाल महतो के निर्देश पर गठित प्रखंड स्तरीय टीम ने मामले की जांच की। जांच टीम ने पाया कि फेंके गए कृषि पशुपालन, पशुधन, मनरेगा, बीज वितरण, मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना तथा केसीसी से संबंधित उक्त सभी 44 आवेदनो में से एक भी आवेदन सरकार आपके द्वार के पोर्टल पर अंकित नही है। साथ ही जांच टीम के द्वारा फेंके गए आवेदनो के बारे में ग्रामीणों से जानकारी ली गयी। गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा दुर्भावना से ग्रसित होकर फर्जी तरीके से शिविर में पहुंचे लोगो से आवेदन लेकर इसे फेंका गया था।

मौके पर मौजूद ग्रामीण विजय कुमार गुप्ता उर्फ नेपाल गुप्ता ने जांच टीम को बताया कि बीते 6 दिसंबर के सुबह साढ़े पांच बजे मैं और जसमुद्दीन मियां उत्तर दिशा के तरफ घूमने जा रहे थे, जैसे ही देवीधाम के पहुंचे तो गांव के ही अख्तर अंसारी पिता स्व. हनिफ मियां ने पीछे से हल्ला कर के बोला कि मैं भी चल रहा हूं, जब हमलोग रुके तो अख्तर अंसारी ने हमलोगो को पीछे बुलाकर सरकार आपके द्वार के 25-30 फार्म रास्ते में फेंका हुआ दिखायें तथा कहा कि मिडिया वालो को फोन कीजिये। जब मैंने कहा कि मिडिया वालो का नम्बर मेरे पास नही है, तो अख्तर अंसारी ने नंबर दिया तो फोन कर के मैंने मिडिया वालो को इसकी सूचना दी। बताया कि उक्त सभी आवेदन तत्काल का फेंका हुआ था, अगर रात में फेंकी गई होती तो आवेदन पर शीत से भींगी होती। इसके बाद जांच टीम ने फेंकी गई विभिन्न योजनाओं से जुडी आवेदनों की बारी बारी से सरकार आपके द्वार के पोर्टल से मिलान किया लेकिन एक भी आवेदन सही नही पाया गया। उक्त आवेदनो पर किसी भी प्रखंड पदाधिकारी और कर्मी का हस्ताक्षर भी नहीं था। जांच टीम में प्रखंड लिपिक प्रभा शंकर दुबे, मनरेगा बीपीओ दयानंद प्रजापति, प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राजगीर कुमार थे।

## जब नीति लागू ही नहीं हुई है तो आभार किस बात का: सत्येंद्रनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खतियानी जोहार यात्रा पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि जब 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति लागू ही नहीं हुआ है, तो आभार किस बात का। पूर्व विधायक ने कहा कि गढ़वा सहित राज्यभर में अपराधी बेलगाम हो चुके है। सभी विभागों में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। मुख्यमंत्री अपना पीठ खुद थपथपा रहे है। उन्होंने कहा कि सीएम को आभार यात्रा से पहले राज्य में बढ़े अपराधिक घटनाओं पर रोक लगानी लगाना चाहिए। राज्य सरकार 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति के नाम पर जनता को दिगभ्रति कर रही है। उन्होंने कहा कि 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति का भाजपा भी पक्षधर है। लेकिन वर्तमान सरकार इस मामलें को उलझाना चाहती है। एक तरफ सीएम विधानसभा में कहते है कि 1932 के आधार पर नियोजन नीति बन ही नहीं सकता है। वहीं दूसरी ओर विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर इसे पारित कराते है। उन्होंने कहा कि विशेष सत्र में पारित विधेयक अभी तक उक्त प्रस्ताव राज्यपाल के पास नहीं पहुंचा है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि हेमंत सरकार 1932 के आधार पर नियोजन नीति लागू कराने में कितना गंभीर है। सीएम अपनी कुर्सी जाते देख जनता को फिर से धोखा देने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि सीएम को खतियान आभार यात्रा से पहले युवाओं की समस्या, रोजगार, अपराधिक घटनाएं, अवैध खनन पर रोक लगाने की दिशा में काम करना चाहिए।


**Office of the
Executive Engineer-cum-member secretary
Drinking Water and Sanitation Committee, Hazaribagh**
Email: eedwsd.hazaribagh@gmail.com

On behalf of the Government of Jharkhand, the Drinking Water and Sanitation Department invites scaled tender offers (Eligibility and price) for "Hiring of Agency for Implementation of Gobardhan project in Hazaribagh, Jharkhand.

**The Summary of tender details is as below-**

| Sr. | Item Details | Particulars |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | SBMG/DWSD/Gobardhan/01/2022-23 |
| 2 | Tender Fee | Rs. 5,000/- (Rupees Five thousand only) |
| 3 | BID Security (EMD) | Rs. 1,00,000/- (Rupees One Lakh only) |
| 4 | Pre-Bid Conference (Address) | OFFICE OF THE Executive Engineer SWACHH BHARAT MISSION (GRAMEEN) Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribagh DVC Chowk, Hazaribagh- 825301 Phone: - 8002093156 Email: - eedwsd.hazaribagh@gmail.com |
| 5 | Address of Communication | OFFICE OF THE Executive Engineer SWACHH BHARAT MISSION (GRAMEEN) Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribagh DVC Chowk, Hazaribagh- 825301 Phone: - 8002093156 Email: - eedwsd.hazaribagh@gmail.com |
| 6 | Telephone Number | 8002093156 |
| 7 | Contact Person | Executive Engineer |
| 8 | Email Contact | eedwsd.hazaribagh@gmail.com |

**Tender Calendar:**

| Item Details | Target Date |
|---|---|
| Last date and time for submission of bids. | 29th Dec 2022 at 04:00 PM |
| Opening of Eligibility/Technical Bids. | 30th Dec 2022 at 03:00 PM |

**Note: -** Eligible bids will be opened in the presence of bidders on the specified date. Notice of any changes will be notified on the official website of DWSD. Further, the Price bid/Financial bid Opening Date, Time & Venue will be intimated to the qualified Bidders on a later date.

The Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribagh reserves the right to accept, reject any tender offer or cancel the entire process without assigning any reason thereof.

All the EOI/Tender related document can be seen on **Website-Hazaribag.nic.in and office notice board.**

**Executive Engineer-cum-member Secretary,
Drinking Water & Sanitation Committee,
Hazaribagh**

PR 284520 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)



झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

निविदा आमंत्रण सूचना सं0 - DWSD/Gumla/Basia/10/2021-22 दिनांक – 08.12.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम :– Detailed survey, designing and drawing, construction of R.C.C Intake Well cum Pump House, Weir, R.C.C Gangway 190 M long and 3.00 M wide, 9.25 MLD capacity conventional Water Treatment Plant, RCC Elevated Service Reservoir-15 nos, RCC Ground Service Reservoir-1 no, Staff Quarter, compound wall, N.H Crossing, Approach road, Supplying and laying Raw and Clear Water rising main and Distribution network, House Connection, Supplying and Installation of VT and Centrifugal pump motor, Five years operation & maintenance with allied works etc. All complete job for **Basia Block Rural Water Supply Scheme** under D.W & S Division Gumla on turnkey basis" **Head-JJM** 2022-23 | |
| 2 | प्राक्कलित राशि :– | 13620.37 लाख रूपये |
| 3 | अग्रधन की राशि :– | 136.50 लाख रूपये |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि :– | 27 माह + 3 माह for Trial Run for Rectification of defects etc. |
| 5 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– | 14.12.2022, 04.00 बजे अपराहन तक। |
| 6 | प्री बीड मीटिंग की तिथि :– | 20.12.2022, 01.00 अपराहन में अभियन्ता प्रमुख, का कार्यालय, नेपाल हाउस, राँची |
| 7 | बीड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– | 26.12.2022, 5.00 बजे अपराहन तक। |
| 8 | बैंक गारंटी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की अन्तिम तिथि, समय एवं स्थान :– 27.12.2022, 5.00 बजे अपराहन तक, (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला के कार्यालय में (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल गुमला के कार्यालय में (3) क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रक्षेत्र राँची के कार्यालय में | |
| 9 | निविदा के तकनीकी बीडों के खोलने की तिथि एवं समय :– | 28.12.2022, 12.00 बजे अपराहन से |
| 10 | निविदा के वित्तीय बीडों के खोलने की तिथि :– | बाद में सूचित किया जाएगा |
| 11 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी एवं कार्यालय का पता :कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला। | |
| 12 | प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नं0 | 06524–223058 |
| 13 | ई प्रोक्ययोरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 7488491963 |

नोट :– वैसे संवेदक जो पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित नहीं हैं, वे भी निविदा में भाग ले सकते हैं परन्तु कार्यावंटन के 60 दिनों के अन्दर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधन करवा लेना अनिवार्य होगा। ऐसी स्थिति में उन्हें विभागीय पत्रांक 676(CDO) दिनांक 20.10.2012 के अनुसार इस आशय का शपथ–पत्र देना अनिवार्य होगा कि राज्यान्तर्गत किसी भी थाने में उनके विरूद्ध कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं है और वे निविदा के अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं। प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**

PR 284580 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

## फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**किस्को/लोहरदगा।** उपायुक्त के आदेशानुसार जिले के सभी प्रखंडों और पंचायतों में युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में बढ़ावा देने हेतु सद्भावना मंच का गठन कर खेल के क्षेत्र में आगे लाने और युवाओं के अंदर छूपे हुए प्रतिभा में निखार लाने हेतु जिला प्रशासन एवं प्रचंड प्रशासन के अलावा सभी क्षेत्रों के जनप्रतिनिधिगण और सामाजिक कार्यकताओं व प्रबुद्धजनों के द्वारा बेहतर पहल किया जा रहा है। इसे लेकर किस्को प्रखंड मुख्यालय के बगल पर स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में स्थित फुटबॉल मैदान में प्रखंड स्तरीय सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इधर मैदानी सफलता नहीं मिलने पर ट्राई ब्रेकर का सहारा लिया गया जिसमें परहेपाट की टीम 4 गोल से विजयी हुआ। इधर विजेता एवं उप विजेता टीम को संबोधित करते हुए बीडीओ सह सीओ ने कहा कि किसी प्रकार के खेल में अनुशासन और परिश्रम से सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करें सफलता अवश्य मिलेगी।

## अधिक से अधिक युवाओं को बूथ तक जोड़े : विशाल



**कैरो।** प्रखंड युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड अध्यक्ष तीला उरांव की अध्यक्षता एवं जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग की उपस्थिति में प्रखंड कांग्रेस कार्यालय कैरो में की गयी। जिसमे प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से कार्यकर्ता गण शामिल हुए, और संगठन की मजबूती एवं विस्तार संबंधी चर्चा की गयी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को बूथ से जोड़ें और जल्द से जल्द प्रखंड कमिटी का विस्तार करें, एवं कार्यक्रम में झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा भी की गयी और अधिक से अधिक ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने की बात कही गई कार्यक्रम में सभी लोगो ने अपनी अपनी विचारो को रखा, मुख्य रूप से उपस्थित नगर अध्यक्ष तैसिफ आलम, शोसल मीडिया जिला कोऑर्डिनेटर अल्ताफ अंसारी, रंजीत लकड़ा सदस्य, मीडिया प्रभारी जुबैर अंसारी, रोहित प्रजापति, तबरेज अंसारी, लछु उरांव, अमित उरांव, वीरेंद्र उरांव ईश्वर साहू, कृष्णा उरांव, अमर उरांव, मदन उरांव, जगरनाथ उरांव,राम मोहन उरांव आदि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर बैठक की



**मनिका(लातेहार)।** मनिका प्रखंड कार्यालय में दिन गुरुवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड सरकार के द्वारा, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड ब्लॉक प्रमुख प्रतिमा देवी के नेतृत्व में किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य योजना अंतर्गत पशुपालकों के विकास तथा पशुधन को आय के वैकल्पिक स्रोत के रूप में विकसित किया जाना, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के साथ कल्याण विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग का सामंजस्य के साथ योजना का संचालन करना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का उद्देश्य राज्य में दूध मांस एवं अंडा के उत्पादन में वृद्धि लाकर राज्य को आत्मनिर्भर बनाना, ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालन के माध्यम से रोजगार सृजन तथा अतिरिक्त घरेलू आमदनी का सृजन, ग्रामीण पशुपालकों की आय में वृद्धि करना है। मौके पर बीडीओ वीरेंद्र किंडो, जिप सदस्य बलवंत सिंह, संपतिया देवी, बीससूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय, दिनेश प्रसाद, पूर्व उप प्रमुख उमेश यादव,जेएसएलपीएस मनोज कुमार,पशु चिकित्सक डॉक्टर हरेंद्र भगत, विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, समेत के लोग उपस्थित थे।

## बेतला पार्क का दीदार करने रोज पहुंच रहे सैकड़ों पर्यटक स्कूली बच्चों ने भी उठाया लुफ्त



**बरवाडीह।** गुरुवार को राजकीय प्लस टू हाइस्कूल पाटन पलामू से सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राएं बेतला पहुंचे। छात्रों ने बेतला नेशनल पार्क, पलामू किला, म्यूजियम समेत कई पर्यटक स्थलों का दीदार किया। इस दौरान स्कूली बच्चे व शिक्षक काफी उत्साहित दिखे। बच्चों ने भ्रमण के बाद बताया कि हमलोग कई वर्षों से किताब में पढ़ते थे कि बेतला नेशनल पार्क में बाघ, हाथी, हिरन, मोर समेत कई प्रकार के जंगली जानवर रहते हैं। पलामू किला के बारे में पढ़ा करते थे, लेकिन आज स्कूल की ओर से शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बेतला घूमकर काफी खुशी हुई और बहुत कुछ देखने और सीखने का मौका मिला। नव वर्ष से पूर्व दिसंबर की शुरूआत से ही बेतला मे पर्यटकों की उमड़ रही भीड़ बरवाडीह प्रखंड में प्राकृतिक सौंदर्य से भरा विश्व विख्यात बेतला नेशनल पार्क के अलावा प्रखंड में कई पर्यटक स्थल हैं। विशेष कर अभी नये वर्ष के आगमन पर पर्यटकों की अधिक भीड़ देखी जा रही है।

## चंदवा में 9 बाइक जब्त, स्क्रैप बरामद



**चंदवा।** चंदवा चकला पंचायत अंतर्गत अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट में सादाबर गांव के पास से भारी मात्रा में अवैध रूप से रखा कबाड़ (स्क्रैप) बरामद किया है। जबकि इस कार्य में लगे बाइक सवार पुलिस को देख बाइक छोड़कर भाग गये। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि गुप्त सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई की गयी। उन्होंने बताया कि अभिजीत प्लांट परिसर से कबाड़ चोरी कर किसी छिपे स्थान पर फेंक दिया गया था। इसे किसी बड़े वाहन में लादकर कहीं और बेचने की तैयारी थी। बताया गया कि डंप साइट के आसपास कुछ बाइक सवार भी मौजूद थे, जो इस चोरी में लिप्त थे। सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई की गयी। पुलिस को देख बाइक सवार बाइक छोड़कर भाग गये। श्री गुप्ता ने बताया कि अभिजीत ग्रुप के प्लांट परिसर में ही डंप स्क्रैप को लिक्विडेटर की टीम को सौंप दिया गया है। जबकि सभी बाइकों को जब्त कर थाना लाया गया है। पुलिस के मुताबिक वहां से करीब 20 टन अवैध कबाड़ बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल कुल 9 बाइकें जब्त की गयी हैं। अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बाइक के मालिक के नाम की तलाश की जा रही है। उनके खिलाफ मामला भी दर्ज किया जायेगा। पुलिस चंदवा थाना कांड संख्या 143/22 के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# लातेहार में एरिया कमांडर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के विरुद्ध जिला पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर लातेहार सदर थाना पुलिस ने टीएसपीसी के एरिया कमांडर राजू यादव उर्फ राजू (चेतर चंदवा) को निदिर जंगल से धर दबोचा है। गिरफ्तार उग्रवादी की निशानदेही पर पुलिस ने एक 303 बोल्ट एक्शन राइफल 303 का 84 राउंड जिंदा गोली दो कीपैड मोबाइल और तीन सिम कार्ड भी बरामद किया है इसके पास से बरामद राइफल पुलिस से लूटी गयी थी। वही बृहस्पतिवार को प्रेस वार्ता के दौरान एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि निदिर स्थित पतराटोली के जंगली इलाके में प्रतिबंधित नक्सली संगठन सीएसपीसी का सक्रिय सदस्य अपने सहयोगियों की मदद से अवैध लेवी का पैसा लेने एवं किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचा हुआ है। इसी सूचना के आधार पर छापामारी के लिए एक टीम का गठन किया गया। आगे श्री अंजनी अंजन ने बताया कि गठित टीम के पतराटोली के जंगली इलाके में पहुंचने पर एक व्यक्ति को कंबल ओढ़े हुए संदेहास्पद स्थिति में देखा जो पुलिस बल को देखते ही भागने लगा जिसके बाद पुलिस बल ने घेराबंदी कर उस व्यक्ति को धर दबोचा पूछताछ के बाद गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के एरिया कमांडर राजू यादव के रूप में हुई जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आगे उन्होंने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी पुलिस के साथ हुई कई मुठभेड़ में भी शामिल रहा है। इस पर लातेहार वह लोहरदगा के विभिन्न थानों में कुल 9 मामले दर्ज हैं। जिसे लेकर पुलिस को राजू यादव की लंबे समय से तलाश थी। छापामारी अभियान में पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी पुलिस अवर निरीक्षक गौरव सिंह रोहित कुमार महतो दिवाकर धोबी धर्मेंद्र कुमार महतो समेत सदर थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# सीएम के दौरा को कर डीसी ने की समीक्षा

**बैठक में जिला में ऑनलाइन म्युटेशन की अद्यतन स्थिति और मामलों की समीक्षा की गयी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लोहरदगा जिला आगमन की पूर्व तैयारियों को लेकर गुरुवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला में एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि के लागत से बन रही योजनाओं की समीक्षा की गयी। इसमें ग्रामीण कार्य विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के द्वारा मुख्यमंत्री सेतु योजना में मन्हो-भक्सो पथ में कोयल नदी पर बन रहा पुल, किस्को प्रखंड में बेटहठ-ओयनो पथ में बेटहठ नदी पर पुल निर्माण और कुडू प्रखंड में कुडू-जोंजरो-कैरो पथ में कोयल नदी पर पूर्ण हो भवन प्रमंडल कार्यपालक अभियंता द्वारा सिविल एसडीओ कार्यालय निर्माण, एकलव्य विद्यालय कुजरा में 64 बेड का छात्रावास निर्माण, 200 बेड का छात्रावास निर्माण, नया समाहरणालय भवन निर्माण, 12 कोर्ट भवन निर्माण आदि योजनाओं के प्रगति की जानकारी दी गयी। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा द्वारा सेन्हा प्रखंड के बुटी ग्राम में ग्रामीण जलापूर्ति योजना और किस्को प्रखंड के अरैया में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गयी। कार्यपालक अभियंता, जिला परिषद द्वारा बीएस कॉलेज स्टेडियम में गैलरी निर्माण की जानकारी देते हुए अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, लोहरदगा द्वारा तिलका मांझी योजना की जानकारी व अद्यतन स्थित से अवगत कराया गया। बैठक में जिला में ऑनलाइन म्युटेशन की अद्यतन स्थिति और मामलों की समीक्षा की गयी। बैठक में रेवेन्यू कोर्ट में आये मामलों व उसके निष्पादन की स्थिति से अवगत कराया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, कार्यपालक दण्डाधिकारी नारायण राम, जिला योजना पदाधिकारी, समाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक अलमल इंदु उरांव, सभी इंजीनियरिंग विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री के आगमन पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री के लोहरदगा जिला आगमन के अवसर पर निर्धारित कार्यक्रम व उससे संबंधित विधि व्यवस्था संधारण को लेकर आज उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में दिनांक 12 दिसंबर व 13 दिसंबर को विभिन्न स्थानों पर मुख्यमंत्री के निर्धारित कार्यक्रम, कार्यक्रम के दौरान आवश्यक विधि-व्यवस्था, चौक-चौराहों पर तैयारी, निर्धारित रूट का ट्रैफिक नियंत्रण, वाहनों की पार्किंग समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी और आवश्यक निदेश दिये गये। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वीएन सिंह, कार्यपालक दण्डाधिकारी नारायण राम, पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## डीसी ने मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया

**बालूमाथ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदान केंद्रों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि एक जनवरी 2023 का कार्य प्रगतिरत है। इसी क्रम में आज मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां किये जा रहे मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के संबंध में विस्तार से जानकारी लिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा लातेहार अंतर्गत नेवाड़ी पंचायत, बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत ईचाक, झाबर, मार्गलोइया के विशुनपुर क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर मतदान केंद्रों पर चल कार्यों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने सभी बीएलओ, सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मियों से नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने व मृत/स्थानांतरित मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने हेतु किये गये कार्यों की जानकारी लेते हुए मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिये।

## किस्को के विभिन्न स्कूलों में चलाया गया स्वास्थ्य जांच अभियान

# बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कार्यक्रम जारी रहेगा : रंजन कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता




**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र के मध्य एवं उच्च विद्यालय में स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय बाल सुरक्षा टीम के द्वारा विद्यालय के किशोर-किशोरियों का स्वास्थ्य जांच किया गया। इससे पूर्व विद्यालय स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम के आरोग्य दूत द्वारा किशोर-किशोरियों का प्रारंभिक जांच कर बच्चों को चिन्हित किया गया था। इधर आरोग्य दूत द्वारा जिन बच्चों में स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं पाई गई थी उन बच्चों को प्राथमिकता देते हुए राष्ट्र बाल सुरक्षा टीम के द्वारा विद्यालय में जाकर मेडिकल ऑफिसर द्वारा जांच किया गया। साथ ही टीम के सदस्यों द्वारा विद्यालय के बच्चों को पोषण, एनीमिया, मानसिक स्वास्थ्य एवं प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। मौके पर सी थ्री इंडिया के प्रखंड समन्वयक रंजन कुमार ने कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान जिले में सी थ्री इंडिया, शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यालयों में किशोर-किशोरियों का स्वास्थ्य जांच कर स्वास्थ्य लाभ देने का कार्य कर रही है।

## समाजसेवी डॉ टी साहू ने प्राचीन कोरांबे महाप्रभु मंदिर में की पूजा अर्चना

# राज्य और देश के लोगों की सुख शांति के लिए प्रार्थना की

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** शहर के प्रसिद्ध दन्त चिकित्सक आर्मी रिटायर्ड सह समाजसेवी डॉ टी साहू ने सेन्हा प्रखंड अवस्थित प्राचीन कोराम्बे महाप्रभु मंदिर पहुचे। वहां पर विधि विधान पूर्वक भगवान श्री गणेश, जगतपिता श्री विष्णु, महादेव, समेत अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना की। मंदिर के पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान विष्णु की पूजा अर्चना कराया। भगवान को भोग लगाने के पश्चात भगवान विष्णु की महाआरती हुई। इसके बाद भक्तों के बीच भोग का प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर डॉ टी साहू ने कोराम्बे महाप्रभु से लोहरदगा समेत पूरे देशवासियों की मंगलकामना की। भगवान गणेश, विष्णु, महादेव, राधा कृष्ण, हनुमानजी समेत अन्य देवी देवताओं की स्तुति करने के बाद उनसे राष्ट्र को संकट से मुक्ति के लिए आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर मंदिर परिसर के लिए बैटरी और इंवर्टर भेंट की। कहा कि रात में बिजली के चले जाने के उपरांत मंदिर में अंधेरा नहीं होना चाहिए। इसके लिए बैटरी इन्वर्टर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ जी के लिए भव्य रथ का भी निर्माण कराया जायेगा। समस्त पूजन कार्य पुरोहित संजय पांडेय व उनके पुत्र ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराया। मौके पर पुरोहितों ने बताया कि कोराम्बे महामाया प्रभु की अनूठी मूर्ति नीलमणि ग्रेनाइट से उकेरी गयी है। मूर्ति मुकुट से सुशोभित है। मूर्ति पर प्राकृतिक मिट्टी से स्वास्तिक और अन्य डिजाइन बनाए जाते हैं। मां लक्ष्मीनारायण को महाप्रभु वासुदेव राय की गोद में बैठे हुए दर्शाया गया है। मुख्य मूर्ति के बाईं ओर सूर्यनारायण और राधा कृष्ण की मूर्तियां हैं। बाईं ओर मुख्य गर्भगृह के बाहर एक शिवलिंग, देवी पार्वती, गणेश, नंदी और ब्रह्मा की मूर्ति है। मुख्य गर्भगृह के दाहिनी ओर हनुमान जी की मूर्ति है। मंदिर में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की लकड़ी की खूबसूरत मूर्तियाँ भी हैं।मंदिर के तीनों गुंबदों के शीर्ष पर एक चक्र है। एक अन्य शिवलिंग जिस पर ॐ का चिह्न उकेरा गया है, उसे मुख्य परिसर के बाहर एक पेड़ के नीचे रखा गया है। मंदिर परिसर में एक तालाब और बाग शामिल है।

## मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का किसानों को नहीं मिल पा रहा है लाभ

**महुआडांड़।** प्रखंड में जे आर एफ आर वाई झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत 6616 किसानों का निबंधन कराया गया था। जिसका केवाईसी किसानों को फिर से करवाना था। केवाईसी होने के बाद ही किसानों को मुख्यमंत्री राहत सुखार योजना में लाभ मिल पायेगा। लेकिन मोहम्मडन में सिस्टम फेल सर्वर डाउन रहने के कारण किसानों का निबंधन एवं केवाइसी नहीं हो पा रहा है। इससे पूर्व निबंधन कार्य के लिए समय दिया गया था उसके अनुरूप किसानों का निबंधन एवं केवाईसी नहीं हो पाई थी जिसे देखते हुए झारखंड सरकार के द्वारा इसका समय 15 दिसंबर तक बढ़ाया गया ताकि छूटे हुए लाभुक तथा अन्य किसान जिनका निबंधन हो चुका हो उन किसानों को इसका लाभ मिल सके। लेकिन सर्वर डाउन लिंक फिल्म रहने के कारण किसानों का निबंधन एवं ईकेवाईसी का कार्य नहीं हो पा रहा है।

## जैप जवान का पुत्र हुआ लापता, परिजन परेशान



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के अमडिहा ग्राम निवासी विजय कुमार सिंह कि 13 वर्षीय पुत्र गौरव कुमार बुधवार को सुबह 8:30 बजे अपने घर के सामने खेलने के दौरान लापता हो गया। जानकारी के अनुसार अमडिहा ग्राम निवासी विजय कुमार सिंह जो जैप पुलिस में दुमका में पदस्थापित है।वर्तमान में उसके छोटे भाई निलेश कुमार सिंह जैप जवान ने बताया कि बुधवार सुबह 8:30 बजे के करीब वह अपने घर के सामने खेलने के लिए निकला था। इसके कुछ देर बाद ही वह अपने घर से लापता है। शाम तक जब वह अपने घर नहीं आया तब बुधवार रात से ही उसकी हर संभावित जगहों एवं रिश्तेदारों के यहां खोजबीन किया गया लेकिन उसका कोई अता पता नहीं चलने पर इसकी लिखित सूचना बरवाडीह थाना को देते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग किया है। वही उसके पिता विजय कुमार सिंह भी दुमका से छुट्टी लेकर लापता अपने पुत्र की खोजबीन में लगे हुए है लापता पुत्र के चाचा निलेश कुमार सिंह ने अपने भतीजे गौरव कुमार सिंह कि किसी भी तरह की जानकारी मिलने पर नंबर 9430392447 पर संपर्क करने की अपील किया है।

## बीडीओ-सीओ के अध्यक्षता में समीक्षा बैठक



**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को संचालित योजनाओं का समिक्षा बैठक हुई संपन्न। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ दीपाली भगत ने की। बैठक में सभी मुखिया व पंचायत सचिव उपस्थित रहे। बैठक में बीडीओ सह सीओ भगत ने सर्वप्रथम उपस्थित पंचायत सचिवों से सबंधित पंचायतों का संचालित योजनाओं एवं किया गया भुगतान की जानकारी ली बीडीओ सह सीओ भगत ने कहा कि वर्ष 2021-22 एवं 22-23 के सभी टाईड और अनटाइड योजनाओं को संबंधित मुखिया के साथ समन्वय स्थापित कर15 दिनों में पुर्ण कर एंव राशि भुगतान करते हुए लॉगिन से योजना को बंद करने का निर्देश दिया। मौके पर मुखिया राजीव भगत, शातिं देवी, केदार गंझु,रानो देवी, तेतरी देवी, सरिता देवी, शुशीला देवी, पंचायत सचिव, प्रकाश कुमार, चंदन कुमार, अर्विंद पांडेय, पंकज पांडेय, अनेशवर प्रसाद, रामदेव नगेसीया, रामबिलास उरांव, जई प्रदिप भगत, प्रभात उरांव, शशीभुषन कुमार सहीत कई कर्मी मौजूद रहे।

## बाबा टांगीनाथ धाम विकास समिति का महुआडांड़ में किया गया गठन



**महुआडांड।** स्थानीय दूर्गा बाड़ी महुआडांड़ में हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में बाबा टांगीनाथ धाम विकास समिति का विस्तार करने का निर्णय लिया गया। जिसके उपरांत बाबा टांगीनाथ धाम विकास मुख्य समिति के लिए हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, बजरंग दल के पलामू प्रमंडल के विभाग संयोजक सुरज साहु, विहिप के प्रदीप जायसवाल एवं देवानंद प्रसाद का चयन किया गया वहीं महुआडांड़ समिती का गठन किया गया जिसमें प्रदीप जायसवाल को अध्यक्ष, शत्रुघ्न गुप्ता को उपाध्यक्ष, रामप्रवेश गुप्ता को सचिव, अजय उरांव को कोषाध्यक्ष, उज्जवल धनुष को मिडिया प्रमुख वहीं सदस्य के लिए नितीश साहु, रोहित सोनी, रविन्द्र ठाकुर, विवेक शर्मा, पंकज दास, लाल पुरूषोत्तम नाथ शाह, भुषण जायसवाल, राजन साहु, बिट्टू राय, मुक्तेश लाल, संजय जायसवाल, मुकेश कुमार जायसवाल, प्रभात जायसवाल, प्रिंस श्रीवास्तव, मदन गुप्ता, मनराज गज का चयन किया गया। बैठक में उपरोक्त समाजसेवी के अलावे समिति गठन के लिए विहिप डुमरी अध्यक्ष सह पालक संजय साहु, विहिप डुमरी उपाध्यक्ष बिजेंद्र पांडे, बाबा टांगीनाथ धाम के मुख्य पाहन कृपा बैगा, समिति के कोषाध्यक्ष विरेन्द्र जायसवाल, समिति संरक्षक गोविंद सिंह एवं समिति सदस्य अरविंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

## गुजरात में भारी बहुमत से जीत पर लोहरदगा भाजपा ने मनाया जश्न



**लोहरदगा।** गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा रिकार्ड जीत पर लोहरदगा भाजपा के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। इस क्रम में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में शहर में स्थित पावरगंज चौक पर कार्यकर्ताओं एक दूसरों को मिठाई खिलाया और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए जश्न मनाया। मौके पर जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि गुजरात की जीत गुमराह की निति को जवाब है। आज के चुनावी परिणाम मे हमे सभी जगहों पर भरपूर समर्थन मिला है। गठबंधन भी मात खाइ है। ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि सुशासन और विकास की जीत हुई है। यह जीत सारे रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इसमें मोदी जी के द्वारा किए गए कार्यों परिणाम है। श्रीचंद प्रजापति ने कहा कि प्रचंड जीत हमारी पार्टी और सरकार के द्वारा वैश्विक महामारी में भी लोगों की मदद कर कदम से कदम मिलाकर चलने और मोदी जी के राष्ट्रीय एकता पर विश्वास का परिणाम है। कार्यक्रम में राजकुमार वर्मा, जगनन्दन पोराणिक, अनिल उरांव, सरोज प्रजापति, अजय पंकज, अमरेश भारती, विजय कुमार, राजकुमार साहू, मंगरा यादव, निर्मला देवी, पशुपतिनाथ पारस, राजेंद्र वर्मा, अशोक सहित अन्य शामिल थे।

## आंगनबाड़ी के सशक्तिकरण के संदर्भ में हुई चर्चा



**लोहरदगा।** डीडीसी गरिमा सिंह की अगुवाई में पिरामल फाउंडेशन द्वारा आयोजित जिला परिषद के सभाकक्ष में दस पंचायत के मुखिया, महिला एवं बाल विकास परियोजना से सभी सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका, जिले के सभी इंटर कॉलेज के प्रतिनिधि तथा जेएसएलपीएस के प्रतिनिधि के साथ बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी पंचायत के विद्यालयों तथा आंगनवाड़ी के सशक्तिकरण पर चर्चा किया गया, तथा सभी विद्यालयों तथा आंगनवाड़ी में स्वयं सेवी की सहायता से किस प्रकार बच्चों के वर्तमान शिक्षा स्तर को और विकसित किया जा सकता है, तथा उनके विकास में सहयोग किया जा सकता है। बैठक का संचालन पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रोग्राम लीड स्वाति कुमारी तथा जिला लीड कुंतल पाल ने किया, तथा बैठक में सभी गांधी फेलो उजाला, इकराम तथा अजय राठौड़ आदि मौजूद थे।

## गुजरात में भाजपा की जीत पर बरवाडीह में बांटी मिठाइयां



**बरवाडीह।** गुजरात में जीत की खुशी में भाजपा बरवाडीह कमिटि के द्वारा स्थानीय अंबेडकर चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिसबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिला कर इजहार करने के बाद बाजार के मुख मार्ग में जुलूस निकाला और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, अमित शाह जिंदाबाद, भाजपा जिंदाबाद आदि नारेवाजी कर रहे थे। और व्यवसाई व राहगीरों को भी मिठाई खिलाकर बधाई दे रहे थे। जीत की खुशी पर भाजपा के सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने कहा कि यह जीत विकासवाद व राष्ट्रवाद की जीत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के उपप्रमुख वीरेंद्र जायसवाल,प्रखण्ड उपाध्यक्ष सुनील सिंह, मनोज प्रसाद, प्रवीण कुमार, हेमंत कु रवि, ऋषि प्रजापति के अलावे दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना बाल-बाल बचे चालक और उपचालक

**महुआडांड।** प्रखंड अंतर्गत चंपा घाटी में दिन बुधवार की रात्रि के 11 बजे सड़क दुर्घटना हो गयी। ट्रक ड्राइवर ने बताया कि हम लोग चावल लेकर बिहार से रायपुर जा रहे थे। इसी बीच रास्ते भटक जाने कारण रात को चंपा घाटी रोड पर आ गये। जिसे अचानक सड़क पर मोड आ जाने सड़क दुर्घटना हो गयी। सूचना मिलते ही महुआडांड़ पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। घायल चालक मारुति सातवा और उप चालक इलाज के लिए स्वास्थ्य केन्द्र भेजा।

## भाजपा के पूर्व सांसद ने प्रखंड का दौरा किया

**बारियातु।** पूर्व सांसद धिरेंद्र अगरवाल ने गुरूवार को प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय एवं कई लोगों से मुलाकात कर रूबरू हुए। पूर्व सांसद अगरवाल ने कहा कि मेरे स्वास्थ्य ठीक न रहने के कारण बहुत दिनों के बाद अपने लोगों से मिलने का एक मौका मिला जो आज अपने सांसदीय क्षेत्र के बारियातु पहुंच कर लोगों से मिल रहा हूं। मुलाकात के दौरान जिप सदस्य रमेश राम ने पत्रकारों को बताया कि पुर्व सांसद धिरेंद्र अगरवाल चतरा लोकसभा से तीन बार सांसद रह चुके हैं। पहला 1996 में दुसरा मध्यावती चुनाव होने के कारण दोबारा फिर भाजपा से 1998 में तीसरा 2004 में राष्ट्रीय जनता दल से चुनाव जिते इनके तीनो कार्यकाल बहुत ही सराहनीय कार्य रहा।

## खो-खो संघ के द्वारा जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता रखा गया

**भरनो (आजाद सिपाही)।** 16वीं झारखंड राज्य जूनियर खो-खो खेल में राज्य स्तरीय (बालक/ बालिका) प्रतियोगिता 9 दिसंबर से 11 दिसंबर 2022 तक (चक्रधरपुर) पश्चिमी सिंहभूम में आयोजित किया गया है, जिसमें गुमला जिला खो-खो संघ के द्वारा जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता रखा गया था, इसमें अच्छा प्रदर्शन के आधार पर भरनो प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय पबेया के खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसमें (बालिका वर्ग) में मनीषा कुमारी( कप्तान), राजकुमारी, आरती कुमारी, नूजहत खातून, प्रतिमा कुमारी, आरती कुमारी, चिंतामणि कुमारी, आकांक्षा कुमारी, सुनीता कुमारी, रोशनी कुमारी, करिश्मा कुमारी और (बालक वर्ग) में रंजीत उरांव (कप्तान), अनूप उरांव, सूरज उरांव, मुनेश उरांव, सनोज उरांव, विनीत उरांव, दुर्गा उरांव, प्रेम उरांव, प्रीतम उरांव, नीरज उरांव, संतोष उरांव, मुन्ना उरांव सभी खिलाड़ी गुमला जिला का नेतृत्व करेंगे।वहीं भरनो के बीइइओ शांति मुनि तिर्की,विद्यालय के प्रधानाध्यापक सत्यनारायण होता ने राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में पाबेया स्कूल के बच्चों का चयन होने पर सभी खिलाड़ियों को ठंड को देखते हुए खिलाड़ियों को स्वेटर देखकर एवं खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम शुभकामना दी। इस मौके पर बीइइओ शांति मुनि तिर्की ने कहा की पाबेया विद्यालय के शारीरिक शिक्षक बीरबल लोहरा का अथक प्रयास का परिणाम है जो विद्यालय के खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिला है। इस मौके पर सीआरपी भूषण केसरी, शिक्षक योगेश प्रसाद केसरी, कुंवर कुजूर, एसएमसी के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह समस्त विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनायें दी।

## गुमशुदगी को लेकर सनहा दर्ज कराया

**सिसई (आजाद सिपाही)।** पिलखी मोड़ रौशनपुर गांव निवासी घुरण उरांव ने अपने पुत्र सुरज उरांव (12) के गुमशुदगी को लेकर सिसई थाना में गुरुवार को सन्हा दर्ज कराया है। दर्ज सन्हा में कहा है कि उसका पुत्र बीते 6 दिसंबर को सुबह करीब 8 बजे घर से आर सी मिशन स्कूल रौशनपुर जाने के लिए निकला था। लेकिन न तो वह स्कूल गया न ही घर लौटा। काफी खोजबीन एवं सगे संबंधियों में पता करने पर भी उसका कहीं कोई पता नहीं चल रहा है। उन्होंने अपने बेटे की तलाश करने को लेकर गुहार लगायी है।

फरवरी में होगा पेंशनर समाज का वार्षिक अधिवेशन

गुमला। जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक समाज के वरीय सदस्य तेजपाल राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से जिला पेंशनर समाज का वार्षिक अधिवेशन फरवरी माह में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अधिवेशन की तिथि तथा स्थान का निर्धारण समाज की अगली बैठक में किया जायेगा। प्रत्येक वर्ष 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस मनाया जाता है, जिसका आयोजन बैंक की शाखाओं द्वारा आयोजित होकर पेंशनरों को सम्मानित करने की परंपरा है। जिस में पेंशनर समाज के प्रखण्ड पदाधिकारियों से आग्रह किया गया कि प्रखण्डों में संचालित विभिन्न बैंक की शाखाओं से समन्वय स्थापित कर उक्त अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सभी सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित करने का अपील किया गया। बैठक में महावीर प्रसाद मिश्र, अघनू बड़ाईक,सुरेश उरांव, सकरा भगत,लीलमोहन साहु,सदाशिव नन्द, तरसियुस टोप्पो,अगस्तुस एक्का,बंधु साहु,गौरी प्रसाद, प्रभाकर दास, केशव प्रसाद, रामकृष्ण भगत,फलिन्दर बड़ाईक,फागु कुल्लू,पंचे उरांव, भागी नाग एवं मीडिया प्रभारी द्वारिका मिश्र ₹सुमन₹ आदि उपस्थित थे।

## सीएम के आगमन को लेकर डीसी ने किया दौरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** खातियानी जोहार यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गुमला दौरे को लेकर गुरुवार को जिले के उपायुक्त सुशांत गौरव घाघरा प्रखंड के विभिन्न जगहों का दौरा किया। इस दौरान मुख्य पथ के किनारे स्थित सभी विद्यालय, आंगनबाड़ी, पंचायत सचिवालय, कृषि कार्य का अवलोकन किया। साथ ही सड़क को दुरुस्त करने का निर्देश पथ निर्माण विभाग के कर्मी को दी। पुराने सरकारी भवनों को जल्द से जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान गम्हरिया स्थित राजू उरांव का खेत जहां कई प्रकार की खेती की गई है, जिसे देख उपायुक्त काफी खुश हुए और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस खेती को दिखाने की बात कही। इस संबंध में उपायुक्त ने कहा 12 दिसंबर को मुख्यमंत्री का गुमला जिला में औचक निरीक्षण तय हुआ है। जिसके निमित्त सरकारी भवन, विद्यालय, सड़क का अवलोकन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न विभाग के कर्मियों को संबंधित विभाग से हो रहे कार्यों का अवलोकन कर दुरुस्त करने की बात कही। इस मौके पर मुख्य रूप से उपायुक्त सुशांत गौरव, एसी सुधीर प्रसाद, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, बीडियो विष्णु देव कच्छप, सीओ धनंजय पाठक, थानेदार अमित कुमार चौधरी सहित कई विभाग के कर्मी मौजूद थे।

## सड़क हादसे में एक की मौत, दो गंभीर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा गुमला मार्ग पर एक मोटरसाइकिल में सवार तीन युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे एक युवक की मौत हो गई अन्य दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। बेहतर इलाज के लिए दोनों को सदर अस्पताल गुमला भेजा गया। मृतक बड़काडीह नीझिंयाटोली का निवासी बताया जा रहा है। उसकी पहचान गौंयदा उरांव के 16 वर्षीय पुत्र दिपेश उरांवके रूप में हुई है। किस गाड़ी के द्वारा इस दुर्घतना को अंजाम दिया गया है।

### बिलिंग एजेंसी के सुपरवाइजर के वायरल वीडियो से पता चला ऊर्जा मित्रों की भारी कमी का कारण

# ऊर्जा मित्रों से बिलिंग एजेंसी के सुपरवाइजर कर रहे अवैध वसूली



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बिलिंग एजेंसी कमपीटेंट सिनर्जीस के खराब प्रदर्शन के कारण जहां गुमला सिमडेगा लोहरदगा में राजस्व की भारी क्षति हो रही है, वहीं सरकार की 100 यूनिट फ्री जैसी महत्वकांक्षी योजना इन क्षेत्रों में पूरी तरह फेल है। बिलिंग कम होने का कारण ऊर्जा मित्रों की कमी है। ऊर्जा मित्रों की कमी का कारण एजेंसी के सुपरवाइजर रंजीत यादव के द्वारा ऊर्जा मित्रों से की जा रही अवैध वसूली है। सुपरवाइजर रंजीत यादव अवैध रूप से दबाव बनाकर जबरन ऊर्जा मित्रों से एक हजार रूपए प्रति ऊर्जा मित्र प्रत्येक माह वसूल रहे हैं। सुपरवाइजर ऊर्जा मित्र से पैसे की उगाही के लिए अपने अधीनस्थ कार्य कर रहे हैं ऊर्जा मित्रों का इस्तेमाल करते हैं। सुपरवाइजर रंजीत यादव के द्वारा पैसे की वसूली का दबाव बनाने वाला एक वीडियो भी खूब वायरल हो रहा है।

### वायरल वीडियो में क्या है?

इस वायरल वीडियो में सुपरवाइजर रंजीत यादव दबाव देकर उर्जा मित्रों से अवैध वसूली करने की बात कर रहे है। वायरल वीडियो में सुपरवाइजर रंजीत यादव सीधे तौर पर कह रहे हैं कि ऊर्जा मित्र फील्ड में चाहे जो भी करें उससे उन्हें कोई मतलब नहीं। उन्हें प्रत्येक ऊर्जा मित्र से प्रति माह एक हजार रूपये चाहिए। यहां तक की आइडी जारी करने व मोबाईल फोन देने के नाम पर वे प्रत्येक ऊर्जा मित्र से 2000 रुपये मांगते नजर आ रहे हैं।

उक्त वीडियो में सुपरवाइजर रंजीत यादव साफ तौर पर किसी ऊर्जा मित्र को यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि ऊर्जा मित्र की बहाली जितनी हो उसका हिसाब रखना है और प्रत्येक से दो हजार रूपये फोन के लिए लेना है। आगे इस वीडियो में रंजीत यादव कहते हैं कि ऊर्जा मित्र चाहे मीटर लगाये चाहे फील्ड में कोई भी काम करें ऊर्जा मित्र फील्ड में कैसे पैसा कमा रहा है, इससे उन्हें कोई मतलब नहीं उन्हें हर ऊर्जा मित्र से एक हजार रूपये चाहिए।

### अपने ऊपर के पदाधिकारियों की मिली भगत से अवैध वसूली कर रहा रंजीत

बिलिंग एजेंसी कंपीटेंट सिनर्जीस के कई उच्च पदाधिकारियों की मिलीभगत से उर्जा मित्रों से पैसा वसूली का खेल चल रहा है। लोगों का ऐसा मानना है कि सुपरवाइजर रंजीत यादव अपने सीनियर के दिशा निर्देशन पर ही पैसे की अवैध वसूली कर रहा है। इस बात का पता एक वायरल ऑडियो रिकॉर्डिंग से भी चलता है। आजाद सिपाही के पास मौजूद एक ऑडियो रिकॉर्डिंग में एजेंसी के मैनेजर आदेश सिंह भी रंजित यादव के कुकर्म का समर्थन करते नजर आ रहे हैं।

### अवैध वसूली भी है ऊर्जा मित्रों की कमी का मुख्य कारण

उर्जा मित्रों की कमी के कारण जहां बिलिंग परफारमेंस घटिया स्तर तक पहुंच गया है वही बिलिंग एजेंसी के पदाधिकारी सुपरवाइजर फील्ड से अवैध वसूली उर्जा मित्रों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने उनसे अवैध वसूली करने और कराने के पीछे लगे हैं अनुमान के अनुसार एक ऊर्जा मित्र की मासिक कमाई 5 से 6 हजार रुपए के आसपास औसतन होती है। उसके बाद उर्जा मित्रों से प्रतिमाह 1000 मांगना और आईडी क्रिएट करने अथवा मोबाइल फोन देने के नाम पर 2000 अवैध तरीके से मांगने के कारण ऊर्जा मित्र का कार्य करने से युवा कतरा रहे हैं।

### निकाले गये बिलिंग एजेंसी के सुपरवाइजर

बिलिंग एजेंसी के पदाधिकारियों द्वारा अवैध वसूली की बात जैसे ही विभाग के पदाधिकारियों को मिली विभाग के इएसइ श्री गोपाल चंद्र शीत ने सीधे तौर पर सुपरवाइजर रंजीत यादव को एजेंसी से बाहर करने का मौखिक आदेश दे दिया। वही जब एसडीओ संजय कुमार राणा को यह बात पता चली तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह अवैध कार्य करने के लिए उर्जा मित्रों को प्रेरित करने वाला वीडियो है। साथ ही यह भी कहा कि अवैध वसूली करने का धंधा बिलिंग एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने लिखित तौर पर तत्काल सुपरवाइजर को पद से निरस्त करने के लिए बिलिंग एजेंसी के आला अधिकारियों को पत्र लिखा। एवं निगम के नियमानुसार कार्यवाही कराने की बात कही।

### मैं अपना पक्ष रखूंगा या नहीं ये मै तय करूंगा: आदेश सिंह

बिलिंग एजेंसी के सुपरवाइजर रंजीत यादव की करतूत से संबंधित विचार जानने के लिए जब बिलिंग एजेंसी के मैनेजर आदेश सिंह को आजाद सिपाही द्वारा फोन कर उनका पक्ष रखने को कहा गया तो उन्होने कहा कि आप सीधे तौर पर वीडियो मुझे भेजिए मैं आपसे मिलूंगा या नहीं मिलूंगा यह मैं तय करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि आप असली है या फर्जी पहले मै जान लूं।

## मिशन बदलाव के ट्वीट को उपायुक्त ने लिया संज्ञान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव के घघरा सदस्य नारायण भगत ने बताया कि जब घाघरा के तुंजो सेमेरटोली सेहल गांव का दौरा किया गया था,वहां पलायन मजदूर बंधु उराव की समस्या का पता चला। पूछे जाने पर बंधु अपनी समस्याओं को बताया और वीडीयो बनाया, बंधु उराव के द्वारा बनाया गया वीडीयो को मिशन बदलाव ट्वीटर हैंडल करने वाले सहयोगी राज कुमार ने ट्वीट किया। मिशन बदलाव के ट्वीटर पेज से जब मजदूर की समस्या को ट्वीट किया गया तो उपायुक्त जिला प्रसाशन ने ये ट्वीट को गंभीरता से लेते हुए पलायन मजदूर से संपर्क किया और मजदूर को आस्वस्त किया कि मजदूर के समस्या के समाधान के लिये पहल किया जायेगा। इसमे बंधु उरांव ने बताया था की, सुंदरमा इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड मछली पट्टनम अवनीगड्डा प्रोजेक्ट 9-8/3/1 सीबीएम प्रोजेक्ट विशाखापट्टनम



एफएक्स 2701777 में कार्य के दौरान दुर्घटना हो गया और मुवाजा के लिये दौड़ लगाते लगाते थक चुका हूं। ये सभी बातों को बताया गया था। मिशन बदलाव के राज कुमार ने बताया कि मजदूरों के समस्याओं का समाधान हमारी पहली प्राथमिकता है। हमारा संगठन के माध्यम से कई हजारों मजदूरों के समस्याओं का समाधान हो चुका है।

## भू माफियाओं द्वारा जीएम लैंड को कब्जा कर बिक्री करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** दुंदरिया निवासी अजय तिर्की ने उपायुक्त को आवेदन सौंपकर दुंदुरिया स्थित गैर मजुरुआ सरकारी जमीन को कुछ तथाकथित भू माफियाओं द्वारा अवैध ढंग से कब्जा कर इसे बिक्री करने के प्रयास करने की आशंका जताई है। और इस प्रतिबंध लगाने की भी मांग की है ' अजय ने उपायुक्त को सौंपे आवेदन में कुछ तथाकथित लोगों के द्वारा इसका विरोध करने पर तथा रास्ता के लिए अपनी जमीन नहीं छोड़ने पर उन लोगों के द्वारा जाति सूचक शब्द बोलकर धमकी देने का भी आरोप लगाया है। इन्होंने कहा कि वे सामुदायिक स्वास्थ केंद्र घाघरा में ब्लाक डाटा मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं, तथा 06 दिसंबर को जब ड्यूटी से लौट रहे थे तो उस जमीन पर कुछ लोग झुंड बनाकर थे तथा उन्हें रोककर वे लोग धमकी देने लगे कि इस जमीन पर हमारा कब्जा है जिसे बिक्री करनी है, तुम इस जमीन का रास्ता बताओ या रास्ता के लिए अपनी जमीन दो। वरना अंजाम ठीक नहीं होगा। जिससे भय एवं खतरा बना हुआ है, इस पर कार्रवाई की जाये।

## बीपीएल और अनुसूचित जनजाति की 150 महिलाओं को मिलेगी सिलाई मशीन

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले भर की 150 अनुसूचित जनजाति व बीपीएल महिलाओं को सिलाई मशीन दी जायेगी। इसकी सूची उपायुक्त द्वारा अनुमोदित की जा चुकी है। उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव की अध्यक्षता में विशेष केंद्रीय सहायता मद के तहत सिलाई मशीन वितरण योजना से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त द्वारा दिये गये आदेशानुसार सभी प्रखंडों से प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 के विशेष केंद्रीय सहायता मद के तहत ₹महिलाओं को सिलाई मशीन योजना₹ हेतु लाभुकों की सूची उपलब्ध करवाई गई।

## बीस सूत्री क्रियांवयन समिति की बैठक संपन्न



**बसिया (आजाद सिपाही)।** बीस सूत्री क्रियांवयन समिति की बैठक अध्यक्ष सुकरात उरांव के अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में संपन्न हुआ। बैठक में सभी विभागों की विभागवार समीक्षा को गयी। बीस सूत्री के बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष सुकरात उरांव एवं सदस्यो द्वारा लैंपस द्वारा धान खरीद स्वीकृति की स्थिति, नये बने अस्पताल भवन में चिकित्सा सुविधा एवं इलाज सुविधा, एक्सरे मशीन, ऑपरेटर, वर्तमान में पदस्थापित डॉक्टरों की संख्या, 108 एंबुलेंस के ड्राइवरों द्वारा रेफरल अस्पताल से रेफर मरीज के परिजनों से अवैध रूप से पैसा वसूलने एवं मनमानी तरीके से निजी अस्पतालों में एडमिट कराने का मामला को प्रमुखता से उठाया गया। बीडीओ रविंद्र कुमार गुप्ता एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय लकड़ा द्वारा पुराने भवन में आयुष अस्पताल खोलने की बात कही गयी। सदस्यों ने पंचायत से बने अनेक सोलर जलमीनार के संबद्ध में भी आवाज उठायी। सदस्यों ने कहा कि सोलर आधारित जलमीनार के मरम्मत के राशि को अन्य मद खर्च करने से जलमीनार का मरम्मत नहीं हो पा रहा है जिससे जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीडीओ रविंद्र कुमार गुप्ता ने सभी सदस्यों को बताया कि जल्द सभी जलमीनार का मरम्मत करा कर लोगों को पानी उपलब्ध करा दिया जायेगा। बीस सूत्री सदस्य विनोद भगत और रश्मि मिंज ने शौचालय निमार्ण में गबन का मामला को उठाया जिसपर बीडीओ द्वारा ज्वाला महिला मंडल के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष को नोटिस देकर शौचालय निर्माण में प्राप्त राशि एवं प्राप्त राशि के विरुद्ध हुए शौचालय निर्माण की रिपोर्ट मांगते हुए गबन करने की स्थिति में ज्वाला महिला मंडल के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की बात कहे। सदस्यों ने प्रखंड मुख्यालय स्थित पशु अस्पताल के बराबर बंद होने का मामला को भी उठाया गया। बीडीओ द्वारा सभी उठाये विषयों पर जांचोपरांत कार्रवाई करने का आश्वासन सदस्यो को दिया गया। बैठक में जिला में आवश्यक बैठक होने के कारण सीओ के अनुपस्थिति पर अंचल कार्यालय का विशेष बैठक आहूत करने का निर्देश बीडीओ को बीस सूत्री अध्यक्ष द्वारा दिया गया।

## अपहृत युवक का शव बरामद

**सिसई (आजाद सिपाही)।** बीते 29 नवंबर को घर से अपहरण किये गये युवक रिंकू लोहरा (28) का शव घाघरा थाना क्षेत्र के चुल्हामाटी गांव के जंगल से बरामद किया गया। शव की पहचान रिंकू के मात-पिता एवं बहन ने की। इस बावत पुसो थाना प्रभारी सत्यम गुप्ता ने बताया कि रिंकू लोहरा को बोंडो चटाईनटोली स्थित अपने घर से 29 नवंबर की रात को अगवा कर लिया गया था। इस बावत अंजली कुमारी ने अपने भाई रिंकू लोहरा के अपहरण एवं हत्या की आशंका जताते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। केस दर्ज करने के बाद से ही पुलिस लगातार रिंकू की तलाश कर रही थी। इसी क्रम में घाघरा थाना क्षेत्र के चुल्हामाटी गांव जंगल में अज्ञात शव की सूचना मिली। शव की पहचान उसके माता पिता एवं बहन ने रिंकू लोहरा के रूप में की। जिसके बाद गुरुवार को पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है, वहीं अपहरण कर हत्या करने वालों की तलाश की जा रही है, जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## महिला और बालिका हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान का आयोजन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** सेंटर कैटलाइजिंग चेंज के कार्यकर्ताओं द्वारा महिला एवं बालिका हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजकीयकृत उच्च विद्यालय कुम्हारी के छात्र छात्रों द्वारा महिला हिंसा विरोधी संबंधित नारा लगाते हुए पूरे गांव का भ्रमण करते हुए वैसे जगह चिन्हित किया गया। जहां पर इस तरह की हिंसा अक्सर होती हैं। रैली में छात्र भी शामिल हुए और उन्हेने भी प्रण लिया की वे इस तरह की हिंसा को रोकने में अपनी भागीदारी निभायेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकगण सुनीता कुमारी, प्रदीप सिंह, विनोद बाड़ा, प्रकाश, जॉन नितेश कुल्लू सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के मनीषा श्रीवास्तव और छात्र-छात्रों का महतवपूर्ण योगदान रहा।

## हिमाचल में कांग्रेस की जीत पर जिला कांग्रेस कमिटी में हर्ष

**गुमला (आजाद सिपाही)।** हिमाचल में कांग्रेस की जीत पर जिला कांग्रेस कमिटी ने हर्ष व्यक्त किया है। हिमाचल के कार्यकताओं को रमेश कुमार ने बधाई दी है। वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में काग्रेस की सरकार बनना तय है। राहुल एवं प्रियंका गांधी के नेतृत्व और मल्लिकार्जुन खगड़े के मेहनत का परिणाम है कि जनता का स्नेह इस स्तर पर मिला है। इससे कांग्रेसियों के बीच उत्साह और भी बढ़ा है। निश्चित 2024 के लोक सभा चुनाव में भी ऐसा ही रिजल्ट जनता काग्रेस के लिए तय करेगी। और केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी। बधाई देने वालों में अकील रहमान, रामनिवास प्रसाद, हेमावती देवी, कलावती देवी, हिमेश कुमार, मुरली मनोहर प्रसाद सहित अन्य कांग्रेसियों के नाम शामिल है।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस कर रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**गुमला (आजाद सिपाही)।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आगमन पर सुरक्षा को लेकर पुलिस काफी चाक चौबंद है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारीब ने सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी रूट लाइन तथा सभी जगह का भौतिक रूप से जायजा लिया गया। सुरक्षा के हर पहलुओं पर पुलिस अधीक्षक काफी बारीक नजर रख रहे हैं। जायजा लेने के दौरान सार्जेंट मेजर, पुलिस निरीक्षक गुमला तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## बाबा जिस आयु में चले गये ये उनके जानें का समय नहीं था: गीताश्री उरांव

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पंखराज साहिब स्वर्गीय कार्तिक उरांव की पुण्यतिथि पर उनकी पुत्री व झारखंड राज्य की शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव व नगर परिषद अध्यक्ष दीप नारायण उरांव उनके समाधि स्थल लीटाटोली पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय कार्तिक उरांव और स्वर्गीय सुमति उरांव की समाधि पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावनाओं का इजहार किया। इस अवसर पर गीताश्री उरांव ने कहा कि जिस आयु में बाबा स्वर्ग सिधार गए यह आयु उनके जाने की आयु नहीं थी। नम आंखों के साथ उन्होंने कहा कि अगर बाबा होते आदिवासियों की दिशा और दशा दोनों का कायाकल्प तेजी से होता। हमारा क्षेत्र विकास की राह पर रफ्तार से आगे निकल जाता।

# बीडीओ से लेकर अभियंता के नाम पर घूस वसूलता है फर्जी वेंडर: पीड़ित अनिल लोहरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** फर्जी वेंडर कांग्रेसी नेता कृष्णा लोहरा के द्वारा फर्जी बाउचर डालकर योजनाओं का पैसा अपने खाता में मंगाया जाता है। और उसी राशि से मैट्रियल का 45% राशि प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया पंचायत, सचिव, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, कनीय अभियंता और सहायक अभियंता और खुद के नाम पर कमीशन वसूल कर पहुंचाया जाता है। यह बात घाघरा प्रखंड के टांगर शिकवार गांव में तालाब के पास स्नान घाट निर्माण में चयनित लाभुक समिति के सचिव अनिल लोहरा ने यह आरोप लगाया है। अनिल ने बताया कि योजना को स्वीकृति पिछले वित्तीय वर्ष में मिला था। जिसके बाद से लाभुक समिति में तुलसी और अनिल लोहरा का अध्यक्ष एवं सचिव के पद पर चयन हुआ। निर्माण कार्य इन दोनों ही लोगों ने अपने खर्चे पर पूर्ण करा दिया लेकिन पैसा निकालने के लिये वाउचर का जरूरत था तो इन लोगों के द्वारा कृष्णा लोहरा से जीएसटी वाउचर मांगा। वाउचर की राशि 173600 रुपये जैसे ही कृष्णा लोहरा की खाता पर गई तो कृष्णा ने 66244 घूस काटकर शेष राशि 98407 लाभुक समिति के अध्यक्ष एवं सचिव को चेक के माध्यम से भुगतान कर दिया। पूरी राशि नहीं मिलने के कारण अब लाभुक समिति के अध्यक्ष तुलसी और सचिव अनिल काफी कर्जे में फंस चुके हैं। हर दिन मैट्रियल देने वाले




लोग तुलसी और अनिल पैसे की मांग को लेकर परेशान कर रहे हैं। जिससे वह दोनों काफी मानसिक दबाव में है। इस संबंध में कांग्रेसी नेता कृष्णा लोहरा से पूछे जाने पर उसने कहा कि मेरा मेट्रियल का जो राशि था, वह काट कर हमने दिया है। बाकी राशि मेरे खाता में नहीं आया है और ना ही लाभुक समिति के लोग हमसे पैसा मांगने आ रहे हैं।

### सिस्टम कमीशन से चलता है जहां जाना है जाओ : फर्जी भेंडर

आधा राशि मिलने के बाद जब तुलसी एवं अनिल कृष्णा के खाते में भुगतान हुए मैट्रियल के पूरा राशि मांगने के लिए कृष्णा लोहरा के पास पहुंचा तो कृष्णा लोहरा ने एक कागज में हिसाब बनाकर उसे थमा दिया। जिसमें घूस का प्रसेंटेज लिखा गया है की बीडीओ के नाम पर 3000 रुपया, मुखिया के नाम पर 5%, पंचायत सचिव के नाम पर 5%, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार के नाम पर 3000 रुपया, कनीय अभियंता के नाम पर 5% और सहायक अभियंता के नाम पर 3% राशि कमीशन लिख कर दिया। तुलसी ने कर्ज होने की बात कही तो उसने कहा कि हम ठेकेदार नहीं हैं तुम्हारा, पूरा सिस्टम घूस से चलता है तुम्हारा भी कटेगा।

### बड़े नेताओं से संपर्क का धौंस दिखा कर अधिकारियों से नजदीकी बनाता है

कांग्रेसी नेता कृष्णा लोहरा का प्रखंड कार्यालय में काफी दबदबा है। सरकार में ऊंचे कद के नेताओं से संपर्क होने का हवा बनाकर अधिकारियों के नजदीक बने कृष्णा को अधिकारी भी प्रश्रय देते हैं। पिछले एक महीना से लगातार योजनाओं में अनियमितता का शिकायत होने के बाद भी प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से अब इलाके के लोग भी तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं।

### उपायुक्त से विनती है कि पैसा दिला दीजिये

लाभुक समिति के अध्यक्ष एवं सचिव ने कहा है कि प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी से शिकायत करके हम लोग थक चुके हैं। अब उपायुक्त से ही विनती है कि हम दोनों ही काफी कर्ज में डूब चुके हैं। हमें राशि का अविलंब पूर्णरूपेण भुगतान कराया जाये। मटेरियल का पूरा राशि अगर उसे नहीं मिलता है तो वह कर्ज से उबरने के लिए पूरे परिवार के साथ दूसरे प्रदेश इटा भट्ठा में काम करने के लिए पलायन करेंगे।

### मामले की तहकीकात करेंगे, सत्य हुआ तो सख्त कार्रवाई करेंगे: बीडीओ

मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप से जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह बहुत ही गंभीर विषय है। योजनाओं में कमीशन खोरी बिल्कुल ही बरदाश्त योग्य नहीं है। अगर इस तरह से भेंडर कृष्णा लोहरा के द्वारा किया गया है तो निश्चित रूप से उस को नोटिस देकर हम लोग पूछताछ करेंगे। और मामले की जांच करेंगे जांच में सत्य पाया गया तो एफआइआर करायेंगे। लाभुक को पूरा पैसा वापस करायेंगे।



## गढ़वा से पलामू पहुंचे मुख्यमंत्री, किया गया स्वागत

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिले से पलामू पहुंचे गये हैं। पलामू के जिला बॉर्डर पर उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा एवं अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों की अगुआनी किया। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के साथ पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मंत्री मिथलेश ठाकुर,श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री श्री बादल भी हैं।

# मुख्यमंत्री जी बालू के बिना विकास असंभव : महापौर अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने मुख्यमंत्री जो आज जनता की पीड़ा को दूर करने के लिए पलामू प्रवास कर रहे है। उनसे अपील करते हुए कहा है कि माननीय मुख्यमंत्री जी बालू के अभाव में गत 6 माह से सारा प्रधानमंत्री आवास अधूरा पड़ा है जो कैंसिल के कगार पर पहुंच चुका है। लाभुक इस कड़ाके की ठंड में प्लास्टिक की झोपड़ी बनाकर सोने को मजबूर है। सिर्फ




निगम क्षेत्र की बात करें तो लगभग 4000 लाभुकों के आवास कैंसिल के कगार पर पहुंच चुका है। आश्चर्य इस बात का है कि एक तरफ प्रशासन बालू का उठाव बंद कर दिया दूसरी तरफ इन लाभुकों को समय पर आवास पूर्ण नहीं किए जाने के कारण बार-बार आवास कैंसिल करने की धमकी दे रहा है। बालू के अभाव में पूरे राज्य का विकास रुक गया है सारे निगम एवं ग्रामीण क्षेत्र के नली, गली, पीसीसी सड़कें जो संवेदको को एक समय सीमा के अंदर बनाना होता है सब बंद पड़े हैं। हजारों ट्रैक्टर जिन्हें बालू से रोजगार मिलता है सबके किस्त टूट चुके ,चालक बेरोजगार हो गए है। फाइनेंसर गाड़ी खींचने की धमकी दे रहा है। सारे बड़े-बड़े मॉल बिल्डिंग के काम बंद है जिससे लाखों मजदूर और कर्मी बेरोजगार हो गए है। अतः मैं आपसे विनम्र प्रार्थना करती हूं आप अपने विकास यात्रा के प्रारंभ में ही विकास के सबसे बड़े व्यवधान का समाधान करें ताकि राज्य के रुके विकास को गति मिल सके और साथी ही सभी प्रधानमंत्री आवास बनाने वाले लाभुकों को कम से कम 10/ 10 ट्रैक्टर बालू का परमिट देते हुए उठाव की व्यवस्था कराई जाए ताकि वह अपना आवास पूर्ण कर सके अन्यथा सारे सरकारी भवन जो खाली पड़े हैं या बड़ा बड़ा टेंट लगाकर उन्हें रहने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि वह इस ठंड के मौसम में मरने से बच सके।

## महिला कोच में यात्रा कर रहे डेढ़ दर्जन यात्रियों को आरपीएफ ने पकड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला आरपीएफ के नेतृत्व में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर स्टेशन परिसर व यात्री ट्रेनों में अवैध रूप से सफर करने वालो के विरुद्ध लगातार अभियान जारी है। इस क्रम में रेलवे सुरक्षा बल जपला के प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर मंगलवार व बुधवार को यात्री ट्रेन के महिला व दिव्यांग बोगी में अवैध रूप से सफर कर रहे यात्रियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसके तहत मंगलवार को 12 लोगों को महिला बोगी से तथा 2 लोगों को अवैध रूप से खाद्य पदार्थ बेचने वाले भेंडर को पकड़ा। वही बुधवार को 06 लोगों को महिला डब्बे से तथा 01 को दिव्यांग डब्बा में अवैध रूप से सफर करते पाए गए। पकड़े गए लोगो को माननीय रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी डाल्टनगंज के समक्ष पेश किया गया जहां उन सबों को माननीय मजिस्ट्रेट के द्वारा जुमार्ना लगाया गया। इस अभियान में रेलवे सुरक्षा बल थाना के उप निरीक्षक निशांत कुमार, सहायक उपनिरीक्षक नील रतन सिंह, हेड कांस्टेबल बी पी सिंह, कांस्टेबल विजय कुमार सिंह , शहाबुद्दीन अंसारी, कुंदन कुमार सिंह तथा अरक्षी संतोष कुमार शामिल रहे।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन का कहना है कि यात्री गाड़ियों में निर्धारित महिला डब्बे में अवैध रूप से यात्रा करने वाले पुरुषों की वजह से महिलाओं को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है जिसके मद्देनजर वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशानुसार ऐसे अभियान चलाए जा रहे हैं जो आगे भी जारी रहेगा।

## कर्नल कप टूर्नामेंट में मोहम्मदाबाद और पथरा ने जीत दर्ज किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल के कपूर्री मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 में गुरुवार को मोहम्मदाबाद बनाम बिलासपुर के बीच मैच खेला गया। दोनों टीमों के बीच बहुत ही रोमांचक मुकाबला देखने को मिला जिसमें मोहम्मदाबाद ने बिलासपुर को 2-0 से हराकर टूर्नामेंट में दूसरा जीत दर्ज किया। मोहम्मदाबाद के तरफ से अरमान और राकेश ने गोल किया। वही दूसरे मुकाबला में पथरा का सामना पतरिया से हुआ, जिसमें



पथरा की टीम ने पतरिया को 3-1 से हराया। मैच से पूर्व आज के मुख्य अतिथि समाजसेवी राज अली ने सभी खिलाड़ियों से मिलकर उत्साहवर्धन किया। क्लब के उपाध्यक्ष और पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन पासवान ने सभी खिलाड़ियों से अनुशासित ढंग से खेलने का आग्रह किया। मौके पर मैच के मुख्य अतिथि जाकिर अली उर्फ राज अली ने कहा कि हुसैनाबाद में यह टूर्नामेंट फुटबॉल को फिर से जीवित करने का काम कर रहा है आयोजन समिति के लोग धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रो में आज भी फुटबॉल सबसे लोकप्रिय खेल है। इस तरह के टूनामेंट से क्षेत्र के युवा खेलने के लिए प्रेरित होंगे साथ ही उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। मौके पर मनोज सिंह,लालधन ठाकुर, पूर्व फुटबॉलर मंसूर रैन, आलोक कुमार, मनोज शर्मा, चंचल सिंह, विजय राम, कमेंदर पासवान, उदय सिंह, रजनीश सिंह, रमाकांत रजक,अकरम खान समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित थे। आज का मैच बैंराव बनाम रानीदेवा तथा बेनी कलां बनाम काजीनगर के बीच खेला जाएगा।

## मजदूर की ट्रेन से गिर कर हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सरसोत पंचायत के टोला पांचूडीह निवासी सूर्यदेव राम के 39 वर्षीय पुत्र भीष्म नारायण राम की मौत बुधवार की सुबह चलती ट्रेन से गिरने से हो गई।जिसकी सूचना के बाद ग्रामीणों में सनसनी फैली हुई है। जानकारी के अनुसार मजदूर भीष्म नारायण राम सोमवार को अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन से दिक्षा भूमि सुपर एक्सप्रेस ट्रेन से महाराष्ट्र के कोल्हापुर के लिए पलायन किया था। इस दौरान कोल्हापुर रेलवे स्टेशन पहुंचने से 2, 3 घंटे पहले



सांगली जिले के कोठी महाकाल तथा मिरज जक्शन के बीच बुधवार की सुबह ट्रेन से गिरने की सूचना मिली है। हलाकि मृतक के साथ गांव के ही कई लोग उक्त ट्रेन से सफर कर रहे थे। एक दो घंटे बीतने के बाद लोगों ने खोजने का प्रयास किया पर वह नहीं मिला। घटना की जानकारी परिजनों को रेलवे पुलिस ने दी और कहा की भीष्म नारायण राम की मौत हो चुकी है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही परिजनों के साथ गांव में हाहाकार मच गया।ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के छोटा भाई सत्यनारायण राम कोल्हापुर में ही काम कर रहा था।सूचना के बाद सांगली पहुंच गया है और सांगली की पुलिस शव का पोस्टमार्टम कर बुधवार की रात दो बजे घर के लिए भेज दिया है।जिसके बाद शुक्रवार रात तक शव पहुंचने की उम्मीद है।वहीं घटना से उसकी पत्नी, दो बेटे और बूढे माँ व पिता का रो रो कर बुरा हाल है।

## हेमलता शास्त्री की विदाई समारोह के साथ संपन्न हुई भागवत कथा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रेड़मा ठाकुरबाडी. के प्रांगण में चल रही भागवत कथा के अंतिम दिवस में विदाई गीत के साथ सभी भक्तों ने प्रेम भाव से परम श्रद्धेय परम पूज्य अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता देवी हेमलता शास्त्री जी को विदाई दिया।हेमलता शास्त्री की विदाई एक बेटी व बहन स्वरुप करते समय पूरा माहौल भावमय हो गया। इस दौरान हेमलता शास्त्री भी भावविभोर हो गईं।कथा के अंतिम दिन शहर की मेयर अरुणा शंकर भी मंच पर मौजूद थी। इसके पूर्व कमेटी के द्वारा मेयर अरुणा शंकर को पगड़ी व शॉल ओढाक र सम्मानित किया गया वहीं मेयर ने हेमलता शास्त्री



का विदाई शॉल ओढाक र सम्मानित किया। उन्होने कमेटी के युवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि धर्म से युवाओं का जुड़ाव हमारी धर्म संस्कृति को आगे ले जाएगी।विदाई समारोह के बाद मेयर अरुणा शंकर ने भव्य आरती में भाग लिया। इसके पूर्व कमेटी के संरक्षक अजय तिवारी अकेला के द्वारा कमेटी के सभी सदस्यों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। वहीं कमेटी ने सभी पूर्व पदाधिकारियों को शॉल ओढाक र सम्मानित किया। इस दौरान समिति के सभी सदस्यों के द्वारा पूरे व्यवस्था में सक्रिय सफाई कर्मचारियों, टेंट हाउस, बिजली व साउंड व्यवस्थापकों तथा अन्य व्यवस्था से जूड़े सभी सदस्यों को सम्मानित किया गया। सात दिवसीय भागवत कथा के दौरान समिति के दिलीप तिवारी, प्रवीण तिवारी, संतोष तिवारी, अभिषेक तिवारी, कमल नयन तिवारी, मुकेश त्रिपाठी, विनित तिवारी, अपपू तिवारी, राकेश दूबे, राजन पांडेय,अजीत तिवारी प्रशांत तिवारी व अमित तिवारी सहित कई सदस्य ने सक्रिय योगदान देते हुए आयोजन को सफल बनाने में अहम योगदान दिया।

### उर्दू विद्यालय के मुद्दे पर मुख्यमंत्री से मिलेगा तंजीमुल अंसार कमेटी

## शिक्षा विभाग की मनमानी से जनता में असंतोष : अशफाक अहमद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय माली मुहल्ला स्थित तंजीमुल अंसार कमेटी के जिला कार्यालय में पलामू जिले में हटाये गये 49 उर्दू विद्यालयों का नाम पूर्व की भांति यथावत रखने के मुद्दे पर बैठक आहूत की गई। जिसमें तंजीम के पदाधिकारी एवं शहर के बुद्धिजीवी शामिल हुए। बैठक में तंजीम के अध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि तत्कालीन जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू के आदेश द्वारा जिले के 49 उर्दू विद्यालयों का नाम हटाकर सामान्य विद्यालय कर दिया गया है। हटाये गये सभी उर्दू विद्यालय सन-2010 के बहुत पहले से संचालित हैं। ऐसी स्थिति में यह आदेश किसी प्रकार से तर्क एवं न्यायसंगत प्रतीत नहीं होता है। उन्होंने कहा कि पलामू जिला के शिक्षा विभाग की इस मनमानी एवं पक्षपातपूर्ण कार्य शैली से जनता में काफी आक्रोश है जिसका प्रभाव समाज के एक विशेष समुदाय पर पड़ेगा। 9 दिसम्बर को माननीय मुख्यमंत्री का आगमन मेदिनीनगर में हो रहा है। इस मुद्दे को लेकर तंजीम माननीय मुख्यमंत्री से मिलकर पूरी वस्तुस्थिति से अवगत करायेगी एवं सम्बंधित पदाधिकारीयों पर कार्यवाई की मांग करेगी। तथा उर्दू विद्यालयों को पूर्व की भांति रखने की मांग करेगी। विदित हो कि पूर्व में तंजीम उपायुक्त एंव शिक्षा पदाधिकारी से कई बार इस विषय पर मिल चुकी है।झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव सन्नु सिद्दिकी ने कहा कि तंजीम द्वारा उर्दू विद्यालय के मामले पर उठाई गई माँगों पर हमारी पार्टी पूरा समर्थन करती है एवं मुख्यमंत्री के आगमन के क्रम में हम लोग मिलकर इस मुद्दे को उनके समक्ष रखेंगे और इस समस्या का निराकरण करायेगें। सभा का संचालन तंजीम के सचिव नसीम अहमद ने किया।अंत में उर्दू जगत के मशहूर कवि-साहित्यकार मिर्जा खलील बेग ताहिर के निधन पर तंजीम ने विनम्र श्रद्धांजलि दी। शोक संवेदना व्यक्त करते हुऐ मशहूर शायर एवं साहित्यकार डाक्टर मकबूल मंजर ने कहा कि मिर्जा खलील बेग उर्दू एंव हिन्दी के साहित्यकार थे एवं गंगा - जमुनी तहजीब के प्रतीक थे। इस मौके पर तंजीम के नायब सदर हाजी महबूब नूरी, मो.कलाम आजाद,तंजीम के प्रवक्ता मो. फैजुन्नबी उर्फ रजा, हाजी मोबिन अली, हाजी अमीन रहबर, रवायत हुसैन, मो. मुमताज, मो. यासीन, फय्याज अहमद, आफताब अहमद, यूसूफ अंसारी, समीर ज्या, मो.परवेज आलम, ताजुद्दिन अंसारी, हसन इमाम, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स



**एफआईएच महिला नेशंस कप की चुनौती के लिए तैयार है भारतीय महिला हॉकी टीम**

## फीफा विश्व कप: सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए क्रोएशिया और ब्राजील होंगे आमने-सामने

**अल रेयान।** फीफा विश्व कप 2022 के अंतिम 16 का दौर अब पूरा हो गया है, और अंतिम आठ टीमें अब सेमीफाइनल के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। फीफा विश्व कप 2022 में ब्राजील और क्रोएशिया की टीमें शुक्रवार को क्वार्टर--फाइनल में आमने सामने होंगी। यह केवल पाँचवीं बार और इस प्रतियोगिता के इतिहास में तीसरी बार होगा जब ये दोनों फुटबॉल देश एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। ब्राजील ने कोरिया पर 4-1 से शानदार जीत के साथ अंतिम आठ में जगह बनाई है। इस मैच में विनीसियस



जूनियर, नेमार, रिचर्लिसन और लुकास पैक्वेटा ने ब्राजील के लिए गोल किया, जबकि कोरिया के लिए एकमात्र गोल पाइक सेउंग-हो ने किया था। दूसरी तरफ क्रोएशिया ने अपने राउंड-ऑफ-16 मुकाबले में जापान को पेनल्टी शूट आउट में हराकर अंतिम 8 में जगह बनाई। दोनों टीमों के बीच तय समय तक मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा था। क्रोएशिया की जीत में गोलकीपर डॉमिनिक लिवाकोवी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और तीन गोल रोके। दोनों टीमों के बीच हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो क्रोएशिया के खिलाफ ब्राजील का पलड़ा भारी है। ब्राजील ने क्रोएशिया के खिलाफ अपने चार मैचों में से तीन में जीत हासिल की है, जिसमें 2005 में एक दोस्ताना मैच ड्रॉ रहा था। ब्राजील की तीन में से दो जीत विश्व कप में ही आई है, पहली जीत 2006 में और दूसरी 2014 में आई थी। क्रोएशिया को अगर 2022 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचना है तो उन्हें ब्राजील पर ऐतिहासिक पहली जीत दर्ज करने की जरूरत होगी।

## टेस्ट क्रिकेट में वापसी को लेकर अनिश्चित हैं जोस बटलर

**लंदन।** इंग्लैंड के सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर ने कहा है कि वह राष्ट्रीय टेस्ट टीम में अपनी वापसी को लेकर अनिश्चित हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि वह वर्तमान में एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने देश का नेतृत्व करने की चुनौतीपूर्ण भूमिका का आनंद ले रहे हैं। बटलर के नेतृत्व में इंग्लैंड ने पिछले महीने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर आईसीसी टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। 2014 में अपने पदार्पण के बाद से इंग्लैंड के लिए खेले गए 57 टेस्ट मैचों में बटलर ने दो शतक और 18 अर्द्धशतक के साथ 2,907 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज के दौरान अपनी सबसे हालिया टेस्ट मैच में, बटलर चौथे टेस्ट की दोनों पारियों में केवल 11 रन ही बना सके थे। लंबे प्रारूप में बेन स्टोक्स के नेतृत्व वाली इंग्लैंड की टीम में, बेन फोक्स ने इंग्लैंड के विकेटकीपर के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है। टेस्ट में अपनी वापसी पर, बटलर ने स्काई स्पोर्ट्स के हवाले से कहा, र्ईमानदारी से कहूं तो हम इंतजार करेंगे और देखेंगे, मैं फिलहाल इसको लेकर अनिश्चित हूं। उन्होंने कहा, इस समय मैं जो कर रहा हूं, मैं वास्तव में उसका लुत्फ उठा रहा हूं और सफेद गेंद वाली टीमों की कप्तानी करने का मौका मिलना एक बड़ी चुनौती है और वास्तव में सुखद है।

## न्यूजीलैंड से होनेवाला पहला मैच 27 जनवरी को रांची में

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीसीसीआइ ने मास्टर कार्ड होम सीरीज का शिडयूल जारी कर दिया है। इस मैच की मेजबानी जेएससीए को मिली है। चार महिनों में यह दूसरी बार है, जब जेएससीए में अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जायेगा। जारी शिड्यूल के अनुसार, अगले वर्ष यानी 2022 में जनवरी से मार्च तक श्रीलंका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से भारत का टी 20, एक दिवसीय और टेस्ट मैच होना है। न्यूजीलैंड से होने वाले टी 20 सीरीज का पहला मैच रांची के जेएससीए में खेला जायेगा। यह मुकाबला 27 जनवरी को है।

**रांची के जेएससीए स्टेडियम में हुए टी20 मुकाबले**

- 19 फरवरी 2016- श्रीलंका के खिलाफ, भारत 69 रन से जीता
- 7 अक्टूबर 2017- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, भारत 9 विकेट से जीता
- 19 नवंबर 2021- न्यूजीलैंड के खिलाफ, भारत 7 विकेट से जीता

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## 50 टन अवैध कोयला जब्त

झरिया (आजाद सिपाही)। तिसरा थाना क्षेत्र के साउथ गोलकडीह डीपो धौड़ा में गुरुवार को सीआइएसएफ व पुलिस ने संयुक्त छापामारी कर करीब 50 टन अवैध कोयला जब्त किया। साथ ही बांस की दो सीढ़ी भी बरामद की। जब्त कोयला को छह नंबर साइडिंग में पहुंचा दिया गया। बताते चलें कि इलाके में कोयला चोरी में एक सिंडिकेट लगा हुआ है। जिसके कहने पर लोग छह नंबर साइडिंग एवं आसपास की परियोजना से अवैध कोयला चोरी कर बस्ती में छिपाते हैं और रात के अंधेरे में ट्रक व छोटे वाहनों पर लादकर भट्ठों में पहुंचाया जाता है। छापामारी में तिसरा थाना प्रभारी अभिजीत कुमार, एसआई सुरेश कुमार और अखिलेश कुमार आदि शामिल थे।

## अपने ही घर में मृत मिला सीसीएलकर्मी

करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)। बेरमो थाना क्षेत्र के करगली बाजार शिव मंदिर समीप 45 वर्षीय प्रमोद कुमार साहू नामक सीसीएल कर्मी गुरुवार को अपने ही आवास में मृत अवस्था में पाया गया। वह सीसीएल ढोरी क्षेत्र के कल्याणी परियोजना में हेल्पर के रूप में कार्यरत था। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### खुशी का इजहार : भाजपाइयों ने मनाया गुजरात में मिली प्रचंड जीत का जश्न

# गुजरात की जनता ने फिर से भाजपा पर भरोसा कर दिलायी ऐतिहासिक जीत : बिरंची नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** गुजरात चुनाव की ऐतिहासिक जीत की खुशी में बोकारो विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक बिरंची नारायण के कार्यालय में विजयी उत्सव मनाया। विधायक ने कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई। उन्होंने कहा कि सुबह से गुजरात विधानसभा चुनाव के रुझान में भाजपा एक तरफा जीत की ओर बढ़ती जा रही थी। गुजरात में कुल 182 विधानसभा सीट है जहां बहुमत के लिए 92 सीट की जरूरत है। दो तिहाई से अधिक सीटों पर जीत दर्ज कर भाजपा ने इतिहास रच दिया है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ता जमकर जश्न मना रहे हैं। भाजपा पिछले 27 साल से गुजरात पर राज कर रही है। वहीं उत्साह मनाने वालों में जिला महामंत्री संजय त्यागी, लीला देवी, माथुर मंडल, महेंद्र राय, पन्ना लाल कनदू, अनिल सिंह, इंद्र झा, रजीत वरणवाल, जितेंद्र गोस्वामी, अविनाश झा, राजीव मालाकार, भोला साव, पवन कुमार, अमित कुमार, झंटू डे, वर्षा चौधरी, उषा, सुनिता प्रसाद, मजित सिंह, कनक कुमार, गोलू उपाध्याय और अनिल महतो आदि उपस्थित थे।


बोकारो विधायक बिरंची नारायण के कार्यालय में जीत का जश्न मनाते भाजपाई।

## बोकारो में मनी होली-दिवाली, बंटी मिठाइयां



बोकारो थर्मल (आजाद सिपाही)। गुजरात विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत की खुशी में बोकारो थर्मल में होली व दिपावली का जश्न एकसाथ मनाया गया। बोकारो जिला भाजपा के अध्यक्ष भरत यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जनता का अटूट विश्वास, गृह मंत्री अमीत शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जीपी नड्डा की कुशल रणनीति, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल का जनता के प्रति समर्पण व संगठन की कुशल चुनाव प्रबंधन के कारण ऐतिहासिक जीत मिली है। गुजरात की जनता ने फिर से मोदी जी के विकास मॉडल, कुशल प्रशासन का समर्थन किया है। इस मौके पर संजय प्रसाद, श्रवण सिंह, विश्वनाथ यादव, भैरव महतो, कुमार प्रमोद, सीमा देवी, शिवकुमार राम, रामपुकार राम, विरेश सहानी, दिलीप राम, रंजीत राम आदि थे।

## सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने लोकसभा में उठायी दुग्धा-महुदा कोल वाशरी चालू करने की मांग




आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने गुरुवार को लोकसभा के शीतकालीन सत्र में नियम 377 के अधीन सूचना देते हुए कोयला मंत्री से बीसीसीएल के पश्चिमी वाशरी जोन के दुग्धा एवं महुदा कोल वाशरी को सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाने की मांग की है। उन्होंने कोयला मंत्री को इस बात से अवगत कराया है कि कोल इंडिया लिमिटेड में बीसीसीएल के पश्चिमी वाशरी जोन (वाशरी डिवीजन) क्षेत्र अंतर्गत दुग्धा कोल वाशरी और महुदा कोल वाशरी(रॉ) कोयला के अभाव में वर्षों से बंद है। इन दोनों कोल वाशरी का आधारभूत ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) मुनिडीह कोल वाशरी की तरह काफी मजबूत है। यदि इन दोनों वाशरी को भी नियमित रूप से (रॉ) कोयला उपलब्ध कराया जाए तो गुणात्मक लाभ मिलेगा और स्थानीय को रोजगार भी मिलेगा। इस दृष्टिकोण से राष्ट्रहित, उद्योग हित एवं मजदूर हित में इसका चालू किया जाना श्रेयस्कर रहेगा।

## डीवीसी बीटीपीएस मंत्रालय पुरस्कार से चौथी बार सम्मानित



बोकारो थर्मल (आजाद सिपाही)। पूर्व और पूर्वोत्तर क्षेत्रों (13 राज्यों) के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में दामोदर घाटी निगम, बोकारो ताप विद्युत केंद्र व बोकारो थर्मल को द्वितीय राजभाषा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सीएसआइआर-खनिज एवं पदार्थ प्रौद्योगिकी संस्थान, भुवनेश्वर, ओडिशा में केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग की ओर से आयोजित समारोह के अध्यक्ष केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने डीवीसी, बीटीपीएस के प्रधान मुख्य अभियंता एवं परियोजना प्रमुख सुशांत सन्निग्रही को राजभाषा शील्ड और आलोच्य अवधि के राजभाषा अधिकारी इस्माईल मियां को राजभाषा प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। मौके पर संसदीय राजभाषा समिति के उपाध्यक्ष भर्तृहरि महताब व संयुक्त सचिव (राजभाषा) डॉ मीनाक्षी जौली भी मौजूद थे। भारत सरकार के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व क्षेत्र) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत 'क' क्षेत्र (बिहार, झारखंड व अंडमान निकोबार द्वीप समूह) में राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2020-21 के लिए बीटीपीएस को उक्त मंत्रालय पुरस्कार से नवाजा गया है। इसके पहले तीन बार यथा- वर्ष 2016-17, 2018-19 व 2019-20 में भी बीटीपीएस परियोजना पुरस्कृत हो चुकी है।

## जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज ने आठ पंचायतों के लिए अपने प्रतिनिधियों का किया मनोनयन

गोमिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत जिला परिषद क्षेत्र संख्या 2 में गोमिया बैंक मोड़ के स्थित गायत्री गेस्ट हाउस में जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज द्वारा परिषद् प्रतिनिधि अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ सुरेंद्र राज व संचालन रोहित यादव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पत्रकार राकेश वर्मा व गोमिया प्रखंड प्रमुख प्रमिला चौड़े, उपप्रमुख अनिल महतो ने संयुक्त रूप से किया। पंचायतों के सर्वांगीण विकास एवं जन समस्याओं के त्वरित निदान के लिए क्षेत्र के प्रत्येक पंचायतों में परिषद प्रतिनिधि का मनोनयन किया गया। बतातें चले कि जिप परिषद क्षेत्र भाग दो के अंतर्गत 8 पंचायत पलिहारी गुरूडीह, गोमिया, सियारी, ससबेड़ा पूर्वी, ससबेड़ा पश्चिमी, खम्हरा,तिलैया और पचमो से एक महिला एवं एक पुरूष को पंचायत स्तरीय प्रतिनिधि के रूप में मनोनयन किया गया। इसके अलावा 8 पंचायतों के सभी महत्वपूर्ण विभागों की देख रेख के लिए एक-एक प्रतिनिधि का भी चयन किया गया। जिसमें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के लिए द्वारिका रवानी, बिजली विभाग के लिए पिंटू पासवान, जन वितरण प्रणाली के लिए सुमंत जायसवाल, खेलकूद के लिए ओमप्रकाश शर्मा, महिला कल्याण शीला रानी, कुंती देवी, प्रखंड प्रशासन से संबंधित कार्य के लिए गंदौरी राम, पुलिस प्रशासन से संबंधित कार्यों के लिए चंदन पासवान, शिक्षा विभाग के लिए मदन यादव एवं.स्वास्थ्य विभाग रोहित यादव का नाम शामिल है।

# गुजरात में प्रचंड जीत पर भाजपायी और हिमाचल में जीत पर कांग्रेसी खुश से झूमे

दोनों पार्टी के नेताओं ने रणधीर वर्मा चौक पर अलग-अलग मनाया जीत का जश्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आने के बाद धनबाद में भाजपाई और कांग्रेसियों ने अलग-अलग जीत का जश्न मनाया। नेताओं-कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर व पटाखे फोड़ खुशी का इजहार किया।





### ऐतिहासिक जीत ने भाजपा को दिखाया आइना : संतोष

जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में रणधीर वर्मा चौक पर मिठाई बांटकर व पटाखा फोड़कर जीत का जश्न मनाया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को ऐतिहासिक जीत दिलाकर 2024 के पहले भाजपा को आइना दिखाया है। लोग केंद्र सरकार के झूठ, फरेब और जन विरोधी नीतियों से त्रस्त हैं। पूरा देश महंगाई, बेरोजगारी एवं आर्थिक संकटों से जूझ रहा है। आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पूरे देश में जीत का परचम लहराएगी। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, अशोक सिंह, योगेंद्र सिंह योगी, नवनीत नीरज, मंटू दास, राजू दास, हुमायूं रजा, पप्पू तिवारी, बबलू दास और कामता पासवान आदि उपस्थित थे।

### 27 साल बाद भी गुजरात की जनता को नरेंद्र मोदी पर ही भरोसा : रागिनी सिंह

गुजरात विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड बहुमत की जीत के बाद भाजपाईयों ने रणधीर वर्मा चौक पर जमकर जश्न मनाया। पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को बधाई दी। महानगर जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह ने कहा कि ये पीएम नरेंद्र मोदी की नितियों और विकास की जीत है। वहीं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि गुजरात की जनता का 27 साल बाद भी नरेंद्र मोदी जी पर ही भरोसा है। जनता का विश्वास मोदी जी के विकास का पैमाना है। मौके पर रमेश राही, सत्येंद्र कुमार, नितिन भट्ट, श्रवण राय,संजय झा, मानस प्रसुन,मिल्टन पार्थ सारथी, चंद्र शेखर मुन्ना, अमलेश सिंह,रुपेश सिन्हा,निर्मल प्रधान,बबलू फरिदी, बंटी सहित कई लोग मौजूद थे।

### झरिया में कांग्रेसियों ने मनाया जीत का जश्न

झरिया नगर कांग्रेस के अध्यक्ष रत्नेश यादव के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को मिली जीत पर खुशी का इजहार करते हुए झरिया नगर धर्मशाला रोड स्थित पार्टी कार्यालय के सामने पटाखे फोड़े और मिठाई बांटी कर जश्न मनाया। मौके पर अशोक मालाकार आदि थे।


**कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद**

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/ 05/2022-23 Date – 07-12-2022

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Interim Solution for containment & treatment of faecal sludge at Jhumri Telaiya Nagar Parishad. | 2006306.00 | 40200.00 | 5000.00 | 90 दिन |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 17.12.2022 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 24.12.2022 अपराहन 5.00 बजे।
4. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि : 26.12.2022 अपराहन 4.00 बजे। नगर परिषद झुमरी तिलैया
5 निविदा खोलने की तिथि : 26.12.2022 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9693145111, 9798062988
7. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।

नोट :– केवल ई–निविदा ही मान्य होगा।
विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
झुमरीतिलैया, नगर परिषद

PR284599 (Urban Development)22-23*D



**कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा**

–: आम सूचना :–

नगर पंचायत कोडरमा अन्तर्गत सभी नगर वासियों को सूचित किया जाता है कि चालू वित्तीय वर्ष 2022–23 से होल्डिंग टैक्स की वसूली सर्किल रेट के आधार पर होगा। झारखण्ड संपत्ति कर नियमावली 2022 के अनुसार नगर निकाय में 01 अप्रैल 2022 से संपत्ति कर की वसूली लागू कर दिया गया है। नई व्यवस्था में महिलाएं/वरिष्ठ नागरिक/ट्रांसजेंडर/दिव्यांग व सेना में कार्यरत कर्मियों के स्वामित्व वाली संपत्तियों के टैक्स में 5% की छूट दिए जाने का प्रावधान है। लागू सर्किल रेट के आधार पर आवासीय संपत्ति के लिए संपत्ति कर सर्किल रेट का 0.075% लगेगा, वही व्यवसायिक संपत्ति के लिए संपत्ति कर सर्किल रेट का 0.15% लगेगा। साथ ही साथ लागू की गई नियमावलीओं से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय में कार्यरत Ritika Printech Pvt. Ltd. के Tax Collector विकास कुमार एवं तिलक कुमार मोबाईल नम्बर 7903944863 से सम्पर्क कर जानकारी ले सकेंगे।

कोडरमा नगर पंचायत के नगर वासियों से अपील किया जाता है कि आप टैक्स संबंधी नगर क्षेत्रों में भ्रामक बातों से बचे तथा अपना टैक्स स–समय भुगतान करें स–समय होल्डिंग टैक्स जमा नहीं करने पर ब्याज एवं पेनाल्टी के साथ टैक्स लगेगा तथा जो व्यक्ति अब तक अपना गैर आवासीय एवं आवासीय भवन का SAF नही कराए हैं वे अविलम्ब करा लें, अन्यथा जाँचोंपरान्त पकड़े जाने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए ब्याज एवं पेनल्टी के साथ कर वसूली की जाएगी।

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत कोडरमा

PR 284587 Urban Development(22-23)#D



**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला**

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
द्वितीय आमंत्रण

निविदा आमंत्रण सूचना सं0 - DWSD/Gumla/Raidih/14/2022-23 दिनांक–08.12.2022
पूर्व का PR No. 279717

| | |
|---|---|
| 1 | कार्य का नाम :– Detailed survey, designing and drawing, Construction of5.50 MLD capacity Water Treatment Plant,Sump4.00 Lakh Litre capacity,Intake Well cum Pump House, 140 Mtr. Long & 3.00 Mtr. Wide Gangway, **Zone –01 ESR**5.90 Lakh Litre capacity with 20 M staging, **Zone – 02 ESR** 5.00 Lakh Litre capacity with 07 M staging, **Zone – 03 ESR**2.80 Lakh Litre capacity with20 M staging,Infiltration gallery,Staff Quarter- 1 Units, Compound wall, Supplying and laying Raw ,Clear Water rising mainand Distribution Network,Approach road ,NHCrossing, Pum p House, Coffer dam, House Connection,SupplyingandInstallationof Vertical turbine & Centrifugal pump motor, and Five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for **Raidih Block Full Coverage Rural Water Supply Scheme,Under DW&S Division Gumla on turnkey basis." Head- JJM** 2022-23 |
| 2 | प्राक्कलित राशि :– 7322.99 लाख रूपये |
| 3 | अग्रधन की राशि :– 73.24 लाख रूपये |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि :– 21 Months + 3 months for Trial Run for Rectification of defects etc. |
| 5 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 12.12.2022, 04.00 बजे अपराहन तक। |
| 6 | प्री बीड मीटिंग की तिथि :– 15.12.2022, 01 .00 अपराहन में अभियन्ता प्रमुख, का कार्यालय, नेपाल हाउस, राँची |
| 7 | बीड प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– 22.12.2022, 5.00 बजे अपराहन तक। |
| 8 | बैंक गारंटी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की अन्तिम तिथि, समय एवं स्थान :– 23.12.2022, 5.00 बजे अपराहन तक, (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला के कार्यालय में (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल गुमला के कार्यालय में (3) क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रक्षेत्र राँची के कार्यालय में |
| 9 | निविदा के तकनीकी बीडों के खोलने की तिथि एवं समय :– 24.12.2022, 12.00 बजे अपराहन से |
| 10 | निविदा के वित्तीय बीडों के खोलने की तिथि :–बाद में सूचित किया जाएगा |
| 11 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी एवं कार्यालय का पता :–कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला। |
| 12 | प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नं0 06524–223058 |
| 13 | ई प्रोक्ययोरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 7488491963 |

नोट :– वैसे संवेदक जो पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित नहीं हैं, वे भी निविदा में भाग ले सकते हैं परन्तु कार्यावंटन के 60 दिनों के अन्दर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधन करवा लेना अनिवार्य होगा। ऐसी स्थिति में उन्हें विभागीय पत्रांक 676(CDO) दिनांक 20.10.2012 के अनुसार इस आशय का शपथ–पत्र देना अनिवार्य होगा कि राज्यान्तर्गत किसी भी थाने में उनके विरूद्ध कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं है और वे निविदा के अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं। प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

PR.NO.284581 Drinking Water and Sanitation(22-23):D


### नाराजगी : झारखंड कुशवाहा महासभा ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी का पुतला फूंका

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चयन में कुशवाहा समाज को नजरंदाज करना बर्दाश्त नहीं : लालबाबू

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड कुशवाहा महासभा की धनबाद इकाई ने जिलाध्यक्ष लालबाबू सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे का पुतला दहन किया। लालबाबू सिंह ने कहा कि कांग्रेस द्वारा पूरे झारखंड में नए जिलाध्यक्ष की घोषणा की गई है, लेकिन एक भी कुशवाहा जाति से नहीं है। जबकि पिछले समय में धनबाद, गिरिडीह और हजारीबाग जिला में अध्यक्ष बनाया गया था। झारखंड में कुशवाहा की 12 फीसदी आबादी है, लेकिन कांग्रेस कुशवाहा को नजर अंदाज कर रही है। कांग्रेज प्रभारी और प्रदेशाध्यक्ष जातिवाद को बढ़ावा दे रहे है। राहुल गांधी भारत जोड़ने निकले है लेकिन ये लोग कांग्रेस को तोड़ने में जुटे है। आने वाले समय में कुशवाहा समाज कांग्रेस को आइना दिखाएगा। कुशवाहा महासभा के नेता दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से समय मांगा है। बहुत जल्द मिलकर झारखंड में कुशवाहा जाति को नजरअंदाज किये जाने का विरोध दर्ज कराएगी। अगर कांग्रेस नेतृत्व इस पर गंभीरता से पुनर्विचार नही करती है तो कुशवाहा महासभा चुनाव में कांग्रेस के खिलाफ प्रचार प्रसार करेगी। धनबाद विधानसभा में 30 हजार से ज्यादा और धनबाद जिला में लगभग एक लाख 29 हजार से वोट कुशवाहा जाति के है। जिसकी जितनी भागीदारी है उसकी उतनी हिस्सेदारी भी सुनिश्चित होनी चाहिए। अन्यथा चुप नहीं बैठेंगे।


कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष का पुतला दहन करते कुशवाहा समाज के लोग।

### फॉरवर्ड-बैकवर्ड का कार्ड खेला गया : संतोष

जिला प्रवक्ता संतोष कुशवाहा ने कहा कि राजेश ठाकुर व अविनाश पांडये ने कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र वर्मा को जिला अध्यक्ष नहीं बना कर ओबीसी के साथ अन्याय किया है। जिसे हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। पुतला दहन तो शुरूआत है। अगर आलाकमान अपना फैसला नहीं बदलता है तो आगे आंदोलन और तेज होगा। रवींद्र वर्मा कार्यकारी अध्यक्ष रहते कांग्रेस के लिए धनबाद में काफी कुछ किये और जब हक देने की बारी आई तो फॉरवर्ड और बैकवर्ड का कार्ड खेल दिया। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। ओबीसी भी अपने हक के लिए आंदोलन करेंगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष लालबाबू सिंह, शिवदत्त सिंह, रामप्रवेश प्रसाद, डॉक्टर बालेश्वर कुशवाहा, रामचंद्र सिंह, जितेंद्र प्रसाद, मुन्ना कुशवाहा, रामजी कुशवाहा, इंद्र भूषण कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, इंद्रजीत कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, अमनजीत सिंह, सचिन वर्मा, हरेंद्र वर्मा, संदीप कुमार कक्कू, अवधेश सिंह, हरेराम प्रसाद, विकास कुशवाहा, आदित्य कुशवाहा, सत्येंद्र मंडल, सत्येंद्र प्रसाद, अवध किशोर सिंह, महेश प्रसाद, जगलाल कुशवाहा, दीपक सिंह, प्रभुनाथ प्रसाद, मोहन प्रसाद, हरिकिशोर सिंह, अमर प्रसाद, मुकेश वर्मा, सुनील प्रसाद, मुन्ना प्रसाद, अभिषेक सिंह और विवेक सिंह आदि उपस्थित थे।

## पद्मपुर उपचुनाव की मतगणना

# बीजेडी की वर्षा सिंह 42,679 मतों से जीतीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीइओ) सुशील कुमार लोहानी ने गुरुवार को पद्मपुर उपचुनाव की मतगणना समाप्त होने के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीइओ) द्वारा घोषित अंतिम परिणामों के अनुसार बीजू जनता दल (बीजेडी) के वर्षा सिंह बरिहा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के प्रदीप पुरोहित को 42,679 मतों के अंतर से हराया।

### मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने वर्षा सिंह बरिहा को दी बधाई



पद्मपूर उपचुनाव सीट से बीजेडी प्रत्याशी वर्षा सिंह बरिहा ने भारी मतों से जीत हासिल की है। इस खबर के बाद बीजू जनता दल के अध्यक्ष तथा मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने उन्हें बधाई दी है। उन्होंने फोन पर वर्षा से बात की और उन्हें शुभकामनाएं भी दीं।

बीजू जनता दल (बीजेडी) के वर्षा सिंह बरिहा को जहां 1,20,807 वोट मिले, वहीं भाजपा के प्रदीप पुरोहित को 78,128 वोट मिले। लोहानी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सत्य भूषण साहू को 3,594 वोट मिले। मतगणना पूरी होने के बाद यह अंतिम आंकड़ा है। इसमें 300 पोस्टल मतपत्र शामिल हैं, जिनमें से 48 को खारिज कर दिया गया और 252 को गिने जाने के लिए वैध पाया गया।

## झारसुगुड़ा-संबलपुर-झारसुगुड़ा मेमू रेंगाली और संबलपुर के बीच रद्द रहेगी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** 08169/08170 झारसुगुड़ा-संबलपुर-झारसुगुड़ा मेमू दोनों दिशाओं से 14, 16, 18, 20, 23 और 25 दिसंबर, 2022 को झारसुगुड़ा और रेंगाली के बीच चलेगी और दोनों तरफ से रेंगाली और संबलपुर के बीच रद्द रहेगी। सरला-शासन-रेंगाली स्टेशनों के बीच तत्काल ट्रैक रख-रखाव कार्य जैसे सुरक्षा संबंधी कार्यों के लिए निर्णय लिया गया है।

## रैगिंग के आरोप में सात छात्र निलंबित

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ब्रह्मपुर देश और राज्य के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में रैगिंग जैसी आपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इस रैगिंग के लिए पहले कई छात्रों की जान चली गयी थी। अब ऐसी ही घटना देखने को मिली है। रैगिंग करने वाले छात्रों के खिलाफ कॉलेज प्रशासन ने कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार ब्रह्मपुर खलीकोट हायर सेकेंडरी स्कूल में रैगिंग के आरोप में सात छात्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गयी है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-ऑक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.IREPS.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार हैं: **(1) ई-नीलामी सूची:** पार्किंग, **ई-नीलामी सूची सं.:** एयूसी पार्क-14, **ई-नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 23.12.2022, 12:00 बजे से, **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम:** (i) कोडरमा टाउन स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड। (ii) सिंदरी टाउन स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड। (iii) हजारीबाग टाउन स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड। **(2) ई-नीलामी सूची:** पार्किंग, **ई-नीलामी सूची सं.:** एयूसी पार्क-15, **ई-नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 26.12.2022, 11:00 बजे से, **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम:** हजारीबाग रोड स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड। **(3) ई-नीलामी सूची:** पे एंड यूज शौचालय, **ई-नीलामी सूची सं.:** पीएनयू-11-22, **ई-नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 22.12.2022, 12:00 बजे से, **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम:** धनबाद स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया (आरक्षण कार्यालय के सामने) में प्री-फैब्रिकेटेड शौचालय का संचालन एवं रखरखाव 03 वर्षों के लिए। **(4) ई-नीलामी सूची:** पार्सल, **ई-नीलामी सूची सं.:** लीज-12-22, **ई-नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण:** 27.12.2022, 14:00 बजे से, **कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम:** (i) ट्रेन सं. 13351 धनबाद से अलप्पुझा तक 3.9 टन का आर एस एल आर-1 कम्पार्टमेंट, (ii) ट्रेन सं. 13307 धनबाद से फिरोजपुर तक 3.9 टन का आर एस एल आर-1 कम्पार्टमेंट, (iii) ट्रेन सं. 13307/13308 धनबाद से फिरोजपुर तक 24 टन का पार्सल वैन राउंड ट्रिप आधार पर, (iv) ट्रेन सं. 13331 धनबाद से पटना तक 3.9 टन एफ एस एल आर-1 कम्पार्टमेंट, (v) ट्रेन सं. 13329 धनबाद से पटना तक 3.9 टन एफ एस एल आर-1 कम्पार्टमेंट, सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्व विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई.नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद

पीआर/01650/डीएचएन/सीओएमएल/एन/22-23/68

समस्या है तो.... समाधान भी है
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न, गोल्ड मेडलिस्ट, एम.ए. (ज्योति विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (Ph.D) रांची विश्वविद्यालय, रांची
8210075897, 9031249105
विवाह, व्यापार, परिवार, करियर आदि ऊपरी बाधा संबंधी किसी भी समस्या से परेशान हैं तो शीघ्र समाधान के लिए संपर्क करें।
प्रधान कार्यालय - कृष्णा ज्वेलर्स सोनार गली, ऊपर बाजार, रांची
आवास- आचार्यकुलम बहाबीर नगर, अरगोड़ा, रांची

M.Sc. Nursing 2 Years
FLORENCE Group Of Institutions
A Unit Haji Abdur Razzaque Educational Society
Direct Admission Open - 2023-24
PARAMEDICAL
◆ DMLT/ECG/X-RAY
◆ DRESSERS
◆ OPHTHALMIC ASST.
◆ OT ASSISTANT
Courses Offered: GNM ANM, B.SC. Nursing, Post Basic B.Sc. Nursing, M.Sc. Nursing
Mob. No. : 9031231082, 6205145470, 9334645053
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
fsnirba@gmail.com
www.florencinstirba.com

## गले में फंसी मुर्गे की हड्डी को निकालने में सफल रहे समम के सर्जन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** सम अल्टीमेट मेडिकेयर के सर्जन ने 7 दिन से एक शख्स की खाने की नली में फंसी मुर्गे की हड्डी को निकालने में सफलता हासिल की है. सर्जिकल टीम का नेतृत्व करने वाले समम के सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के सलाहकार डॉ. सत्यप्रकाश राय चौधरी ने कहा कि यह उनके लिए एक बहुत ही बिरल और जोखिम भरी प्रक्रिया थी। क्योंकि हड्डी मरीज की खाने की नली और छाती के साइड में फंसी हुई थी और उसे एंडोस्कोपी से निकालना संभव नहीं था। उन्होंने एंडोस्कोपी के साथ प्रयास किया लेकिन असफल रहे इसलिए सर्जरी का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि यह सर्जरी बहुत ही अविनब और जोखिम भरी थी। क्योंकि यह छाती के बीच में और श्वासनली के ठीक नीचे फंस गया था।

डॉ राय चौधरी, डॉ सुमित एस. महांती ने जहां एंडोस्कोपी प्रक्रिया में सहायता की, वहीं गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के सलाहकार डॉक्टर अयसकांत सिंह ने सहायता की। इस सर्जरी में एनेस्थीसिया विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. दीपंकर पढ़िआरी और उनकी टीम ने सहयोग किया। डॉ. सिंह ने कहा कि रोगी के खाद्य नली से चिकन की हड्डी को अस्त्रपचार से हटाने के बाद एंडोस्कोपी की गई। सर्जरी के बाद मुर्गे की हड्डी के कारण खाने की नली में हुए घाव को तेज से सूखने के लिए एनजी ट्यूब के जरिए उसका इलाज किया गया। एक क्षताक्त खाद्य नली में एंडोस्कोपी बहुत जोखिम भरा था और इसे बहुत सावधानी से किया गया था। ऐसे मामलों में एंडोस्कोपी मुंह के बजाय नाक से की जाती है, डॉ. सिंह ने कहा।

डॉ. चौधरी ने कहा कि समम पहुंचने के बाद, उनकी हालत गंभीर होने के कारण, उनके तत्काल ऑपरेशन के लिए निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि मुर्गे की हड्डी को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया है और सर्जरी के बाद उनकी भोजन नली भी पूरी तरह से ठीक है। डॉ. रायचौधरी ने कहा कि सर्जरी के बाद मरीज ठीक हो रहा है और उसे जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल जायेगी।

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
No.: 3430699
Opp.: P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. : 98359 36571, 94311 06503, 83405 81301

ट्रेड फ्रेण्ड्स
एनएच-33 (चकला ओरमांझी) BMW शोरूम के नजदीक, रांची
मो. : 9204951600
गोंदा टाउन, कांके रोड, रिलायंस मार्ट, रांची
मो. : 7360027795
मुर्गा छाप
कोरोनेशन छाप
लगन के रंग-बिरंगे पटाखों का विशाल संग्रह
40 वर्षों का विश्वास
खुशियां पटाखों से पटाखे हमसे....

## तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी में चक्रवाती तूफान मैंडूस

- 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी हवा, तीन दिन तक भारी बारिश का अलर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** उत्तर भारत के राज्यों में जहां सर्दी बढ़ती जा रही है, वहीं दक्षिण में बारिश का दौर अब भी जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक साउथ इंडिया में बने गहरे दबाव के कारण चक्रवाती तूफान मैंडूस की आशंका है। इसका असर दक्षिणी क्षेत्रों में दिखेगा। आठ से 11 दिसंबर तक पुडुचेरी, उत्तर तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के तट प्रभावित होंगे।

इन क्षेत्रों के लिए अलर्ट जारी कर दिया गया है। वहीं 9 दिसंबर को 70 किमी प्रति घंटे की तेज हवाओं के साथ अगले तीन दिनों तक भारी बारिश की भी आशंका है। बुधवार को भी बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और इससे सटे दक्षिण-पूर्व के ऊपर डीप डिप्रेशन बना। तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश के कुछ इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है। 10 दिसंबर को इन क्षेत्रों में दोपहर तक तेज हवाओं की रफ्तार घटकर 50-60 किमी प्रति घंटे तक हो जायेगी।

## ओएएस-2021 प्रीलिम परीक्षा परिणाम घोषित

**भुवनेश्वर।** ओएएस-2021 प्रीलिम्स परीक्षा का रिजल्ट आज घोषित कर दिया गया. प्रीलिम्स परीक्षा में कुल 5296 उम्मीदवार सफल हुए। परीक्षा के लिए कुल 29,295 उम्मीदवार उपस्थित हुए थे। ओएएस परीक्षा अब उड़िआ भाषा में आयोजित की जायेगी। उम्मीदवार उत्तर को ओर्डिआ भाषा में लिख सकते हैं। परीक्षा में अंग्रेजी भाषा अनिवार्य नहीं है। ओएएस परीक्षा ओडिआ भाषा में प्रिलिम, मेन और साक्षात्कार होगी। प्रश्नावली के प्रश्न उड़िआ और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होंगे। उम्मीदवार अंग्रेजी के बजाय उड़िआ भाषा में लिख सकते हैं।

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S M TOY & School Fnrnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School, Playgrond, Playschool Park, Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

DADI PLASTIC & KITCHENWARE
Home & Kitchen
Deals in : Specially in Plastic & Cleaning
(WHOLESALE & RETAIL)
MILTON cello BRW ARISTO TECHNO DEEPAK PARAS CUBO
North Market Road, Upper Bazar, Ranchi - 834001 (Jharkhand) Mob. : 9693000799, 7979703432

Rinleu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS ZOOM PAiSTe TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZAKHASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
UNIVERSITY FLY
Call Now ! +91-7903149721
www.universityfly.com

रत्न विक्रेता — जय माता दी — रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

हमसे सस्ता, हमसे अच्छा कहीं नहीं
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
TRAKSTAR DLX
TRACTOR JO BADAL DE LIFE KA TRACX
पेश है ट्रैक्स्टार DLX.
ट्रैक्स्टार जो बदल दे आपकी लाइफ का ट्रैक!
दमदार इंजन | लग्जरी डिजाइन | एक्स्ट्रा परफॉर्मेंस
TRAKSTAR
NH-33, Near : DPS, Neori Vikash, Ranchi-825217,
Mob. : 9508202987, 9430881502, rajsasha23gmail.com
Authorised Dealer : M/S ARYA ENTERPRISES

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT
Class - VIII
Class VIII Today (Combined) ₹ 250
Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
Mathematics Practical ₹ 60
Science Practical ₹ 60
S. Science Practical ₹ 60
Hindi Vyakaran– I ₹ 60
English Grammar– I ₹ 60
Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
Classes VI & VII
Class VII Today (Combined) ₹ 240
Class VI Today (Combined) ₹ 240
Hindi Vyakaran– I ₹ 60
English Grammar– I ₹ 60
Sanskrit Vyakaran– I ₹ 50
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**